जबलपुर

शनिवार, 29 जून 2024

- आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-8
- वर्ष : 19, अंक : 60
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## अमरनाथ यात्रा शुरू, रक्षाबंधन तक बफार्नी बाबा के होंगे दर्शन



नई दिल्ली। आज से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यह यात्रा 19 अगस्त 2024 सावन पूर्णिमा (रक्षाबंधन) तक चलेगी। शुक्रवार को तड़के बम भोले के जयघोष के साथ पहल जत्था कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। पहले जत्थे में कुल 4603 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए। यात्रियों में खासा उत्साह देखा गया।






### नीट पेपर लीक के मामले में दोनों सदनों में हुआ जमकर हंगामा और नारेबाजी

# नीट पर चर्चा के लिए अड़ा विपक्षः नियम बताए तो हुआ हंगामा, कार्यवाही 'स्थगित'



संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। हालांकि राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। बाद में इसे भी 1 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शुक्रवार की सुबह जैसे ही लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई नीट मामले को लेकर हंगामा शुरू हो गया। लोकसभा में विपक्ष मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में हुई कथित धांधली पर चर्चा की मांग की। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बाद में चर्चा करने को कहा।

हालांकि, विपक्ष इस मांग पर अड़ा रहा कि सदन में पहले नीट पर चर्चा होनी चाहिए। मामला शांत न होता देख सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित दी गई।

### राहुल ने कहा- मेरा माइक ऑन कीजिए, स्पीकर बोले- मेरे पास स्विच नहीं

**खास बातें**

- शिक्षा मंत्री ने कहा-हम चर्चा को तैयार,पर नियमों के तहत
- राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच हुई नोकझोंक



#### कांग्रेस का आरोप- राहुल गांधी का माइक बंद किया

लोकसभा की कार्यवाही की शुरुआत तो हुई, लेकिन महज 15 मिनट बाद ही इसे 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी से नीट पर चर्चा में शामिल होने की अपील की। लेकिन हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही रोकनी पड़ी। राहुल जब बोलने लगे तो उनकी आवाज नहीं आई, इस पर विपक्ष ने स्पीकर पर माइक बंद करने का आरोप लगाया।

#### राज्यसभा में खरगे वेल में पहुंचे तो भड़के धनखड़



नीट मामले पर चर्चा की मांग के दौरान राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच विवाद की स्थिति बनी। हंगामे के बीच खरगे, सभापति की आसंदी के पास पहुंच गए, जिस पर धनखड़ भड़क गए और कार्यवाही 2 बजे तक रोक दी। खरगे सदन से बाहर आकर बोले कि यह सभापति की गलती है। मैं उनका ध्यान खींचने के लिए अंदर गया था।

#### हम चर्चा करने को तैयारः धर्मेंद्र प्रधान



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में कहा कि हम विद्यार्थी को कहना चाहेंगे कि हम आपके प्रति संवेदनशील हैं। हम सारे विषय को देख रहे हैं। प्रतिपक्ष को भी कहना चाहेंगे कि आप राजनीति से बाहर आकर देखिए। सरकार कोई लीपापोती नहीं कर रही है। राष्ट्रपति ने इसका जिक्र किया है, सीबीआई लोगों को पकड़ रही है। हम किसी को भी छोड़ने वाले नहीं है।

### मंत्री कुशवाह की महिलाओं को अजीब सलाह

## अपने पतियों से कहें घर लाकर शराब पीएं, बाहर से पीकर आएं तो दिखाएं बेलन... न दें भोजन



*पत्नी, बच्चों के सामने शराब पीएंगे तो छूटेगी आदत*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार के सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने नशा मुक्ति से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं को अजीब सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि वे बाहर से शराब पीकर आने वाले पतियों से कहें कि शराब घर लाकर पिएं, बाहर नहीं। बाहर पीकर आने वाले पतियों को बेलन दिखाएं और भोजन बनाकर न खिलाएं। कुशवाह ने कहा कि सामाजिक संस्कारों के कारण महिलाएं ऐसा नहीं कर पातीं लेकिन गलत आदत को रोकने में संस्कार आड़े नहीं आना चाहिए। मंत्री ने महिलाओं को बेलन गैंग बनाने तक की सलाह दे डाली। सामाजिक न्याय मंत्री कुशवाह ने कहा कि पति बाहर से शराब लेकर आएंगे और घर में महिला, बच्चों के सामने पिएंगे तो उन्हें शर्म आएगी।

नतीजा यह होगा कि धीरे-धीरे वे कम पीने लगेंगे और बाद में शराब की यह लत छूट भी सकती है। कुशवाह ने कहा कि इसके लिए पड़ोस की महिलाओं को इकट्ठा होकर गैंग बनाना चाहिए और इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।



### रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर 3 पुलिसकर्मी निलंबित

**सीहोर-जावर।** बीती रात जावर थाने के तहत ग्राम कान्याखेड़ी में जमीन विवाद को लेकर एक ही समाज के लोगों में जमकर लट्ठ चले और मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट नहीं लिखे जाने का जावर थाने का वीडियो वायरल हुआ है।

### भारी बारिश...दिल्ली एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 की छत गिरी

## एक की मौत, 8 घायल, कई कारें क्षतिग्रस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में मानसून की पहली बारिश लोगों के लिए राहत के साथ ही आफत लेकर भी आई है। दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल - 1 पर पार्किंग की छत गिरने से एक शख्स की मौत हो गई है जबकि 6 लोग घायल हुए हैं। घटना सुबह सुबह पांच बजे की है। भारी बारिश के बीच टर्मिनल 1 पर सुबह के वक्त यहां गाड़ियों लाइन लगी थी कि तभी अचानक से पार्किंग की छत गिर गई और कई गाड़ियां इसकी चपेट में आ गईं।



*मृतक के परिजनों को 20 लाख और घायलों को 3 लाख की सहायता का ऐलान*



#### कर्नाटक में वैन और लॉरी की टक्कर, 13 की मौत

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी जिले में वैन और लॉरी की टक्कर में दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई। चार घायल हैं। वैन में 17 लोग सवार थे।

#### हेमंत सोरेन को 5 महीने बाद जमानत

### जेल से बाहर आते ही बोले मेरे खिलाफ रची साजिश

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए। जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन भी उन्हें लेने के लिए जेल पहुंची थीं। जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे झूठे आरोपों में 5 महीने जेल के अंदर रखा गया। झारखंड के लोगों के लिए 5 महीने बहुत कठिन थे।



- हाईकोर्ट बोला पूर्व सीएम के खिलाफ सबूत नहीं

#### जमीला बनी जमना, अबरार बने अभिषेक

### 30 से अधिक लोगों ने की घर वापसी

**इंदौर।** शहर में शुक्रवार सुबह-सुबह 30 से अधिक लोगों ने इस्लाम धर्म त्यागकर सनातन धर्म अपना लिया है। सुबह खजराना गणेश मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया था। मंदिर में विधि-विधान से पूजन के बाद सभी लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया है। धर्म परिवर्तन करने वाले सभी लोग इंदौर, देवास, मंदसौर और धार जिले के हैं। धर्म बदलने वाले लोगों की सूची में 10 से अधिक महिलाएं हैं।



- इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में हुआ आयोजन

#### 30 जून को खत्म हो रहा कार्यकाल

### राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल 6 माह बढ़ाया

**भोपाल।** राज्य सरकार ने राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप (बीपी) सिंह का कार्यकाल बढ़ा दिया है। सिंह का कार्यकाल इसी महीने 30 जून को समाप्त हो रहा है। किंतु इससे पहले ही सरकार ने उन्हें छह महीने का एक्सटेंशन दिया है। सरकार ने कहा कि चूंकि राज्य निर्वाचन आयुक्त के उत्तराधिकारी की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है, इसलिए नियमों के सिंह अधिकतम छह महीने तक या फिर उत्तराधिकारी की नियुक्ति होने तक अपने पद पर बने रहेंगे।



- वीरा राणा बन सकती है अगली राज्य निर्वाचन आयुक्त

### एमपी और महाराष्ट्र की 34 प्रॉपर्टी कुर्क, तीसरी बार छापेमारी

*10 दिन पूर्व दर्ज किया था मनी लॉन्ड्रिंग का केस*

## विदिशा में हीरा कारोबारी जौहरी बंधुओं पर ईडी का छापा, कंपनी की 26.53 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

सीबीआई भोपाल की जांच में हुआ था कि डायरेक्टर व सहयोगियों ने लोन में मिली राशि को खुद की सुविधाओं पर खर्च किया। लोन मंजूर कराने के लिए कंपनी ने फर्जी दस्तावेज बैंक को दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने नारायण निर्यात इंडिया कंपनी और उससे जुड़े दूसरे संस्थानों की 26.53 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को कुर्क किया है। ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की है। इससे पहले सीबीआई भोपाल ने नारायण निर्यात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कैलाश चंद्र गर्ग एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया था।



#### जांच के बाद मनी लॉन्ड्रिंग का दर्ज हुआ था केस

केस की जांच में खुलासा हुआ कि बैंक से कंपनी के प्रोजेक्ट के लिए मंजूर हुई लोन राशि का उपयोग संचालकों ने दूसरे प्रोजेक्ट में किया है। जो मनी लॉन्ड्रिंग है। इसके चलते कंपनी के संचालक गर्ग व अन्य डायरेक्टर्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था।


#### अलग-अलग नाम से हैं कंपनी और प्रॉपर्टी

ईडी अफसरों ने बताया कि मप्र के इंदौर, जौरा, नीमच और महाराष्ट्र के अकोला में कंपनी की अलग-अलग नाम से कंपनी और प्रॉपर्टी है। यह कंपनी और प्रॉपर्टी के संचालक कैलाश चंद्र गर्ग और उनके सहयोगियों ने यूको बैंक से मिले लोन से बनाई हैं। इसके चलते ग्रुप की मप्र और महाराष्ट्र स्थित 34 प्रॉपर्टी को कुर्क किया है।




**खबर संक्षेप**

## कच्छ में लगे भूकंप के हल्के झटके




**कच्छ।** गुजरात के कच्छ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई है। अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। इससे पहले 26 जून को मणिपुर और असम में भूकंप आया था। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता क्रमशः 4.5 और 3.2 थी। हालांकि, भूकंप की वजह से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ था।

## रास सांसद फूलो देवी की बिगड़ी तबीयत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सदस्य और छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ नेता फूलो देवी नेताम शुक्रवार को संसद में विरोध प्रदर्शन के दौरान बेहोश हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वे नीट मुद्दे पर सदन के वेल में विरोध कर रही थीं, तभी उन्हें चक्कर आने लगे। उन्हें दिल्ली के आरएमएल अस्पताल ले जाया गया है। सांसद स्वाति मालीवाल भी साथ थीं।

## तेलंगाना की फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत



**रंगा रेड्डी।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में शुक्रवार को एक ग्लास फैक्टरी में हुए विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि शादनगर में फैक्टरी के एक टैंक में शाम करीब साढ़े चार बजे विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है।

## 'मेरे बैग में बम है...' स्टाफ से बोला यात्री



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में सफर करने जा रहे एक यात्री ने स्टाफ से कहा कि उसके बैग में बम है। इसके बाद पूरे वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। ट्रांजिट चेकिंग के दौरान उसने स्टाफ को अपने बैग में बम होने की जानकारी दी। स्टाफ ने तुरंत 'बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमिटी' को सूचना दी। टीम ने तुरंत यात्री के बैग की जांच शुरू की।

## मानसून आया, महाराष्ट्र में बढ़ने लगे ढेंगू के केस



**मुंबई।** देशभर में पिछले कुछ महीनों से जारी भीषण गर्मी के बीच मानसून राहत की खबर लेकर जरूर आया है, पर मानसून के साथ-साथ मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी सताने लगा है। महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में पिछले दिनों डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महाराष्ट्र सरकार ने मई के पहले सप्ताह तक 1,755 डेंगू के मामलों की सूचना दी थी।

### पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक में कर रहे जालसाजी

# सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य रडार पर राजस्थान से 10 स्टूडेंट को धर- दबोचा

## नीट पेपर लीक मामला में सीबीआई की ताबड़तोड़ कार्रवाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली







**देश के कई राज्यों में फैला रखा ता जाल**

नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के रडार पर पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक के सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य हैं। सभी 2021 में नीट में फर्जीवाड़े के प्रयास के आरोप में सारनाथ थाने में दर्ज मुकदमे के आरोपी हैं। आईएमएस बीएचयू के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय की बीडीएस की छात्रा रही पटना की जूली कुमारी को 12 सितंबर 2021 को नीट परीक्षा के दौरान सारनाथ के एक केंद्र से गिरफ्तार किया गया था। वह त्रिपुरा की रहने वाली हिना विश्वास की जगह परीक्षा देते पकड़ी गई थी।

इसके बाद 48 आरोपियों का नाम आया था। अहम सूत्रधार मिर्जापुर के चुनार थाना के कैलहट के डॉ. शरद पटेल को 22 अप्रैल को एसटीएफ ने आरओ-एआरओ परीक्षा-2023 का पेपर लीक कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा में धांधली के मामले में आरोपी रहे हैं।

**डॉ. शरद का एक करीबी भी लपेटे में**

सॉल्वर गैंग के डॉ. शरद सिंह पटेल का नाम नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के प्रयास में2022 में सामने आया था। मुकदमे के तत्कालीन विवेचक के प्रार्थना पत्र पर अदालत ने डॉ. शरद के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया था। उसी दौरान एक व्यक्ति ने विवेचक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कमिश्नरेट के अफसरों को प्रार्थना पत्र दिया और विवेचना रोहनिया थानाध्यक्ष को स्थानांतरित कर दी गई। बताया जा रहा है कि पूछताछ की जद में डॉ. शरद का वह करीबी भी आएगा।

### राजस्थान में भी कार्रवाई, मेडिकल कॉलेज के 10 स्टूडेंट्स गिरफ्तार



देश भर में नीट परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ जांच एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के तार अब राजस्थान में झालावाड़ मेडिकल कॉलेज से जुड़े हैं। जहां जांच एजेंसियों ने डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने के आरोप में 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने इस कॉलेज के 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 8 को जमानत मिल चुकी है। फिलहाल 2 छात्र अभी भी पुलिस की कस्टडी में हैं। इन छात्रों पर 15-15 लाख रुपए लेकर डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने का आरोप है।

### उच्च स्तरीय समिति ने एनटीए में सुधार के लिए मांगे सुझाव



केंद्र की उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और संभावित पुनर्गठन के बारे में छात्रों और अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किया है। परीक्षा निकाय एनटीए पर पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं का आरोप है।शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति सुझावों के लिए एक समर्पित वेबसाइट तैयार की है। वेबसाइट के माध्यम से फीडबैक आमंत्रित कर रही है। इस पर 7 जुलाई तक अपने सुझाव दे सकते हैं।

### मुखिया ने ही सिपाही भर्ती का पेपर लीक कराया



बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने सिपाही भर्ती पेपर लीक में शामिल 4आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के बाद सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक का मास्टरमाइंड भी नालंदा के नगरनौसा निवासी संजीव मुखिया उर्फ लूटन की है। एक अक्टूबर, 2023 को कांस्टेबल भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक हुआ था। दो दिन पहले ईओयू को इस केस में बड़ी लीड मिली थी। टीम ने छापेमारी कर बंगाल के 3 लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया।

### राज्य सरकार ने खोला खजाना

# महिलाओं को हर माह मिलेंगे 1500 रु., बिजली बिल माफ

## महाराष्ट्र सरकार ने बजट पेश किया



एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र की एनडीए सरकार ने चुनावी सीजन में पेश बजट में बड़े ऐलान किए हैं। वित्त मंत्री अजित पवार की ओर से पेश बजट में मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना तर्ज पर महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपए देने का ऐलान किया है।

इस स्कीम का फायदा 21 से 60 साल तक की उम्र की महिलाओं को मिलेगा। इस स्कीम का नाम 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' रखा गया है। इस स्कीम को 1 जुलाई से ही लागू कर दिया जाएगा। इस स्कीम के लिए 46 हजार करोड़ रुपए का सालाना बजट तय किया गया है।

### 5 सदस्यों वाले परिवार को हर साल 3 सिलेंडर फ्री

एकनाथ शिंदे सरकार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के ठीक पहले यह फैसला लिया है। मुंबई क्षेत्र में वैट में कटौती की गई है और इसके चलते पेट्रोल एवं डीजल के दामों में भी कमी आई है। एक और कल्याणकारी योजना का ऐलान करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 5 सदस्यों वाले परिवार को हर साल 3 सिलेंडर फ्री में दिए जाएंगे। इसे मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना का नाम दिया गया है। शिंदे सरकार ने किसानों को भी साधने की कोशिश करते हुए बकाया बिजली बिल माफ करने का ऐलान किया है। इससे 44 लाख किसानों को फायदा मिलेगा।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाई

इन स्कीमों के अलावा वैट कम होने से पेट्रोल की कीमत में 65 पैसे की कमी आई है। डीजल भी 2.07 रुपये कम हुआ है। यह कटौती पूरे राज्य नहीं बल्कि अकेले मुंबई क्षेत्र में ही लागू की जाएगी। डीजल की कीमत में कटौती करने से किसानों को भी फायदा होगा। राज्य सरकार के इस बजट से उम्मीद की जा रही थी कि कुछ कल्याणकारी योजनाओं का ऐलान होगा क्योंकि अगले कुछ महीनों में ही चुनाव होने हैं।

### राधारानी विवाद को लेकर कथावाचक सवालों के घेरे में

# प्रेमानंद महाराज ने प्रदीप मिश्रा को दी नसीहत, समाधान का बताया रास्ता

एजेंसी:मथुरा

राधारानी विवाद को लेकर कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और प्रेमानंद महाराज चर्चाओं में हैं। प्रेमानंद महाराज ने धर्म रक्षा संघ के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदीप छोटे भाई हैं। वे गलती मान लें, सारा विवाद यहीं खत्म हो जाएगा।

धर्म रक्षा संघ का एक प्रतिनिधि मंडल हनुमान टेकरी के महंत अधिकारी दशरथ दास महाराज के नेतृत्व में ब्रज के रसिक संत प्रेमानंद महाराज से मिलने शुक्रवार सुबह श्रीराधा केली कुंज पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने बरसाना में प्रदीप मिश्रा के खिलाफ रमेश बाबा की अध्यक्षता में महापंचायत के बारे में प्रेमानंद महाराज को विस्तृत जानकारी दी और उनसे मार्गदर्शन का अनुरोध किया।





### *कथा का रहस्य जानना चाहिए*

*संत प्रेमानंद ने कहा कि व्यास मंच पर बैठने से पहले किसी भी व्यक्ति को अपने गुरुजनों के चरणों में बैठकर कथा का रहस्य जानना चाहिए और संपूर्ण ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उसके बाद ही उसे किसी भी प्रसंग को सार्वजनिक रूप से बोलना चाहिए।*

### श्रद्धालुओं से भरा कैंटर बेकाबू होकर खाई में पलटा, 18 जख्मी

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ स्थित थाना देहात क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-334 स्थित गांव धनौरा कट के पास हिमाचल प्रदेश स्थित नगरकोट धाम की यात्रा कर वापस लौट रहा श्रद्धालुओं से भरा एक तेज रफ्तार कैंटर अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा। इसमें सवार करीब 18 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को गढ़ रोड स्थित सीएचसी में भर्ती कराया।

### इस प्रक्रिया पर उच्च न्यायालय ने जताई चिंता

# सिविल विवादों को आपराधिक रंग देना चिंताजनक, मामला रद्द

**हाईकोर्ट ने दिए कई अहम फैसले व राहत**



एजेंसी ▸▸ इलाहाबाद

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सिविल विवादों को आपराधिक रंग देने पर चिंता जताई है। लोग सिविल विवादों में लगने वाले समय से बचने व विपक्षी को उलझाने के लिए आपराधिक प्रक्रिया का दुरुप्रयोग करते हैं।

यह टिप्पणी मैनपुरी के मामले को रद्द करते हुए न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने की है।मैनपुरी निवासी कमलेश सिंह ने 2008 में शिव राम मिश्रा नामक व्यक्ति के पक्ष में पंजीकृत मुख्तारनामा निष्पादित किया था। थाना कोतवाली में आवेदक पर धोखाधड़ी और जालसाजी सहित अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज कराया। 30 अगस्त 2023 को पुलिस ने आरोप पत्र दायर किया। ट्रायल कोर्ट के आदेश को आवेदक ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

### *कोर्ट ने समन आदेश को भी निरस्त किया*

*आवेदक के अधिवक्ता ने दलील दी कि शिकायतकर्ता ने दीवानी मामले को आपराधिक मामले का जामा पहनाया गया है। इसे रद्द किया जाना चाहिए। आवेदक ने मुख्तारनामा निष्पादित किया है, जबकि वह ऐसा करने का हकदार नहीं था। कोर्ट ने कहा कि सिविल मामले को आपराधिक रंग दिए जाने पर आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने में संकोच नहीं किया जाना चाहिए।*


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड जबलपुर

ई–मेल – eephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक 0761 2344814

निविदा क्रमांक 01–05/व.ले.लि./का.यं./2023–24 जबलपुर दिनांक 24.06.2024

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार कार्यो की ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका अवलोकन वेबसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल उपर उल्लेखित वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किए जा सकते है।

Name of Work - Supply of Stationery Items in Office of Chief Engineer, Superintending Engineer and Executive Engineer, Public Health Engineering Jabalpur

| निविदा क्र. /दिनांक | सिस्टम क्र. | कार्यालय का नाम | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/24.06.2024 | 353089 | Chief Engineer & Superintending Engineer | 4.48 | 8964/- | 2000/- | 12 Months |
| 02/24.06.2024 | 353103 | Executive Eng. | 3.24 | 6489/- | 2000/- | 12 Months |

Name of Work - Providing Computer Operator for Office of Chief Engineer, Superintending Engineer and Office of Executive Engineer, Jabalpur

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 03/24.06.2024 | 353108 | 9.04 | 18092 | 2000/- | 12 Months |

Name of Work - Providing Photocopy Xerox Machine with Photocopier for conducting photocopy work with all size of Papers, Spiral Binding for Documents in Office of Chief Engineer, Superintending Engineer and Executive Engineer Jabalpur

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 04/24.06.2024 | 353112 | 5.47 | 10940 | 2000/- | 12 Months |

Name of Work - Lowering of single phase submersible pumping set in block Jabalpur, Panagar, Shahpura, Patan, Kundam, Sihora, Majholi Dist Jabalpur

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | निविदा की कुल लागत रू. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 05/24.06.2024 | 353118 | 15.92 | 31853 | 2000/- | 01 Month |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि – 08.07.2024 समय 17.30 बजे तक
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि – 08.07.2024 समय 17.30 बजे तक
ऑनलाईन दस्तावेज खोलने की तिथि – 10.07.2024 समय 11.00 बजे

G-12555/24 (डी.पी. मंगोरे) कार्यपालन यंत्री



## कार्यालय अधिक्षक केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)

www.mptenders.gov.in के माध्यम से

**द्वितीय ई-निविदा 2024-25**

केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर में परिरूद्व बंदियों हेतु म0प्र0 जेल पूर्ति नियम 1968 तथा म0प्र0 भण्डार क्रय नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के तहत **खण्ड–1 खाद्यान्न सामग्री एवं खण्ड–2 सब्जी/फल,** की वार्षिक निविदाऐं ई–टेण्डर के माध्यम से दिनांक 18.07.2024 को अपरान्ह 05.30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 24.06.2024 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 2. | प्रिबिड मीटिंग | 04.07.2024 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 3. | ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि एवं निविदा फार्म की कीमत राशि रू. 1000/– लेखा शीर्ष 0056 जेलें–800 अन्य प्राप्तियां में ऑनलाईन जमा किया जावेगा। | 16.07.2024 को सांयकाल 05.30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है । |
| 4. | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18.07.2024 को सांयकाल 05.30 बजे तक | वेवसाईट www.mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी । |
| 5. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 20.07.2024 को प्रातः 11.30 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 6. | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 23.07.2024 प्रातः 12.30 | – |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर भी देखी जा सकती है । निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है ।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-12570/24



## मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित

(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
प्रथम तल, पंचानन भवन, मालवीय नगर, भोपाल
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673141, 2673142, (For Online Help)
E-mail ID : mplunbpl@yahoo.com support.lun@mp.gov.in

**ई-निविदा सूचना क्रमांक 02ए/2024-25**

म.प्र. लघु उद्योग निगम द्वारा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सिस्टम के माध्यम से निम्नलिखित उत्पादों के दर अनुबंध हेतु नियत दिनांक को अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| S. No. | Tender No. | Name of Product | EMD/PG | Last Date of Bid Submission |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 24024-A | Body Worn Camera | 10,00,000.00 | 27.07.2024 |
| 2. | 24025-A | Speed Radar Gun | 10,00,000.00 | 27.07.2024 |
| 3. | 24026-A | Chapati Making Machine | 10,00,000.00 | 27.07.2024 |

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु पात्रता, पूर्ण निविदा दस्तावेज, निविदा आमंत्रण सूचना, निविदा शर्तें आदि की जानकारी **mptendering** पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में भाग लेने के लिए उक्त पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक है।

म.प्र. माध्यम/115155/2024 प्रबंध संचालक



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला- छिंदवाड़ा (म.प्र.)

Phone No. 07162-243214 E-mail- pwdpiu12cwa@gmail.com

एनआईटी नं.– 09/2024/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/भवन/व.ले.लि. छिन्दवाड़ा दिनांक 19.06.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी। | 90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू. निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2024_PWPIU_352998_1 | तहसील परासिया, जिला छिन्दवाड़ा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 89.82 | 89820.00 | 10000.00 | 10 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| 2 | 2024_PWPIU_353000_1 | ग्राम–छिन्दी, लोटिया, मानकादेवरी, लिंगा एवं जैतपुर तहसील तामिया, जिला छिन्दवाड़ा में आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य (शेष कार्य) (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 132.48 | 132480.00 | 12500.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| | | योग | | 222.30 | | | | | |

1– निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2– निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन–लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3– निविदा प्रपत्र केवल ऑन–लाईन दिनांक 25.06.2024 समय 09.00 से दिनांक 09.07.2024 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4– निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, जिला- छिंदवाड़ा (म.प्र.)

G-12567/24

### उपराज्यपाल सिन्हा ने जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# बाबा बर्फानी के रंग में रंगा मंदिरों का शहर... पहला जत्था रवाना

एजेंसी ▸▸ जम्मू

अमरनाथ यात्रा तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने से पहले एलजी मनोज सिन्हा ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान भगवती नगर में अलौकिक नजारा देखने को मिला। देशभर से पहुंचे श्रद्धालु बाबा भोले के जयघोष लगा रहे थे। कोई बाबा के भजन गा रहा था तो कई उन भजनों पर झूमता हुआ नजर आ रहा था।हर किसी के चेहरे पर अलग ही खुशी थी। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाने वाले पहले में शामिल तीर्थयात्रियों ने अपने को खूब भाग्यशाली बताया। एक तीर्थयात्री ने कहा कि वह इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और आखिर आज यह दिन आ ही गया।



### पवित्र गुफा के लिए दो मार्गों से यात्रा शुरू

*दक्षिण कश्मीर हिमालय में लगभग 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा के लिए दो मार्गों से यात्रा पूरी की जाती है। एक मार्ग बालटाल आधार शिविर से शुरू होता है तो दूसरा पहलगाम आधार शिविर से। कश्मीर घाटी के जिले अनंतनाग में नुनवान-पहलगाम मार्ग पारंपरिक है और यह करीब 48 किलोमीटर लंबा है। वहीं, गंदरबल जिले में 14 किलोमीटर छोटा लेकिन खड़ी पहाड़ियों से घिरा बालटाल मार्ग है। पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के बाद एलजी मनोज सिन्हा ने कहा, "अमरनाथ यात्रा को जा रहे तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया है। पिछले 3-4 सालों में यात्रा के लिए बहुत सारे इंतजाम किए गए हैं और इस बार भी जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सभी जरूरी इंतजाम किए हैं, सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कहा, सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा के लिए मेरी शुभकामनाएं। बाबा अमरनाथ सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाएं।'*

### यात्रा खुशियां लेकर आएगी

अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से पहले हजारों तीर्थयात्री जम्मू पहुंच चुके हैं। 4603 श्रद्धालुओं में 3631 पुरुष, 711 महिलाएं, 252 साधु और नौ बच्चे शामिल हैं। वे 231 वाहनों के काफिले में सवार थे। इस दौरान एलजी के साथ मौजूद भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राणा ने कहा, हमें उम्मीद है कि भोले शंकर की कृपा से इस साल भी यात्रा खुशियां लेकर आएगी और हर साल की तरह सभी के लिए अच्छा अनुभव होगा। लोगों को जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्यार, स्नेह और दुलार मिलेगा। पूरे देश के लोगों को भगवान शिव का आशीर्वाद मिलेगा। पूरा भारत और जम्मू-कश्मीर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। हर साल की तरह इस साल भी सभी इंतजाम किए गए हैं।





## आसमान से जमीन तक अभेद्य सुरक्षा, 90 हजार जवान तैनात

प्रदेश के प्रवेशद्वार लखनपुर से पवित्र गुफा तक 90 हजार जवान तैनात किए गए हैं, जो हाईवे, लंगर स्थलों, आधार शिविरों, यात्री निवासों आदि पर सुरक्षा संभाल रहे हैं। यात्रियों को लेकर जाने वाले काफिले में शामिल तमाम बसों की पुंख्ता जांच की गई है। एक-एक बस की सीट से लेकर डिक्की तक जांची गई। चालकों को कहा गया कि वे यात्रियों को बस में चढ़ाने से पहले बस को पूरी तरह से चेक कर लें, ताकि किसी की तरह सुरक्षा में चूक न हो। बेस कैंप से लेकर गुफा तक के सभी मार्गों पर 17 से ज्यादा पीटीजेड हाई-डेफिनेशन 360-डिग्री व्यू कैमरे लगाए गए हैं।

### ड्रोन-सीसीटीवी से कड़ी निगरानी





### संवेदनशील जगहों पर शार्प शूटर

यात्रियों के काफिले के बीच एक बुलेटप्रूफ तंत्र शामिल होगा। यात्रियों की रास्ते में कड़ी निगरानी रहेगी। काफिले के बीच और रास्ते में संवेदनशील जगहों पर शार्प शूटर तैनात किए गए हैं, ताकि कहीं भी कोई संदिग्ध दिखे तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### सटीक स्थानों पर नजर रखी जाएगी

बालटाल और चंदनबाड़ी बेस कैंप से लेकर प्रमुख स्थानों पर दर्जनों स्टैटिक कैमरे रणनीतिक रूप से लगाए गए हैं। सभी पंजीकृत यात्रियों को आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग से लैस किया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि यात्रा के दौरान उनके सटीक स्थानों पर नजर रखी जा सके।



### इजरायल ने लेबनान की सीमा पर सैनिकों को तैनात किया

# लेबनान पर हमला करने जा रहा इजरायल भारत-यूएस ने अपने लोगों को किया अलर्ट

एजेंसी ▸▸ तेहरान

*लेबनान में संभावित इजरायली हमले को लेकर भारत और अमेरिका ने अपने नागरिकों लिए एडवाइजरी जारी की है और यात्रा टालने की अपील की है।*

गाजा पट्टी के खान यूनिस और राफा शहरों में तबाही के बाद अब इजरायल का ध्यान हिजबुल्लाह पर है। इजरायल ने लेबनान की सीमा पर अपने सैनिकों को तैनात कर दिया। ईरान ने लेबनान को निशाना बनाने का ऐलान कर दिया है। दरअसल लेबनान में हिजबुल्लाह के लड़ाके मौजूद हैं और उन्हें ईरान से समर्थन मिला हुआ है। लेबनान के माहौल को देखते हुए भारत और अमेरिका दोनों ने ही अपने नागरिकों को ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। दोनों ही देशों ने लेबनान जाने वाले अपने नागरिकों को सावधान किया है। इसके अलावा रूस ने भी अपने नागरिकों से कहा है कि जब तक लेबनान की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वे यात्रा ना करें।

**दोनों ही देशों ने अपने नागरिकों को सावधान किया**



### यात्रा नहीं करने की सलाह

इसी तरह, लेबनान में अमेरिकी दूतावास ने अप्रत्याशित सुरक्षा माहौल पर प्रकाश डाला, अमेरिकी नागरिकों को लेबनान की यात्रा की किसी भी योजना पर दृढ़ता से पुनर्विचार करने की चेतावनी दी। दूतावास ने कहा कि सुरक्षा माहौल जटिल बना हुआ है और इसमें तेजी से बदलाव हो सकता है। इसमें विशेष रूप से दक्षिणी लेबनान, लेबनान-सीरिया सीमा क्षेत्र और शरणार्थी बस्तियों सहित कुछ क्षेत्रों की यात्रा के प्रति आगाह किया गया है।



### हजारों लोग सुरक्षित जगह पर गए

पिछले साल 7 अक्टूबर को इज़राइल पर हमास के हमले और उसके बाद गाजा में इजराइल के पलटवार से लेबनान के साथ तनाव तेजी से बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार, लेबनान का ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह इजराइल में मिसाइलें, मोर्टार और ड्रोन दाग रहा है और इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई की है। एक और युद्ध के संभावनाओं पर चिंताएं बढ़ने के कारण पहाड़ी सीमा के दोनों ओर के हजारों लोग भाग गए हैं।

### भारतीय दूतावात के संपर्क

*लेबनान में भारतीय दूतावास ने कहा कि वहां रहने वाले भारतीय दूतावास के साथ संपर्क में रहें। दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया, मौजूदा हालातों को देखते हुए लेबनान में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे बेरुत में दूतावास से संपर्क में रहें। इसके अलावा लेबनान में अमेरिकी दूतावास ने भी अपने नागरिकों को सावधान किया है और कहा है कि संभव हो तो वे लेबनान की यात्रा ना करें। जो लोग लेबनान में हैं वे लेबनान-सीरिया सीमा के करीब ना जाएं। बता दें कि इजरायल और हमास केबीच 7 अक्टूबर 2023 को जंग शुरू हो गई थी। हमास ने इजरायल पर हमला करके 1200 लोगों को मार दिया। इसके बाद से ही इजरायल गाजा पट्टी में ताबड़तोड़ हमले कर रहा था। बीच में लेबनान से भी इजरायल पर मिसाइल अटैक किया गया। इजराइली प्रधानमंत्री ने हाल ही में टेलीविजन पर दिए एक लंबे साक्षात्कार में कहा कि सेना गाजा के दक्षिण शहर रफह में अपने मौजूदा जमीनी अभियान को पूरा करने के करीब है जिसका यह मतलब नहीं है कि हमास के खिलाफ युद्ध खत्म हो गया है।*

# विस्तारा के केरल-मुंबई विमान में बम की धमकी

एजेंसी ▸▸ तिरुवनन्तपुरम

विस्तारा एयरलाइंस की केरल से मुंबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की धमकी का मामला सामने आया है। तिरुवनंतपुरम से मुंबई जाने वाली उड़ान में शुक्रवार को बम होने की धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने सघन तलाशी ली। महाराष्ट्र के सहार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को विमान में बम होने का नोट मिला। अधिकारी ने कहा कि विमान के दोपहर करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड करते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि विमान के लैंड करने के बाद यात्रियों को खतरे के बारे में बताया गया। यात्रियों और उनके सामान की तलाशी ली गई। हालांकि, अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।




### शोध:भारत के मुकाबले अधिक कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ी

## कनाडा के जंगल में लगी आग ने बढ़ा दी पूरी दुनिया में गर्मी

एजेंसी ▸▸ ओटावा



कनाडा के जंगलों में साल 2023 में गर्मी की वजह से लगी भयावह आग ने भारत के मुकाबले अधिक कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ी। गर्मी पैदा करने वाली इस गैस ने भारत में जलाए गए जीवाश्म ईंधन के मुकाबले दुनिया में अधिक प्रदूषण फैलाने के साथ ही तापमान में भी इजाफा किया। यह खुलासा विश्व संसाधन संस्थान और मैरीलैंड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के ग्लोबल चेंज बायोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में किया गया। शोध में देखा गया कि कनाडा के जंगल की इस आग की छोड़ी कार्बन डाइऑक्साइड से पश्चिमी वर्जीनिया से भी बड़ा जंगल जल उठा था। वैज्ञानिकों ने 2023 में कनाडा में महीनों तक जलने वाली आग के विनाशकारी प्रभाव का आकलन किया। इसके मुताबिक, इसने हवा में 3.28 बिलियन टन गर्मी पैदा करने वाली कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ी थी।

### केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

## डिप्टी एनएसए विक्रम मिसरी होंगे अगले नए विदेश सचिव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



देश के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पूर्व राजदूत विक्रम मिसरी को भारत सरकार का अगला विदेश सचिव नियुक्त किया गया है। वो भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। वह पिछले दो सालों से उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के तौर पर काम कर रहे थे। फिलहाल, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में उनका कार्यकाल घटाकर उन्हें भारत का अगला विदेश सचिव नियुक्त किया गया है। डिप्टी एनएसए विक्रम मिसरी 15 जुलाई से अगले विदेश सचिव होंगे। दरअसल, विक्रम मिसरी इससे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय में भी काम कर चुके हैं । और वे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की रणनीतिक परिस्थितियों को लेकर काफी अनुभवी हैं। इसके अलावा वे फिलहाल डिप्टी एनएसए के तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ काम कर रहे हैं।

# केंद्र सरकार से जल संरक्षण और सिंचाई योजनाओं के लिए मिलेगा भरपूर सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदा के प्रमुख घाटों पर जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई के साधनों के विस्तार का कार्य निरंतर हो। केंद्र सरकार से ऐसे कार्यों के लिए पर्याप्त धन राशि भी प्राप्त होगी। पर्यटन विकास की दृष्टि से योजनाएं लागू करने को भी प्राथमिकता दें। ग्रामवासियों की सहूलियत को देखते हुए नर्मदा में छोटे माल वाहक जहाज़ के संचालन और मत्स्य पालन की संभावना पर भी कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को मंत्रालय में नर्मदा घाटी विकास विभाग के तहत नर्मदा नियंत्रण मंडल की गतिविधियों की समीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि नर्मदा घाटी से संबंधित जैव विविधता का शोध भी किया जाए। मोती की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

इन सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और राजभूषण चौधरी से जल संरक्षण कार्यों के संबंध में चर्चा हुई है। मप्र के हितों के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग प्राप्त होगा। प्रदेश के दो बड़े नदी जोड़ो अभियान केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती काली सिंध परियोजना के क्रियान्वयन के विषयों पर भी निर्णायक बातचीत हुई है।

## प्रवाह क्षेत्र अविरल हो, नर्मदा किनारे के ग्रामीण को मिले परिवहन सुविधाः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा नियंत्रण मंडल की गतिविधियों की समीक्षा में दिए निर्देश



### किसानों को मिले सस्ती बिजली: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि किसानों को सस्ते दाम पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए जल विद्युत के नए स्रोत विकसित किए जाएं। वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोतों का उपयोग भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हमने नर्मदा से काफी कुछ लिया है। हम नर्मदा को कुछ देने का भी सोचें। सभी सार्वजनिक घाट स्वच्छ और सुंदर हों, इसके लिए प्रशासनिक अमले और आमजन को सजग रहना है। जन श्रद्धा के विभिन्न स्थानों को विकसित किया जाए। आमजन की उपयोगिता के अनुरूप घाटों के अलावा नदी के पास स्थित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों को भी सुविधायुक्त बनाया जाए। नर्मदा परिक्रमा करने वाले यात्रियों के लिए शेड आदि बनाए जाएं।

### यशवंत सागर सहित अन्य जलाशयों में जल उपलब्धता को सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि नर्मदा की डाउनस्ट्रीम स्थित तालाबों में पानी के अधिकतम उपयोग के प्रयास किए जाएं। यशवंत सागर सहित अन्य जलाशयों में जल उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रीष्मकाल में जल राशि के माध्यम से संकट की स्थिति को टालने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पम्प स्टोरेज प्रणाली से सस्ती बिजली का प्रयोग बढ़ाने, गांव के लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी के उद्देश्य से वाटर एम्बुलेंस संचालन के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वीकृत परियोजनाओं के निकट भविष्य में लोकार्पण पर भी चर्चा हुई। बैठक में बड़ादेव संयुक्त माइक्रो सिंचाई परियोजना, मां रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना, सोंडवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, निवाली उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, महेश्वर जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, सेंधवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना आदि के संबंध में चर्चा हुई।

हर घर नल से जल उपलब्ध कराने वाले जिलों, जनपद, ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया जाएगा

## मुख्यमंत्री ने कहा- नल जल योजना के संचालन का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपा जाए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत नलजल योजना के संचालन का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपा जाए। मिशन के अंतर्गत बनी संरचनाओं के दीर्घकालीन संचालन के लिए ग्राम स्तर पर भू-जल भण्डारण की क्षमता बढ़ाने की गतिविधियां चलाना जरूरी है, इसके लिए ग्राम स्तर पर जनजागृति अभियान चलाकर जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में जल जीवन मिशन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, प्रमुख सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवातव, राजेश राजौरा, जेएन कंसोटिया, प्रमुख सचिव मनीष सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन की गतिविधियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने वाले विधानसभा क्षेत्रों, जिलों, जनपद, ग्राम पंचायत आदि को पुरस्कृत किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा



### मप्र को बनाएं हर घर नल से जल उपलब्ध कराने में मॉडल राज्यः सीएम डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 63 प्रतिशत से अधिक घरों को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश के समस्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य तेजी से जारी है। जिन क्षेत्रों में कठिनाई आ रही है, वहां कठिनाईयों और विसंगतियों को व्यावहारिक रूप से दूर करते हुए मध्यप्रदेश को हर घर नल से जल उपलब्ध कराने में देश में मॉडल राज्य के रूप में प्रस्तुत करने के लिए हर स्तर पर कार्य हो।

**70 लाख 72 हजार 875 ग्रामीण परिवारों को नल से जल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गावों में आम जन को पीने का पानी सरलता से उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ लगाने, पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करने और छायादार स्थान बनाने के लिए सामाजिक पहल को प्रोत्साहित किया जाए। पानी के मितव्ययी उपयोग और पाइप आदि के संधारण में सभी ग्रामवासी सतर्कता और जागरूकता के साथ अपना योगदान दें। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के कुल एक करोड़ 11 लाख 82

### आमजन को उपलब्ध करवाएं सस्ती व सुलभ परिवहन सेवाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में नागरिकों को सस्ती व सुलभ परिवहन सेवाओं का लाभ दिया जाए। गुजरात की तर्ज पर चेक-पोस्ट व्यवस्था समय सीमा में लागू की जाएं। इस व्यवस्था में ट्रांसपोर्टर पूर्व में ही ई चेक-पोस्ट वेबसाइट पर अपने वाहन के संबंध में जरूरी स्व-घोषणा कर निर्धारित फीस जमा कर सकता है। जांच में दोषी पाए जाने पर दोगुनी फीस जमा करवाने का प्रावधान है। मप्र बेहतर व्यवस्था लागू करने की पहल करें। इसका लाभ आमजन को भी मिलेगा और शासन की आय में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने व्यवस्था के लिए होमगार्ड सहित अमले तथा बजट की सहमति प्रदान की। मंत्रालय में हुई परिवहन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए।

भोपाल में 6 जुलाई को एक दिन में लगेंगे 12 लाख पौधे

## प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगेंगे साढ़े पांच करोड़ पौधेः डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान जन सहयोग से सफल होगा। अभियान के लिए अधिकतम जन सहभागिता के प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश के दो बड़े नगरों में अनेक संगठन अभियान से जुड़ रहे हैं।

इंदौर जिले में जहां 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, वहीं भोपाल सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर एक दिन में ही 12 लाख पौधे रोपे जाएंगे। भोपाल जिले में 12 हजार पौधे मां के सम्मान में लगाए जाएंगे। शेष पौधे भी विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में गुरूवार को एक विशेष बैठक में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से अभियान की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया जाएगा पौधरोपण

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को अभियान के तहत पौधे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को दें विरासत की जानकारी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पौधरोपण के अभियान के साथ युवाओं को जोड़ कर उन्हें पर्यावरण का महत्व बताना प्रशंसनीय है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विरासत से जोड़ने का कार्य भी किया जाए। भोपाल जिला पर्यटन परिषद और अन्य संस्थाएं विद्यार्थियों को पुरातात्विक महत्व के स्थानों, विज्ञान संग्रहालय और अन्य संग्रहालयों की सैर करवाएं। भोपाल में ऐसे जीवंत प्रयास होने चाहिए जिससे राजधानी एक मॉडल बने और अन्य स्थानों पर उसकी चर्चा हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के विकास के लिए रोड मैप तैयार करने के निर्देश दिए।*

## छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अनुसूचित जाति - जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति से संबंधित पिछले वर्ष के लंबित प्रकरणों का कार्य योजना बनाकर तत्काल निराकरण किया जाए। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए छात्रवृत्ति में आवेदन के सत्यपान, पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और छात्रवृत्ति वितरण की समय सीमा निर्धारित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव महाविद्यालय और शाला स्तर पर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, मुख्य सचिव वीरा राणा उपस्थित थी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला लोक सेवा प्रबंधक और लीड बैंक मैनेजर आवश्यक समन्वय सुनिश्चित कर जिला स्तर पर अभियान चलाए, जिससे छात्रों को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने में समस्या न हो। इसके साथ ही छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे अपात्र विद्यार्थियों का परीक्षण शिक्षण संस्थावार किया जाए।

जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रकिया के सरलीकरण के लिए बनेगी टास्क फोर्स

मुख्यमंत्री ने की अजा-अजजा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा



### शिक्षा पोर्टल से 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति की स्वीकृति, अब तक 92 लाख नामांकन

*शिक्षा पोर्टल से 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति की स्वीकृति प्रदान की जाकर वितरण किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में 64 लाख विद्यार्थियों को लगभग 330 करोड़ की छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। वर्ष 2024-25 में अब तक 92 लाख नामांकन हो चुके हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अजीत केसरी, केसी गुप्ता, प्रमुख सचिव रश्मि अरूण शमी, डॉ. ई रमेश कुमार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।*

### प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था हो

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण जरूरी है। अन्य राज्यों में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए बनाई जा रही प्रक्रिया का अध्ययन कर सामान्य प्रशासन विभाग अन्य संबंधित विभागों की टॉस्क फोर्स बनाकर कर प्रकिया के सरलीकरण के लिए तत्काल कार्रवाई करें। इसके साथ ही सभी व्यवसायिक व प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुसूचित जाति जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी उपलब्धियां अर्जित करें, इस उद्देश्य से प्रभावी कार्य योजना बनाई बनाई जाए। बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति के युवाओं की होमगार्ड तथा पुलिस में भर्ती को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए।*

सैम के बयान से विभिन्न प्रांतों के लोगों को अपमान का घूंट पीना पड़ा था

## सैम पित्रोदा को फिर से ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर सीएम डॉ. यादव ने कांग्रेस पर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सैम पित्रोदा को दोबारा से ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद कांग्रेस का अपना असली चरित्र दिखाती है। कांग्रेस के कर्णधारों को सैम पित्रोदा को फिर से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहा कि सच्चे अर्थों में कांग्रेस का चरित्र दोमुहा है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण सैम पित्रोदा की कांग्रेस में वापसी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस हमेशा चुनाव के समय अलग रोल में रहती है और चुनाव के बाद असली चरित्र दिखाती है।

सैम पित्रोदा के माध्यम से भारत के विभिन्न प्रांतों में रहने वाले स्थानीय रहवासियों को (आदिवासी अंचल के लोगों को) अपमान का घूंट पीना पड़ा। वो कांग्रेस का कितना शर्मनाक का बयान था। जब कांग्रेस ने कहा था कि हमारा इनसे कोई लेना-देना नहीं है और उनको अपनी पार्टी से बाहर कर दिया था। जैसे ही चुनाव निकला कांग्रेस अपने वादे से मुकर गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस समय भी कहा था कि कांग्रेस आज पित्रोदा को निकाल रही है, कांग्रेस का दरवाजा वापस खुलेगा और सैम पित्रोदा कांग्रेस की धरोहर बनकर निकलेगा। आज वह सबके सामने उदाहरण बना है। कांग्रेस के कर्णधारों को देश से माफी मांगना चाहिए कि उनसे गलती हुई और सैम पित्रोदा को फिर से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा चुनाव के समय अलग रूप में रहती है और चुनाव के बाद अपना असली चरित्र दिखाती है।

## आपातकाल राजनीतिक नहीं, राष्ट्रीय और लोकतंत्र से जुड़ा मुद्दा इस पर हर भारतीय, लोकतंत्र के हितैषी को चर्चा करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि आपातकाल राजनीतिक नहीं, राष्ट्रीय और लोकतंत्र से जुड़ा मुद्दा है। इसलिए इस पर हर किसी भारतीय और लोकतंत्र के हितैषी को चर्चा करना चाहिए। देश के 140 करोड़ लोगों को ये जानने का हक है कि कैसे असंवैधानिक तरीकों से सत्ता की तलाश के लिए कांग्रेस काल में काले कारमानों को अंजाम दिया गया।

उन्होंने बताया कि किस तरह से कांग्रेस के कार्यकाल में एक लाख 40 हजार लोगों को जेल में डाला गया। 22 लोगों की मौत कस्टडी में हो गई। संविधान से खिलवाड़ किया गया? न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के कहने पर नसबंदी के कार्यक्रम चलाया गया। मुख्यमंत्रियों को नसबंदी के लक्ष्य सौंपे गए और विरोध करने वालों को जेल में डाला गया। आपातकाल की खबर समाचार पत्रों में न छपे, इसलिए उस रात दिल्ली के कई इलाकों की लाइट काट दी गई। सिर्फ संविधान की किताब हाथ में पकड़ लेने से संविधान की रक्षा नहीं होगी, उसके अतीत के पन्नों को भी जानना जरूरी है। राहुल गांधी के इस काले अध्याय से डरने के बजाय सामना करने का साहस पैदा करना चाहिए। केवल यह कहना पर्याप्त नही होगा कि मैं ठंड से डरता नही हूं। किसी भी सच से नहीं डरना चाहिए।

दो हजार पदाधिकारी, नेता और सदस्य शामिल होंगे

## सात जुलाई को भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की होगी बैठक



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा और इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक 7 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक में लगभग 2 हजार पदाधिकारियों, नेताओं और सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। इसमें मंडल स्तर तक के पदाधिकारियों तक को आमंत्रित किया जा सकता है। बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव प्रस्तुत कर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा और संगठन की आगामी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बैठक की पुष्टि करते हुए बताया कि इस बड़ी बैठक में पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री, पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष सहित हर स्तर के नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे।

### मतदाता अभिनंदन से शुरू हो सकते हैं कार्यक्रम

कार्यसमिति की बैठक में संगठन चुनावों के साथ संगठन को मजबूत करने को लेकर कार्यक्रम तय किए जाएंगे। राजनीतिक प्रस्ताव में मौजूदा राजनीतिक हालात और भाजपा की जीत पर चर्चा की जाएगी। चुनाव में चूंकि मतदाताओं की मुख्य भूमिका रही है, इसलिए कार्यक्रमों की शुरुआत मतदाताओं के अभिनदंन कार्यक्रम से हो सकती है। उनकी बदौलत ही केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। केंद्र में मप्र के कई बड़े चेहरों की भूमिका बदल चुकी है। मप्र सरकार में भी कई मंत्रियों की भूमिका में बदलाव हुआ है। बैठक के दौरान विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा होगा। इन सब बातों को ध्यान में रखकर बैठक में संगठन की आगामी रणनीति पर मंथन किया जा सकता है। सत्ता और संगठन में समन्वय को लेकर खास चर्चा हो सकती है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बीच पहले से अच्छा समन्वय है। इन दोनों के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश में क्लीन स्वीप किया है।

## डिप्टी सीएम शुक्ल ने गृह मंत्री शाह से की सौजन्य भेंट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। शुक्ल ने शाह को नवीन कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं एवं विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। वहीं उप मुख्यमंत्री शुक्ल से नई दिल्ली प्रवास के दौरान राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले और खेल विभाग कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सौजन्य भेंट की। विभिन्न समसामयिक विषयों पर उन्होंने उपमुख्यमंत्री शुक्ल से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल से मेघालय सरकार के कैबिनेट मंत्री हेक ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों ने विकास पर चर्चा की।

प्रशासन के निर्णय का सर्व आदिवासी समाज ने किया स्वागत

## सर्व आदिवासी समाज की स्कूलों में कम से कम दो शिक्षकों की मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



बीजापुर जिले में शैक्षणिक व्यवस्था के सुधार के लिए प्रशासन द्वारा एकल विद्यालयों में दो शिक्षकों की नियुक्ति का सर्व आदिवासी समाज ने स्वागत करते हुए पालकों से बच्चों को स्कूलों में दाखिले की अपील की है।

बीजापुर जिले में शैक्षणिक व्यवस्था के सुधार के लिए प्रशासन द्वारा एकल विद्यालयों में दो शिक्षकों की नियुक्ति का सर्व आदिवासी समाज ने स्वागत करते हुए पालकों से बच्चों को स्कूलों में दाखिले की अपील की है। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी में बताया कि बीते दिनों जिले के कलेक्टर अनुराग पांडेय के साथ आदिवासी समाज प्रमुखों की बैठक में जिले की शैक्षणिक व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई थी। जिले के बंद पड़े स्कूलों को खोले जाने के बाद सुविधाओं वृद्धि सहित एकल शिक्षकीय शालाओं में दो शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है जिसका समाज स्वागत करता है।

भवन की आठवीं मंजिल से कूदी महिला

## महिला की निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरने के कारण मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आत्महत्या का मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने आठवीं मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। साथ ही मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

यह पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका का नाम शबनम 40 वर्षीय बताया जा रहा है। मृतका महिला आरडीए कॉलोनी के एच ब्लॉक में रहती थी। बताया जा रहा है कि महिला अविवाहित थी। वह मानसिक रूप से बीमार थी। सुसाइड करने से पहले महिला दौड़ते हुए निर्माणाधीन बिल्डिंग के आठवीं मंजिल पर चढ़ गई और वहां से छलांग लगा दी, महिला की सिर फटने से मौके पर मौत हो गई।

### महिला अविवाहित और मानसिक रूप से बीमार थी



प्राथमिक जांच में महिला को अविवाहित और मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। मृतका निर्माणाधीन बिल्डिंग के आठवीं मंजिले पर दौड़ती हुई चढ़ गई। इसके बाद वहां से छलांग लगा दी। इससे महिला मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छगः मुख्यमंत्री मेगा प्लेसमेंट कैंप में 1300 युवाओं को मौके पर ही मिले ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर में स्वर्गीय लखीराम आडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय मुख्यमंत्री मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ। जहां 1300 युवाओं को मौके पर ही कंपनियों का ऑफर लेटर दिया गया।

बिलासपुर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर यहां आयोजित मेगा प्लेसमेंट कैंप काफी सफल रहा। बड़ी संख्या में लोग नौकरी की चाह में कैंप में बायोडाटा लेकर पहुंचे। निजी कंपनियों द्वारा इंटरव्यू के बाद लगभग 1300 युवाओं को कैंप में ही ऑफर लेटर दिए गए।



## दोपहर में बूंदाबांदी के बाद, बनी रही उमस

# अगले 24 घंटों में झमाझम बारिश के आसार

**जबलपुर।** प्रचंड गर्मी के बाद अब राहत भरी खबर यह है कि दक्षिण पश्चिमी मानसून शहर में दस्तक दे चुका हैं। अगले 24 घंटों के दौरान तेज हवाओं के साथ कही-कही भारी बारिश की चेतावनी भी दी गई है। मौसम विभाग द्वारा भोपाल और जबलपुर संभाग में मानसून की अधिकारिक घोषणा कर दी है। एक दिन हुई प्री-मानसूनी बारिश ने गर्मी से कुछ राहत दी। रात में हवाओं में ठडंक घुल गई थी लेकिन सुबह से फिर धूप निकली रही और बादलों की आवाजाही बनी रही जिससे उमस बढ़ गई थी। मौसम कार्यालय के मुताबिक उड़ीसा से झारखण्ड के बीच कम दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है। राजस्थान से लेकर बंगाल की खाड़ी तक लो प्रेशर की द्रोणिका (रेखा) बनी हुई है। जिसके अगले 24 घंटों के दौरान गरज चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है। प्रदेश में मानसून की दस्तक के बाद जबलपुर में शुक्रवार को मौसम के मिजाज स्थिर नहीं रहे। सुबह धूप निकली, बादल छाए और दोपहर में हल्की वर्षा हुई या यूं कहे कि बूंदाबांदी हुई, जिससे पारा नीचे खिसक गया था लेकिन उमस बनी रही।



### आसमान पर छाये मेघ

मौसम कार्यालय के मुताबिक भोपाल और जबलपुर संभाग में 27 जून गुरुवार को मानसून ने दस्तक दे दी। लेकिन अब तक जोरदार बारिश नहीं हो पाई। गुरुवार की शाम हुई जोरदार बारिश के बाद शुक्रवार को बादलों की आवाजाही का क्रम बना रहा और दोपहर 3.30 बजे बूंदाबांदी हुई जिससे हवाओं में ठंडक घुल गई थी और उमस बनी रही। आसमान पर बादल छाये थे। रात तक बारिश होने के आसार बने।

### तापमान गिरा

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। सूर्योदय प्रातकाल 5.28 बजे व सूर्यास्त सायंकाल 7.00 बजे हुआ। हवा में नमीं प्रातःकाल 85 प्रतिशत और सायंकाल 85 प्रतिशत आंकी गई। प्रदेश में सबसे अधिक 39.5 डिग्री तापमान छत्तरपुर में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 27.06 और न्यूनतम तापमान 23.07 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उड़ीसा, झारखंड के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने से अगले 24 घंटों के दौरान जिलें के कई स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। दक्षिणी-पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। पिछले 24 घंटों के दौरान 29.08 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल बारिश का आंकड़ा महज 89.04 मिमी (3 इंच) पर अटका हुआ है। जबकि गत वर्ष आज के दिन 83.0 मिलीमीटर वर्षा हुई थी और कुल वर्षा 200.02 मिमी दर्ज की गई थी। इस तरह गत वर्ष के मुकाबले बारिश का आंकड़ा काफी पीछे चल रहा हैं।

## चोरी के माल से सराफा व्यापारी परेशान

# अब ज्वेलर्स नहीं खरीदेंगे पुराना सोना

**जबलपुर।** शहर में लगातार चोरी और ठगी की वारदातें हो रही हैं। चोर नए-नए तरकीबें अपनाकर जहां वारदातों को अंजाम दे रहे है वहीं नकली बिल लाकर पुराना सोना बेचकर सुनारों को भी मुसीबत में डाल रहे है। एक तरफ जहां उन्हें नुकसान होता वही दूसरी और कानूनी लफड़े भी झेलना पड़ता है। लिहाजा सराफा एसोसिएशन जबलपुर ने अपनी एक आवश्यक बैठक में तय किया है कि ज्वेलर्स अब पुराना सोना नहीं खरीदेंगे। सराफा एसोसिएशन का मानना है कि इससे चोरियां भी रुकेगी और ज्वेलर्स परेशानियों से भी बचेंगे। सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ ने बताया कि चोर नए नए तरीके अपनाकर ज्वेलर्स के पास चोरी के जेवर बेच रहे हैं। इससे सराफा व्यापारी आए दिन परेशानी का सामना कर रहे हैं। यह बात भी सामने आई है कि चोर पुराना सोना नकली बिल बनाकर बेचने या गिरवी रखने का काम कर रहे है। सराफा एसोसिएशन ने ज्वेलर्स के लिए कुछ निर्देश तय



किए हैं जिसके मुताबिक यदि कोई पुराना सोना लाता है तो पुराना बिल भी उसके पास होना चाहिए, यदि पुराने जेवर के बदले नए जेवर ग्राहक ले रहा हैं तो उसका पुराना बिल जरुर देखा जाए साथ ही आधार कार्ड और पेन कार्ड नंबर लिया जाए। अगर अपरिचित ग्राहक पुराने जेवर गिरवी व बेचने आता है तो बिल होने के बाद न तो उससे सोना खरीदा जाए और न सोना गिरवी रखा जाए। नया ग्राहक अगर बगैर बिल के जेवर गिरवी रखता है तो उसकी पूरी तस्दीक कर ली जाए। रेगुलर ग्राहक यदि बिल नहीं देता है तो भी सोना गिरवी न रखे, क्योंकि चोर अपनी मजबूरी बताकर परिचितों के माध्यम से जेवर गिरवी रखवा रहे हैं।

### गलाई व टंच भी न करें

सराफा एसोसिएशन ने यह भी तय किया है कि कोई भी रिटेल ग्राहक सोने की गलाई व टंच कराने आए तो दुकान से कंफर्म करने के बाद ही उसका काम करें, क्येंकि किसी भी दुकान के नाम से किसी भी लड़के को भेजकर यह काम करा रहे हैं। यदि कोई कारीगर गलाई वाले के यहां अपनी छीलन, कतरन, डाई आदि के अलावा अगर पुराना जेवर नया जेवर या संदेहास्पद कोई सामग्री गला रहा है तो पहले उसकी पूरी जानकारी ले ले और सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी से संपर्प करने के बाद ही उसका काम करें, साथ ही कहा गया है कि यदि कोई कारीगर अपनी घटी के अलावा ज्यादा सोना बेचता है या बार-बार सोना बेच रहा है तो उसकी जानकारी ली जाए क्योंकि ऐसे मामलें भी सामने आए है जहां छिलाई वाले कारीगरो के यहां से होलसेलर और कारखाने वाले अपनी छीलन एक डेढ़ महीने बाद इकट्ठी लेते हैं ऐसे में सतर्प होकर कारीगरों से सोना खरीदी करें। गलाई वाले सिर्फ गलाई करें और टंच वाले सिर्फ टंच करें अगर खरीद बिक्री रजिस्ट्रेशन करायें तो उनका जीएसटी नंबर लेने के बाद ही खरीद बिक्री सिर्फ व्यापारी से की जाए।

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के विरोध में होगा कलेक्ट्रेट का घेराव

**जबलपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर 1 जुलाई होने जा रहे कलेक्ट्रेट घेराव को लेकर जबलपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। साथ ही इस बैठक में यह भी तय किया गया की आने वाली 1 जुलाई दिन सोमवार को सुबह 12 बजे टाउन हॉल गांधी जी की प्रतिमा से हजारों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पैदल कलेक्ट्रेट की तरफ कूच करेंगे, जिसमें समूचे जबलपुर से कांग्रेस का एक-एक सिपाही गली मोहल्ले से आम नागरिकों के साथ इस घेराव में शामिल होगा, इस बैठक में शामिल प्रवक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी एवं साथ में सुझाव भी साझा किया जिससे इस घेराव को और अधिक बल मिल सके। बैठक में उपस्थित लखन घनघोरिया जी ने कहा की आज तक देश में इससे बड़ा घोटाला कहीं नहीं हुआ मध्य प्रदेश छात्रों के भविष्य खिलवाड़ करने वाला देश का पहला प्रदेश बन गया है यहां पर परीक्षा की तैयारी नहीं करनी पड़ती है सिर्फ सत्ता दल के किसी भी नेता का खास बनना पड़ता है और उनके द्वारा छात्रों को पेपर उपलब्ध कराकर उत्कृष्ट छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है। बैठक में उपस्थित ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निलेश डॉक्टर नीलेश जैन ने अपनी बात रखी और उन्होंने बताया कि किस तरह देश में नीट परीक्षा एवं मध्य प्रदेश में नर्सिंग व्यापम पटवारी और न जाने कितनी ही प्रतियोगी परीक्षाओं में चंद पैसों के लालच में सत्ताधारी दल के लोग छात्रों के भविष्य को बेच देते हैं। बैठक में उपस्थित नव नियुक्त नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने उनके युवक कांग्रेस अध्यक्ष रहे समय के संघर्ष को साझा किया और उन्होंने बताया




कि कैसे देश में व्यापम जैसे मुद्दे को छुपा दिया जाता है और मुख्यमंत्री अपने किसी सहयोगी मंत्री को फंसाकर जेल भेज देते हैं और अपने के घोटाले को छुपा कर अपनी पीठ थपथपा लेते हैं। बैठक में उपस्थित सौरभ नाटी शर्मा ने अपने विचार रखें और उन्होंने बताया कि 1 तारीख को होने जा रहे कलेक्ट्रेट घेराव में शहर एवं ग्रामीण के वह छात्र भी सम्मिलित होंगे जो इस प्रतियोगी परीक्षाओं में इस घोटाले का शिकार हुए साथी जबलपुर शहर का हर वह युवा इस शक्ति प्रदर्शन मैं शामिल रहेगा जो आज बेरोजगारी और ठेकेदारी प्रथा का शिकार है, साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि यह घेराव सरकार की ईट ईट बजा देगा, क्योंकि जबलपुर शहर में छात्रों के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ इस भाजपा की सरकार ने किया है वह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जब तक उन छात्रों को न्याय नहीं मिलता है कांग्रेस पार्टी लगातार सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी, साथ ही उन्होंने इस बात की जानकारी भी दी किया यह घेराव सिर्फ मध्य प्रदेश की सोई हुई सरकार को जगाने के लिए नहीं बल्कि चिकित्सा मंत्री के तत्काल इस्तीफा की मांग को लेकर भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी का दिनेश यादव, सन्मति सैनी,गुड्डू उस्मानी, अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा,अतुल नरेश बाजपेई,प्रमोद पटेल,राकेश पांडे, ताहिर अली, अमरचंद बावरिया,चमन पासी,रितेश बंटी गुप्ता, झल्लेलाल जैन, मदन लरिया, शिव कुमार चौबे, प्रवेन्द्र चौहान, विजय रजक, रिजवान अली कोटी, अमोल चौरसिया, अभिषेक यादव, रामदास यादव, विष्णु विनोदिया, सचिन वाजपेई, श्रीकांत विश्वकर्मा, प्रहलाद पटेल, प्रभा सिंह, राखी रज्जू सराफ, कहकसा अंजूम, सत्यम बाबा, प्रशांत जैन, असलम खान, गोपाल भाई, संदीप जैन, आदि उपस्थित हुए।

# प्रेम नगर में जल प्लावन की समस्या को लेकर जल्द बनेगा प्लान : मंत्री

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के गुप्तेश्वर वार्ड के राम मंदिर परिसर और गिरीराज किशोर कपूर वार्ड के भोले कुटी में जाकर विकास कार्यों को लेकर चौपाल किये। इस दौरान उन्होंने कहा क प्रेम नगर में जल प्लावन की समस्या को लेकर जल्द ही ठोस कार्यवाही की जायेगी। जिससे आगामी समय में क्षेत्र के लोगों को जल प्लावन की समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि जितने भी विकास कार्यों के भूमिपूजन हो चुके है उनके टेंडर हो चुके है, अब शीघ्र ही वे कार्य शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हमारी ताकत है, इसलिये हर वार्ड में आकर कार्यकर्ता व आम जन से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण का रास्ता निकाला जा रहा है। यह कार्यकर्ता की ताकत है कि उनके साथ बैठकर समस्याओं के समाधान के सुझाव लिये जा रहे हैं। मंत्री सिंह ने कहा कि वे कार्यकर्ताओं को सुनने व आपकी समस्याओं को जानने के लिये उनके बीच हैं। विकास कार्यों में जो भी स्थानीय समस्या है उसके निराकरण समुचित रूप से किया जायेगा। विकास कार्ये में आने वाली हर बाधाओं को दूर




किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर वार्ड में राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई आदि की सुनिश्चितता को लेकर प्राथमिकता से कार्य किये जा रहे हैं। यदि कहीं बुनियादी सुविधाओं में बाधा आ रही है तो उसके निराकरण के लिये स्थानीय स्तर पर नागपाल गार्डन में कार्यालय भी है जहां अपनी समस्याओं को पंजीबद्ध कराकर निराकरण करा सकते है। इसके साथ उन्होंने कहा कि विकास के जो भी कार्य हुये है उन्हें आम जनता के बीच लायें। यह चौपाल कार्यकर्ताओं से उनके जीवंत संवाद बना रहे इसलिये वे पशचिम विधानसभा के सभी वार्डों में चौपाल कर कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहें है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिये रास्ता निकाल रहे हैं। साथ ही कहा कि जनता के हित से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिये वे सदैव तत्पर रहेंगे। चौपाल के दौरान अभय सिंह सहित मंडल अध्यक्ष और आम जन उपस्थित थे। वहीं क्षेत्र के संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

## तीन वार्डे में 2 करोड़ की लागत से सड़कों के भूमिपूजन

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह , पनागर विधान सभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी , बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह लोधी, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, राम सोनकर, पार्षद श्रीमती अर्चना सिंसोदिया, ने लगभग 2 करोड़ 21 लाख रूपये के विकास कार्ये का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया। ाहापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 वार्डे में रहने वाले हजारों नागरिकों को एक साथ 3 वार्डे में एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण की सौगात मिलेगी। भूमिपूजन के मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", ने बताया कि पनागर विधायक सुशील तिवारी और बरगी विधायक नीरज सिंह लोधी की पहल और पार्षदों की अनुशंसा पर दोनो विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डे में रहने वाले नागरिकों को राहत पहुंचाने एवं सुगम आवागमन के लिए 2 करोड़ 21 लाख 42 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गयी। जिसके अंतर्गत उक्त स्वीकृत राशि से विकास कार्ये को प्रारंभ कराकर क्षेत्रीय वार्डे में रहने वाले समस्त नागरिको को अनेक विकास कार्ये की सौगात प्रदान की गयी है। इससे 3 वार्डे में रहने वाले नागरिकों के अलावा आस-पास के क्षेत्रीय आवादी को भी लाभ मिलेगा।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारी शुरु



## कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार जबलपुर में 20 जुलाई को प्रस्तावित रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव-2024 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा इसके सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुसोनाक्षी सक्सेना, सयुंक्त कलेक्टर नदीमा शीरी, स्मार्ट सिटी के सीईओ सत्येंद्र सिंह तथा सभी सबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पेरेशन जबलपुर की कार्यकारी संचालक सुसृष्टि प्रजापति ने बताया कि जबलपुर में आयोजित की जा रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। कॉन्क्लेव में जबलपुर संभाग में स्थापित, स्थापनाधीन एवं प्रस्तावित उद्योगों से संबंधित प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संगठनों सहित लगभग 1000-1200 निवेशकों की सहभागिता होगी। कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के अतिरिक्त एग्रीकल्चर, फूड प्रोसेसिंग एवं हार्टीकल्चर, टेक्सटाईल एवं गारमेण्ट, एयरो स्पेस एवं डिफेन्स तथा माईन्स एण्ड मिनरल्स सेक्टर को बढ़ावा देने हेतु सेक्टोरियल सेशन का भी आयोजन होगा। साथ ही वॉयर सेलर मीटिंग, ई-बिज सेलर्स रजिस्ट्रेशन, वन-टू-वन मीटिंग, उद्योगों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण, भूमि आवंटन पत्रों का वितरण, आशय पत्रों का वितरण, कल्चरल प्रोग्राम एवं नेटवर्किंग डिनर के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से समन्वय स्थापित कर कॉन्क्लेव के आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिये। बैठक में बताया गया कि जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पेरेशन द्वारा सीआईआई तथा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के सहयोग से किया जायेगा।

## रिसर्च में यह पाया गया है कि आक्सीजन की एक दिन की कीमत 13 लाख रूपये है, इसे प्रकृति से हम मुफ्त में प्राप्त करते हैं

# पौधारोपण की नयी तकनीक अपना रहा है जबलपुर

**जबलपुर।** बारिश के दौरान जिले में व्यापक पैमाने पर किये जाने वाले पौधारोपण और उनकी सुरक्षा को लेकर जिला पंचायत ने जिले की सभी पंचायतों के सरपंच, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों, उपयंत्रियों, सहायक यंत्रियों और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यशाला आयोजित की । सिहोरा विधायक संतोष वरकडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिंया, वन मण्डल अधिकारी ऋषि मिश्र, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह मौजूदगी में आयोजित इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर मुंबई से आये ग्रीन यात्रा संस्था के प्रदीप त्रिपाठी एवं सिद्धार्थ इंगले ने पौधारोपण के तकनीकी के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुये सिहोरा विधायक वरकडे ने पौधारोपण जीवन के लिये अतिमहत्वपूर्ण। उन्होंने पौधारोपण के साथ-साथ पौधे की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाने पर जोर



दिया। वरकड़े ने कार्यशाला के आयोजन के लिये जिला पंचायत की सीईओ की तारीफ भी की। कार्यशाला में गैर सरकारी संगठन ग्रीन यात्रा के मुंबई से पधारे विषय विशेषज्ञ सिद्धार्थ इंगले द्वारा पौधारोपण के तकनीकी पहलूओं पर विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने कहा कि एक रिसर्च में यह पाया गया है कि आक्सीजन की एक दिन की कीमत 13 लाख रूपये है, इसे प्रकृति से हम मुफ्त में प्राप्त करते हैं और यह अनमोल है । इंगले ने कहा कि यह सभी का दायित्व है कि पौधारोपण मर तकनीकी का भी इस्तेमाल करें, ताकि शतप्रतिशत पौधों को बचाया जा सके।

कार्यशाला के समापन पर जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने जिले में पदस्थ सभी उपयंत्रियों को यह बताया कि मनरेगा अंतर्गत किस प्रकार से पौधारोपण करना है । उन्होंने जिले में संचालित वाटरशेड की दो परियोजनाओं में परमाकल्चर के माध्यम से ही पौधारोपण किये जाने के निर्देश दिये । श्रीमती सिंह ने स्पष्ट किया गया कि आगामी दिवसों में जनपद पंचायत के भ्रमण के दौरान ये सारी बातें धरातल पर दिखनी चाहिये । इसके लिये सभी जनपद अपनी टीम के साथ तैयारी कर लें । जिला पंचायत की सीईओ ने कार्यशाला में उपस्थित सभी विषय विशेषज्ञों, वनमण्डल अधिकारी एवं सभी प्रतिभागियों का आभार भी व्यक्त किया गया।

# जुए के फड़ पर छापा मारकर जुआड़ियों से जप्त किये 6 हजार 440 रुपए

**जबलपुर।** ओमती पुलिस ने भरतीपुर शिव पार्वती मंदिर के पास बिजली खंबे के नीचे चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 5 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी 6 हजार 440 रुपए जब्त किए है। ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि झंडा चौक प्रेमसागर निवासी 28 वर्षीय लल्ला उर्फ सचिन, भरतीपुर ज्ञानमुर्गी के घर के पास ओमती निवासी 19 वर्षीय शीबू उर्फ अनमोल सोनकर, प्रेमसागर सरकारी क्वाटर के पीछे हनुमानताल निवासी 22 वर्षीय दीपक बर्मन, धनवंतरी नगर लालबाबा थाना गढ़ा निवासी 39 वर्षीय सतीश अहिरवार और मरही माता मंदिर के पास हनुमानताल निवासी 23 वर्षीय हिमांशु उर्फ सौरभ सोनकर गत दिवस भरतीपुर शिव पार्वती मंदिर के पास बिजली खम्भे के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते और नगदी 6 हजार 440 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने सभी जुआड़ियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## जिले में ट्यूबवेल खनन पर लगा प्रतिबंध हटा

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत जबलपुर जिले में ट्यूबवेल खनन पर प्रतिबंध आदेश को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। प्रतिबंध हटा दिये जाने के बाद जिले में अब ट्यूबवेल खनन कराने के लिये प्रशासकीय अनुमति की बाध्यता नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### लोक सेवा आयोग मे चयनित होने पर अदिति का किया सम्मान

**कटनी।** टेवाईट महाविधालय की बी.एड छात्रा अदिति गौतम का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयन हुआ है, इस अवसर पर अदिति गौतम को सम्मानित करते हुए प्राचार्य जैनेंद्र द्विवेदी ने अपने समवोधन मे कहा कि मन की संकल्प शक्ति से छोटे से पिपरौंध ग्राम की छात्रा अदिति गौतम का प्रतिष्ठा पूर्ण लोक सेवा आयोग की चयन परीक्षा मे सफलता अर्जित की है, जो सभी ग्रामीण क्षेत्र मे पढ़ने वाले छात्रों को प्रेरणा है, कालेज मे अदिति की मैंटर नीतू चौबे, विभागाध्यक्ष पूनम मिश्रा, रश्मि वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उप संचालक संचित जैन, असि. प्रोफेसर अजय दुबे, हरि प्रिया, शिवम परौहा, शीशंक जैन आदि सभी सहयोगियों ने बधाई दी।

### कलेक्टर के निर्देश के बाद समस्या का समाधान

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर बच्चो की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम इमलिया स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल भवन के ऊपर से निकली 11 के.व्ही.ए लाईन को अन्यत्र थापित करने हेतु सर्वे एवं स्थल का निरीक्षण कराया जाकर लाईन को शिफ्ट करनें हेतु स्वयं के व्यय से प्राक्कलन तैयार किया जाकर लाईन की शिफ्टिंग हेतु एस.टी.सी संभाग को कार्यादेश जारी कर दिया गया है। विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद को प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल ग्राम इमलिया के शाला भवन के ऊपर से निकली 11 के.व्ही.ए लाईन से बच्चों पर जान जोखिम का खतरा मंडराने के कारण लाईन को अन्यंत्र स्थापित किये जाने के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर कार्यपालन अभियंता सं/स दक्षिण संभाग मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को लाईन अनयंत्र स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

### हितग्राही बैंक खते को आधार से लिंक करवायें

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा समस्त विभागों को राज्य प्रायोजित डीबीटी योजनाओं में हितग्राहियों की पहचान के लिये मुख्य रूप से आधार का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। संचालित समस्त योजनाओं में पारदर्शिता के लिये निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ई-केवायसी तथा योजनाओं अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। उक्त व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक, हितग्राही की आधार ईकेवायसी कराए जाने के पश्चात ही किसी भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। पंजीकृत श्रमिक, हितग्राही के बैंक खाते का आधार से लिंक होना अनिवार्य है। हितग्राही का योजना अंतर्गत सहायता राशि का भुगतान पदाभिहित अधिकारी द्वारा ईपीओ जारी कर डिजीटल साईन के पश्चात हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में ही प्राप्त होगा।

---


## कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, तय समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की दी हिदायत

# 33 करोड़ की लागत से बन रहे सीएम राइज स्कूल में कमियां मिलने पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरुवार को विकासखंड रीठी क्षेत्र का भ्रमण कर निर्माणाधीन शासकीय आईटीआई और सी.एम.राइज स्कूल के भवन का औचक निरीक्षण किया और निर्माण एर्जेसियों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य सुनिश्चित करने की हिदायत दी। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार आंकाक्षा चौरसिया, जनपद पंचायत रीठी के सीईओ चंदूलाल पनिका, एसडीओ लोक निर्माण विभाग विवेक श्रीवास्तव और नायब तहसीलदार खगेश भलावी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने 12 करोड़ 63 लाख 41 हजार रूपये की लागत से रीठी मे निर्माणाधीन शासकीय आईटीआई भवन के कार्य का निरीक्षण किया। यहां निर्माणाधीन शासकीय आईटीआई के परिसर मे बन रहे आईटीआई भवन मे 6 ट्रेड संचालित होंगे ।



साथ ही 60 सीटर बालक और 60 सीटर बालिका छात्रावास भवन सहित 7 निर्माणाधीन आवास गृहों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने यहां के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और जारी कार्य पर संतोष जताया। यहां मौके पर कलेक्टर को कार्य प्रगति पर मिला। बताया गया कि शासकीय आईटीआई भवन निर्माण का कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। अब तक आईटीआई भवन के निर्माण पर करीब साढे. तीन करोड़ रूपये खर्च होनें की जानकारी कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रदान की गई।

रीठी में करीब 10 एकड भू- क्षेत्र से अधिक के रकवा मे 33 करोड 66 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यहां लगी फर्श की टाईल्स वर्क गुणवत्तापूर्ण नहीं पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए लगाई गई टाईल्सों का लेबल सही ढंग से मिलान कराने की हिदायत दी। ताकि भवन निर्माण के बाद फर्श की टाईल्सों में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। कलेक्टर ने निर्माणाधीन सीएम राईज भवन की तराई का कार्य कम होने पर भी नाराजगी जताई और उन्होंने यहां की निर्माण एजेंसी और ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाकर निर्धारित समयावधि के भीतर भवन निर्माण कार्य पूरा करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान



बताया गया कि अब तक 15 करोड़ 92 लाख 19 हजार की राशि व्यय हो चुकी है।

### बैराज का निरीक्षण

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अपने निरीक्षण के दौरान रीठी के ग्राम करहैया मे करीब डेढ़ करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन कन्दाहा नाला बैराज का निरीक्षण किया। उन्होने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन व्ही.ए.सिद्धिकी को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि के भीतर बैराज निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैराज का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद इससे 180 हैक्टेयर भू-क्षेत्र की सिचाई होगी इससे ग्राम करहैया के 227 कृषक लाभान्वित हो सकेंगे। बताया गया कि कुन्दाहा नाला बैराज का जल ग्रहण क्षेत्र 70 वर्ग किलोमीटर है। जबकि इसके बनकर तैयार हो जाने के बाद इसकी जल भराव क्षमता 0.51 मिलीघनमीटर रहेगा।

---

### छात्रा ने लगाई फांसी, बालक ने पिया कीटनाशक

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर खिरवा खुर्द निवासी कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ने वाली 17 वर्षीय प्रिया उर्फ पल्लवी लोधी को बुधवार सुबह उसकी मां ने अधिक मोबाइल चलाने के कारण फटकार लगाई। मोबाइल चलाने से रोका और मोबाइल छीन लिया। गुस्से में प्रिया अपने कमरे में चली गई और कमरा अंदर से बंद कर लिया। रात में पिता रंगनाथ लोधी वापस लौटे तो बेटी को बुलाया। मां ने पूरी जानकारी दी तो बेटी को कमरे से बुलाकर लाने को कहा। कमरा बंद था जो की नहीं खुला। पिता ने बड़ी मुश्किल से खिड़की से हाथ डालकर दरवाजा खोला तो प्रिया फंदे में झूल रही थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल पुरैनी निवासी बलराम ने अपने 12 वर्षीय पुत्र बद्रीनारायण को गुरुवार सुबह मोबाइल में गेम खेलने को लेकर डांट लगाई। पिता ने मोबाइल अपने पास रख लिया और खेत चला गया। सुबह 11 बजे जब वह घर लौटा तो मासूम जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़ा था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने अधिक मोबाइल चलाने के कारण पुत्र को डांटा था, जिससे नाराज होकर उसने कीटनाशक पी लिया।

---

*जीवन के मुख्य धारा से जोड़ने के अभिनव प्रयास*

## हरदुआ ग्राम के पारधी परिवारों के बच्चों को स्कूल में दिलाया दाखिला, किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी तहसील अंतर्गत ग्राम हरदुआ में रहने वाले पारधियों को जीवन की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक के प्रयासों से शिक्षा विभाग के साथ मिलकर हरदुआ स्कूल में बच्चों को शिक्षित करने के लिए उन्हें स्कूलों में दाखिला दिलाया गया। पुलिस के द्वारा और भी बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए लगातार सर्वे का कार्य किया जा रहा है। पारधि परिवार के बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाने खुद जिले के मुखिया कलेक्टर अवि प्रसाद पहुंचे। कलेक्टर अवि प्रसाद ने बच्चों को किताबें भेंट करते हुए उन्हें प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

पारधी परिवारों को अपराध से



तौबा कर सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर कुठला थाना प्रभारी द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रयासों की कड़ी में कुछ दिन पहले पारधियों की बस्ती में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक के अलावा कुठला थाने का बल मौजूद रहा।

### जीवन को संवारने प्रयास

पारधी परिवारों के बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए आज कुठला पुलिस के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद ने पारधी समुदाय की समस्याओं को देखते हुए आगामी दिनों में समस्या निवारण सिविल लगाने का आश्वासन दिया। पारधियो से बातचीत करते हुए कलेक्टर अवि प्रशाद ने कहा की पारधी समुदाय शिक्षा के अभाव में अपराध की ओर बढ़ता है इन्हे शिक्षित कर इनके जीवन को संवारने के प्रयास किए जाएंगे।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, डीपीसी केके डेहरिया के अलावा अन्य अधिकारी वा स्कूल स्टाफ सहित ग्रामीण जनों की मौजूदगी रही।

---

## लक्ष्यपूर्ति के लिए सलाहकार समिति की हुई समीक्षा बैठक



वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्यानुसार वसूली के संबंध में दिनॉक 25 जून 2024 मंगलवार को सांय 4 बजे से राजस्व सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक एमआईसी कक्ष नगरपालिक निगम कटनी में आयोजित की गई। उक्त बैठक में विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में की गई वसूली की समीक्षा की जाकर 15 प्रतिशत अधिक राशि वसूल किये जाने के साथ ही बाजार बैठकी की वसूली में वृद्धि किये जाने हेतु सख्त निर्देश दिये गये। वर्तमान में सालहाल का सम्पत्तिकर जमा किये जाने पर 5 प्रतिशत की छूट प्रदाय की जा रही है अतः समस्त करदाताओं से अपील की गई कि समय पर अपने कर का भुगतान करते हुये निगम द्वारा प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त करते हुए कटनी के सर्वांगीण विकास में अपना सहयोग अवश्य प्रदान करें। बैठक में निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल, सलाहकार समिति के प्रभारी सदस्य शशिकांत तिवारी, सदस्य वंदना राजकिशोर यादव, एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता, रेखा संजय तिवारी, ईश्वर बहरानी, प्रभा गुप्ता, उपायुक्त पी के अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक के साथ-साथ समस्त राजस्व उप-निरीक्षकगण तथा नामांतरण लिपिक, राजस्व लिपिक की उपस्थिति रही।

---

## कबाड़ दुकान संचालकों ने लगायी गुहार, पहले किया जाए व्यवस्थापन फिर की जाए सीलबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कांग्रेस पार्षद मिथलेश जैन की अगुवाई में गत दिवस कबाड़ दुकान संचालकों ने नगर निगम पहुँच कर महापौर प्रीति संजीव सूरी से न्याय की गुहार लगाई। दुकानदारों ने कहा कि ज़िला प्रशासन द्वारा कबाड़ दुकानों को सील करने की कार्यवाही कर दी गई। उन्होंने महापौर से मांग करते हुए कहा कि पहले कबाड़ दुकानों का व्यवस्थापन किया जाये, तत्पश्चात सील की कार्यवाही की जावे, जिससे सभी गरीबों की रोज़ी रोटी चल सके। उन्होंने कहा की किंतु प्रशासन द्वारा इसके विपरीत कार्यवाही करते हुए व्यवस्थापन किए बिना ही दुकानों को सील कर बंद कर दिया गया जिसके चलते सभी की रोज़ी रोटी बंद होने से सभी दुकान संचालकों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़



रहा है। सभी के द्वारा व्यवस्थापन होने तक कबाड़ दुकानों की सील खोलने की माँग महापौर सूरी से करते हुए कहा गया कि हम लोग शासन के निर्देशानुसार ही व्यवसाय करेगे किसी नियम और भंडारण आदि का उल्लंघन नहीं करेंगे। सभी की बातों को सुनते हुए महापौर सूरी ने क्षेत्रीय सांसद प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा और कटनी के जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी से दूरभाष में बात की। बीडी शर्मा द्वारा आश्वासन दिया गया की किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। महापौर ने समस्त कबाड़ दुकानदारों से कहा कि आप सभी की समस्याओं के निराकरण हेतु मेरे द्वारा अवश्य पूर्ण प्रयास किए जा रहे है। हमारे द्वारा किसी भी गरीब भाई बहन का अहित नहीं किया जाएगा। आप सभी हमारे शहर के ही नागरिक है और हमारी परिषद द्वारा शहर की समस्त जनता के हित में ही कार्य किया जाएगा। समस्त दुकानदारों को व्यवस्थित होकर दुकानों सील खोलने की कार्यवाही हेतु आवश्यक कदम जल्द उठाएं जा रहे हैं।

---

*बरही महाविद्यालय में नशा निषेध दिवस पर हुआ आयोजन*

## विद्यार्थियों को विभिन्न तरह के नशे के बताये दुष्परिणाम, दूर रहने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर.के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद सिंह के नेतृत्व मे विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया गया। डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि हर साल 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है एवं इस दिन को एक थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है साल 2024 में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस की थीम है "साक्ष्य स्पष्ट है रोकथाम में निवेश करें" प्राचार्य श्री त्रिपाठी ने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को नशे की लत से होने वाले खतरों के बारे में अवगत कराने के साथ ही अवैध दवा व्यापार के जोखिमों के बारे में भी जागरूक करना है। आजकल लोग शराब, ड्रग्स, गांजा और हेरोइन जैसे कई तरह के नशे कर रहे हैं। इनसे हो सके आपको कुछ देर के लिए अच्छा फील हो, लेकिन इनकी लत आपको कई तरह की परेशानियों का



शिकार बना सकती है। बड़े ही नहीं बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इस्तेमाल के साथ ही ड्रग्स के अवैध तस्करी के भी मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी को नशा न करने की शपथ दिलाकर सभी को किसी भी प्रकार का नशा न करने के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. निगम, मनीष मिश्रा, डॉ रूपा शर्मा, पवन दुबे, दीपक मिश्रा, कृष्णपाल सिंह, कैश अंसारी, संतोषी तिवारी, आशीष तिवारी, महिमा तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, रवि साहू तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रासेयो स्वयंसेवक एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

## स्थल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जाहिर किया था नाराजगी

# जलाशय के सौंदर्यीकरण कार्यों में मिली कमियों पर जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने सुरखी पोंडी जलाशय में जारी सौंदर्यीकरण कार्यों में मिली कमियों पर कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन व्ही ए सिद्धिकी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने विगत 13 जून को विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल के साथ संयुक्त रूप से भ्रमण कर सुरखी पौड़ी जलाशय का पर्यटन सुविधाओं के विकास के नजरिए से करायें जा रहे कार्यों का अवलोकन किया था और मिलीं कमियों में सुधार करने की हिदायत दिया था।

कलेक्टर श्री प्रसाद को निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर मिट्टी का कार्य प्रगति पर मिला, लेकिन यह कार्य बिना किसी लाईन लेवल के किया जाना पाया गया।गिट्टी एक साथ एकत्रित की जा रही थी, जबकि मिट्टी की लेयर ग्रेडर के माध्यम से 30 सेमी. की मोटाई में करके पहले रोलर के माध्यम से काम्पेक्शन करने के पश्चात दूसरी लेयर बिछाने का कार्य किया जाना



चाहिये था। लेकिन स्थल पर ऐसा किया जाना नहीं पाया गया। कलेक्टर ने इसके लिए कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन श्री सिद्धिकी से स्पष्टीकरण देने निर्देशित किया है। साथ ही कार्य स्थल पर जे.सी.बी. के माध्यम से ही मिट्टी की लेयर बिछाई जा रही थी। लेयर बाय लेयर न बिछा कर एक साथ बिछा कर काम्पेक्शन किया जाना पाया गया जिससे गिट्टी के नीचे की लेयर का काम्पेक्शन नही हो पा रहा है। इसके अलावा मिट्टी के कार्य में फारमेशन लेयर एवं स्लोप चिन्हित नही किया गया है। साथ ही गिट्टी का कार्य बिना सर्वे, एल सेक्शन, क्रास सेक्शन गिट्टी की मात्रा का अवलोकन किये बिना प्रारंभ कर दिया गया है। इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने मौके पर ही नाराजगी जाहिर किया था और अब इसके लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद को निरीक्षण के दौरान इसके अलावा भी कार्य के क्रास ड्रेनेज में एक- दो स्थानों पर ही पाईप बिछाया जाना मिला,जो कि कम प्रतीत हो रहा था। कलेक्टर श्री प्रसाद ने इसके लिये कैचमेंट एरिया एवं हाईड्रोलिक डिजायन के आधार पर ही क्रास ड्रेनेज हेतु पाईप का प्रावधान रखने के निर्देश दिए थे ताकि पानी एकत्रित होने पर मिट्टी के बहने की संभावना न रहे। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन को मिट्टी का कार्य करने के पूर्व मिट्टी की क्षमता मापने के लिये प्रयोगशाला से सी.बी.आर. टेस्ट करायें जाने को अति आवश्यक बताया।

कलेक्टर ने मार्ग के निर्माण हेतु ठेकेदार द्वारा मार्ग के साइड से ही मिट्टी की खुदाई किया जाना पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि इससे वर्षा ऋतु में मार्ग में पानी एकत्रित होने से मार्ग का इम्बैकमेंट डैमेज हो सकता है। साथ ही मार्ग के जलाशय के भीतर की तरफ स्टोन पिचिंग,प्लांटेशन के प्रावधान रखने की आवश्यकता थी ,जिससे मिट्टी के कटाव को रोका जा सके। लेकिन मौका मुआयना में यह नहीं दिखा। इसके लिए भी कलेक्टर श्री प्रसाद ने कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन से स्पष्टीकरण मांगा है।

कलेक्टर ने सुरखी जलाशय के पास 2 कक्षों के प्रस्तावित भवन निर्माण के डिजायन में रिटेनिंग वाल का प्रावधान करते हुये फिलिंग करके एक निश्चित हाईट पर स्टेपिंग देकर निर्माण कराने के निर्देश दिये थे। ताकि सुरखी पौड़ी जलाशय के जल सतह के नजारे को सहजता से देखा जा सके।

---

## स्कूली बसों की जांच के लिए शुरू की गई मुहिम, कमियां मिलने पर पांच बसों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर यातायात विभाग द्वारा स्कूल बसों की जांच करने की मुहीम प्रारंभ की गई। अभियान के पहले दिन झिंझरी स्थित सेंट पॉल स्कूल के बसों की जांच यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के द्वारा की गई। बसों की जांच कार्यवाही को लेकर बातचीत करते हुए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा बसों या फिर अन्य वाहनों से स्कूल आने जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए विशेष सतर्कता बरत कर जांच कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस



अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में बसों की जांच का सिलसिला प्रारंभ किया गया।

यातायात थाना प्रभारी श्री पांडे ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल बसों में स्पीड गवर्नेंस, फायर सेफ्टी इक्विपमेंट, गाड़ी चालकों एवं बसों के दस्तावेज, महिला सहायक, बसों का फिटनेस, बीमा सहित अन्य सभी पहलुओं की जांच की गई है। उन्होंने कहा की सेंट पॉल स्कूल की बसों की जांच करते हुए पांच बसों में कमियां पाई गई, जिसके कारण बसों का जुर्माना भी किया गया है। उन्होंने कहा की स्कूल संचालकों को बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए सभी इंतजाम रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं साथ ही उन्हें यह भी हिदायत दी जा रही है कि यदि व्यवस्था में किसी तरह की चूक पाई गई तो उसके बाद उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# अमीरों की सूची में उथल-पुथल, मस्क को पछाड़ बेजोस बने अरबपति नंबर वन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अरबपतियों की लिस्ट में शुक्रवार को भी उथल-पुथल नजर आई। जेफ बेजोस एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हो गए हैं। उन्होंने एलन मस्क को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल किया है।

- अडानी को काफी पीछे छोड़कर आगे निकले


वहीं, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी अब अदाणी ग्रुप के मालिक गौतम अदाणी को काफी पीछे छोड़ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जेनसेन हुआंग भी उनसे पीछे हैं। हालांकि, इस साल की कमाई में हुआंग और अदाणी मुकेश अंबानी से आगे हैं।

## ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स ने जारी की ताजा रैंकिंग सूची

### रैंकिंग में अदानी से आगे अंबानी, लेकिन कमाई में पीछे

एशिया के सबसे रईस शख्स मुकेश अंबानी अपने हमवतन गौतम अदाणी से इस रैंकिंग में काफी ऊपर पहुंच गए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में पिछले तीन दिन से उछाल जारी है और अब वह 116 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ अदाणी से 3 पायदान ऊपर 11वें स्थान पर हैं। अदाणी 105 अरब डॉलर के साथ 14वें पोजीशन पर हैं। यही नहीं, अंबानी दुनिया में इस साल सबसे अधिक कमाई करने वाले जेनसेन हुआंग से भी दो पायदान ऊपर हैं। हुआंग 109 अरब डॉलर के साथ 13वें स्थान पर हैं।





### अधिक कमाई करने वाले टॉप-10 रईस

1. जेनसेन हुआंग 64.8 अरब डॉलर,
2. मार्क जुकरबर्ग 56.5 अरब डॉलर,
3. जेफ बेजोस 42.7 अरब डॉलर,
4. लैरी पेज 37.7 अरब डॉलर,
5. माइकल डेल 35.6 अरब डॉलर,
6. सर्गी ब्रिन 34.4 अरब डॉलर,
7. लैरी एलिसन 30.2 अरब डॉलर,
8. स्टीव बाल्मर 25.2 अरब डॉलर,
9. गौतम अदाणी 21 अरब डॉलर,
10. मुकेश अंबानी 19.9 अरब डॉलर की संपत्ति रही।

### फ्रांस के बर्नाल्ट सूची में तीसरे स्थान पर काबिज

बर्नार्ड अर्नाल्ट की दौलत गुरुवार को 2.49 अरब डॉलर घटकर 199 अरब डॉलर रह गई। अभी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर काबिज फ्रांस का यह अरबपति कुछ महीने पहले सबसे अमीर शख्स था। चौथे नंबर पर मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग है। गुरुवार को 2.22 अरब डॉलर की कमाई करने वाले जुकरबर्ग का नेटवर्थ 185 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## खबर संक्षेप

### रुपया सात पैसे चढ़कर 83.38 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 83.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा कच्चा तेल विपणन कंपनियों की डॉलर मांग ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित किया। रुपया 83.42 प्रति डॉलर के भाव पर खुला।

### सोने में 370 रुपए की तेजी चांदी 600 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 370 रुपये की तेजी के साथ 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू बाजार में मूल्यवान धातु मजबूत हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### जेएसडब्ल्यू इंफ्रा खरीदेगी नवकार कॉर्प में हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि वह करीब 1,012 करोड़ रुपये में नवकार कॉरपोरेशन में 70.37 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने नवकार कॉरपोरेशन (नवकार) के कुछ प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह (विक्रेताओं) के सदस्यों के साथ 10,59,19,675 इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण करने के लिए एक शेयर खरीद समझौता किया है।

### सोभा ने राशि जुटाने लाया 2000 करोड़ का राइट्स इश्यू



**बेंगलुरु।** रियल एस्टेट कंपनी सोभा लिमिटेड मुख्य रूप से कर्ज कम करने, जमीन और मशीनें खरीदने और अपनी विभिन्न परियोजनाओं की निर्माण लागत को पूरा करने के मकसद से 2,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए शुक्रवार को अपना 'राइट्स इश्यू'' पेश किया। यह 'राइट्स इश्यू' चार जुलाई को बंद होगा।

### बंसल वायर का आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा

BANSAL WIRE INDUSTRIES LTD.

**नई दिल्ली।** इस्पात के तार बनाने वाली कंपनी बंसल वायर इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि उसका आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा। कंपनी ने बताया कि 745 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए कीमत का दायरा 243-256 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा और पांच जुलाई को बंद होगा।

### एमक्योर फार्मा का आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा



**नई दिल्ली।** बेन कैपिटल समर्थित एमक्योर फार्मास्युटिकल्स ने शुक्रवार को कहा कि उसका आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा। कंपनी ने बताया कि उसके 1,952 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए कीमत का दायरा 960-1008 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा और पांच जुलाई को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली दो जुलाई को खुलेगी। आईपीओ में 800 करोड़ रुपये के ताजा शेयर जारी किए जाएंगे और इसमें 1.14 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## दास ने 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन में कहा

# आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरी : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बतायी।

दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत तेजी से इस्तेमाल हो रही

दास ने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है। निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है।



### डिजिटल पहुंच के दोहन का प्रयास

*दास ने कहा कि रिजर्व बैंक की टीम इन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वैकल्पिक डेटा स्रोतों से अपेक्षाओं, भावना संकेतकों और नीति विश्वसनीयता वाले उपायों का विश्लेषण करने के लिए विशाल कंप्यूटिंग शक्ति और बढ़ती डिजिटल पहुंच का दोहन करने का प्रयास कर रहा है।*

- एआई एवं मशीन लर्निंग के प्रयोग से एल्गोरिद्म खत्म किया जाए
- साख्यिकी का इस्तेमाल पसंदीदा साधन के तौर पर बढ़ रहा
- यह क्षेत्र निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है

### डिजिटल डेटा की मात्रा व भंडारण बढ़ रहा

दास ने कहा कि संग्रहीत डिजिटल डेटा की मात्रा और भंडारण क्षमता में तेजी से वृद्धि हो रही है जिससे नए अवसरों के साथ नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा, अब ध्यान एआई और मशीन लर्निंग तकनीकों में क्षमता बढ़ाने और अव्यवस्थित डेटा का विश्लेषण करने पर है।

### रिजर्व बैंक ने कई क्षेत्रों में एआई व मशीन लर्निंग अपनाया

इस दौरान नैतिक पहलुओं को भी ध्यान में रखने और एल्गोरिदम में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक ने कई क्षेत्रों में एआई और मशीन लर्निंग विश्लेषण को अपनाया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक अब उच्च आवृत्ति और वास्तविक समय पर उपलब्ध डेटा की निगरानी एवं विश्लेषण के लिए अत्याधुनिक प्रणालियां विकसित करने का लक्ष्य बना रहा है।

### आरबीआई ने एचएसबीसी पर लगाया जुर्माना



आरबीआई ने कार्ड से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर हांगकांग व शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएसबीसी) पर 29.6 लाख रुपये का जुर्माना शुक्रवार को लगाया। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि एचएसबीसी पर यह जुर्माना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 'बैंकों के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और रुपया मूल्यवर्गित सह-ब्रांडेड प्रीपेड कार्ड परिचालन' पर जारी कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है।

# एनपीएस अंशधारकों के सौदे का निपटान एक जुलाई से उसी दिन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने एक जुलाई से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अंशधारकों के लिए सौदे वाले दिन ही निपटान की अनुमति दे दी है। पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने एक बयान में कहा कि किसी भी निपटान दिवस पर सुबह 11 बजे तक ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) अंशदान उसी दिन निवेश किया जाएगा और ग्राहकों को उसी दिन एनएवी (शुद्ध संपत्ति मूल्य) का लाभ मिलेगा।

बयान के अनुसार, अब तक, ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त योगदान का निपटान अगले दिन (टी+1) निवेश किया जाता है। इसका मतलब है कि पिछले दिन तक प्राप्त योगदान अगले दिन निवेश किया जाता है। पीएफआरडीए ने कहा कि किसी भी निपटान दिवस पर सुबह 9:30 बजे तक प्राप्त योगदान को पहले से ही उसी दिन निवेश के लिए माना जाता था। अब, सुबह 11 बजे तक प्राप्त योगदान राशि भी लागू एनएवी के साथ उसी दिन निवेश किया जाएगा।

- ग्राहकों को उसी दिन एनएवी का लाभ मिलेगा

### समयबद्ध तरीके से ग्राहकों को लाभ मिले

बयान के अनुसार, पीएफआरडीए ने ई-एनपीएस के लिए 'पॉइंट ऑफ प्रजेंस' (पीओपी), नोडल कार्यालयों और एनपीएस ट्रस्ट को सलाह दी है कि वे अपने एनपीएस परिचालन को संशोधित समयसीमा के अनुरूप करें ताकि समयबद्ध तरीके से ग्राहकों को लाभ मिल सके।

# विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- समाप्त सप्ताह में बढ़कर 653 .7 अरब डॉलर रहा

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त सप्ताह में 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशीमुद्रा भंडार का सर्वकालिक उच्चतम स्तर सात जून को 655.82 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 21 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.6 करोड़ डॉलर घटकर 574.13 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 98.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.96 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.05 अरब डॉलर रहा।

आईएमएफ में भारत का आरक्षित जमा घटा रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 90 लाख डॉलर घटकर 4.57 अरब डॉलर रही।

## बीएचईएल को डीवीसी से मिला बड़ा ऑर्डर





**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) से झारखंड के कोडरमा में 1,600 मेगावाट का ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए 13,300 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। बिजली मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के केंद्र सरकार के लक्ष्य के अनुरूप, डीवीसी ने झारखंड में कोडरमा टीपीएस (2 गुना 800 मेगावाट) के इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) पैकेज के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के साथ 26 जून, 2024 को 13,300 करोड़ रुपये की निविदा को अंतिम रूप दिया है। इस निवेश से, जिसका स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पर्याप्त प्रभाव पड़ेगा और लोगों को लाभ होगा, डीवीसी की स्थापित ताप बिजली उत्पादन क्षमता 2030 तक 8,140 मेगावाट हो जाएगी।

# शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा



- सेंसेक्स 210 अंक फिसला, निफ्टी में 30 अंक की गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके साथ ही पिछले तीन दिनों से हर रोज सेंसेक्स और निफ्टी के नया रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला भी थम गया। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स पहली बार 79,000 और निफ्टी 24,000 के स्तर के पार बंद हुए थे। इस कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स 1,822.83 अंक यानी 2.36 प्रतिशत उछला जबकि निफ्टी में 509.5 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की तेजी रही। जून महीने में सेंसेक्स ने कुल 7.14 प्रतिशत की छलांग लगाई जो किसी भी महीने का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ।

*इन शेयरों में रहा नुकसान : सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान वाली कंपनी इंडसइंड बैंक रही। इसके बाद एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी गिरावट देखी गई।*

*इन शेयरों में रहा लाभ : विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, नेस्ले और टाइटन सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।*

*रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 21 लाख करोड़ रुपये के पार: रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक की तेजी आई और कंपनी का बाजार मूल्यांकन 21 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। बीएसई में कंपनी का शेयर 2.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,131.85 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 3.27 फीसदी की तेजी के साथ 3,161.45 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।*

# औद्योगिक उत्पादन मई में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- कोयला, गैस व बिजली क्षेत्र में अच्छा रहा उत्पादन

कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इन ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था।

### आठ उद्योगों का योगदान 40 फीसदी से अधिक

देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में इन आठ बुनियादी ढांचा उद्योगों का सम्मिलित रूप से योगदान 40.27 प्रतिशत है।

# सीसीआई जल्द प्रतिस्पर्धा नियमों में करेगा बदलाव





- ग्रीन चैनल अनुमोदन से संबंधित नियम भी शामिल
- विलय का विकल्प चुनने वाले को स्वत: मंजूरी मिल जाएगी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) शीघ्र ही कुछ प्रतिस्पर्धा नियमों में बदलाव लाएगा। इन नियमों में विलय और अधिग्रहण के लिए 'ग्रीन चैनल' से अनुमोदन से संबंधित नियम भी शामिल हैं। 'ग्रीन चैनल' मंजूरी के तहत विलय का विकल्प चुनने वाली कंपनियों को प्रतस्पर्धा आयोग की स्वत: मंजूरी मिल जाएगी, बशर्ते कि लेनदेन का प्रतिस्पर्धा परिदृश्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता हो। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक सम्मेलन में कहा कि वि है।

# लेलैंड का वित्तपोषण के लिए बजाज फाइनेंस के साथ करार





**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने पूरे भारत में वाहनों के वित्तपोषण के लिए बजाज फाइनेंस के साथ साझेदारी की है। अशोक लेलैंड ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने इसके लिए बजाज फिनसर्व के एक हिस्से बजाज फाइनेंस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी से अशोक लेलैंड और बजाज फाइनेंस दोनों अपने ग्राहकों को निर्बाध वित्तीय समाधान दे सकेंगे।

# सरकार की सकल देनदारियां बढ़ीं

- मार्च अंत में 3 .4 फीसदी से बढ़कर 172 लाख करोड़ हुई
- दिसंबर के अंत में 166 .14 लाख करोड़ रुपए रही

**नई दिल्ली।** सरकार की कुल सकल देनदारियां दिसंबर के अंत में 166.14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 171.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन तिमाही रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2024) में कहा गया कि यह आंकड़ा तिमाही आधार पर 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90.2 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, अंतरिम बजट में घोषित उधार योजना के अपेक्षा से कम रहने के चलते भारतीय घरेलू बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी आई। राजकोषीय घाटे के काबू में रहने, एफपीआई प्रवाह और स्थिर मुद्रास्फीति से इसमें मदद मिली।

## निवेशकों को लगातार दूसरी तिमाही में निराशा हाथ लगी

# छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार की छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को लगातार दूसरी तिमाही में निराशा हाथ लगी है। मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के लिए पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना समेत पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट की बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

2024-25 की दूसरी तिमाही जो 1 जुलाई 2024 से शुरू हो रही है और 30 सितंबर 2024 को खत्म होगी इस अवधि के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया है और जो ब्याज मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही 1 अप्रैल से 30 जून 2024 तक था वही ब्याज दर इन योजनाओं पर मिलता रहेगा।

- वित्त मंत्रालय के इस फैसले से सबसे ज्यादा निराश पब्लिक प्रॉविडेंट फंड निवेशक



### सरकार पीपीएफ को छोड़ सभी योजनाओं की ब्याज दरें बढ़ा चुकी

वित्त मंत्रालय के इस फैसले से सबसे ज्यादा निराशा पब्लिक प्रॉविडेंट फंड में निवेश करने वाले निवेशकों को हुई है जो ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद पाले हुए थे। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही से ही पब्लिक प्रॉविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। जबकि सरकार पीपीएफ को छोड़कर सभी बचत योजनाओं के ब्याज दरें बढ़ा चुकी है।

### सुकन्या समृद्धि पर 8.2 फीसदी ब्याज मिल रहा

बीते डेढ़ वर्ष में सुकन्या समृद्धि योजना से लेकर सभी बचत योजनाओं की ब्याज दरें बढ़ाई गई है. सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2 फीसदी ब्याज मिल रहा है. 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 7.1 फीसदी ब्याज मिल रहा है. इसके अलावा सेविंग डिपॉजिट पर 4 फीसदी ब्याज दरें यथावत है।

*सीनियर सिटीजन को 8.2 फीसदी मिल रहा ब्याज : एक साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज और 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। इसके अलावा सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम पर 8.2 फीसदी, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पर 7.7 फीसदी और किसान विकास पत्र पर 7.5 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है।*

चिंतन

# दिल्ली की जन समस्याएं मिलकर हल करें सरकारें

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली प्रशासनिक तौर पर देश के सामने कोई नजीर पेश नहीं कर पा रही है। रिकार्ड तोड़ गर्मी में बिजली आपूर्ति की बात हो, जल आपूर्ति संकट हो या अब भारी बारिश के चलते जलभराव की समस्या, सरकारें राजनीति करती नजर आईं। दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है, यहां शासकीय विभाजन है। कुछ चीजें दिल्ली सरकार के अधीन हैं, कुछ केंद्र सरकार के अधीन, तो कुछ नगर निगम और कुछेक एनडीएमसी के अधीन। इन सबका काम जनसेवा है, जनसमस्याओं को हल करना है, बेहतर जनसुविधा उपलब्ध कराना है, यह तभी संभव है, जब सभी शासकीय विभाग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की जनता को आगे रखकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। शासकीय इकाइयों के बीच अहंकार, अविश्वास और दायित्व बोधहीनता से किसी भी जनसमस्या का समाधान नहीं होगा। दिल्ली में जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार है और केंद्र में भाजपा की सरकार है, राष्ट्रीय राजधानी के शासकीय दायित्व के निर्वहन में टकराव है, हर मुद्दे पर राजनीति हावी है, भाजपा व आप एक दूसरे के खिलाफ हमेशा राजनीति करती रहती है, इसमें दिल्ली की जनता सफर कर रही है। दोनों दलों को मिलकर जन समस्याओं का समाधान करना चाहिए। भारत में जिस तरह की बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था है, जिस तरह नागरिकों के बीच भी भिन्न राजनीतिक अभिरुचि है, उसमें समूचे देश में सभी राज्यों व केंद्र में एक ही वक्त किसी भी एक दल या गठबंधन की सरकार आनी संभव ही नहीं है। अलग-अलग राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र में अलग-अलग दलों या गठबंधनों की सरकार रहेगी। इस सत्य को स्वीकारते हुए सत्ता में रहने वाले दलों को राजनीतिक मतभिन्नता से ऊपर उठकर जनकल्याण के लिए काम करना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि दल यह बात जानते नहीं हैं। सरकार में रहते हुए राजनीतिक व्यवहार करना निषेध होना चाहिए। चुनाव के समय राजनीतिक मतभेद और दलों के बीच स्पर्धा समझ में आती है, पर सत्ता में आने के बाद जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सियासत करना राजनीति का निकृष्टतम रूप है। यह लोकतंत्र के मकसद के लिए भी खतरनाक है। जनता अपने विवेक से सरकार का चुनाव करती है, जनसमूह का विवेक एकसम नहीं हो सकता है, ऐसे में अलग-अलग दलों की सरकारें बननी लाजिमी है। सभी दल इस तथ्य को अच्छे से आत्मसात कर लें। सरकार गठन में पद की शपथ लेने व कार्यभार संभालने के बाद सभी पदेन लोग जनता के प्रति संवैधानिक रूप से जिम्मेदार हैं। कोई भी अपने दायित्वों के निर्वहन से बच नहीं सकता। सरकार में रहते हुए अपने-अपने दायित्वों को निभाने के बजाय जिम्मेदारी निभाने के लिए दूसरे को कसूरवार ठहराना बंद होना चाहिए। दिल्ली जलमग्न है, जनजीवन अस्तव्यस्त है, बिजली व पानी के संकट का सामना कर रही है और आप व भाजपा राजनीति में डूबी हुई हैं, यह शर्मनाक है। आरोप-प्रत्यारोप से समस्याओं के हल नहीं होंगे। सभी दल हमेशा राजनीतिक मोड में रहना बंद करें। केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम और एनडीएमसी को मिलकर दिल्ली की जनसमस्याओं को दूर करना चाहिए, बजाय एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने के। संघीय व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए न कि कमजोर। भारी बारिश पर किसी का जोर नहीं, पर ड्रेनेज सिस्टम बेहतर बनाना, जलनिकासी की व्यवस्था करना सरकार के हाथ में है। पेयजल आपूर्ति सिस्टम ठीक करना हाथ में है।



कूटनीति
प्रभात कुमार राय

# अलग-थलग पड़ता जा रहा इजराइल

गाजा पट्टी के बाद इजराइली सेना ने फिलिस्तीन के इलाके रफहा पर अपनी आक्रामक सैन्य कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। रफहा में शुरू की गई इजराइल की सैन्य कार्रवाई का प्रबल विरोध अमेरिका द्वारा किया गया। इजराइल के समर्थक अमेरिका की कूटनीतिक सलाह की उपेक्षा करना इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भविष्य में काफी भारी पड़ सकता है। अमेरिका ने इजराइली हुकूमत को हिजबुल्ला तंजीम से भी युद्ध नहीं करने की भी सलाह दी थी। अमेरिका की दोनों कूटनीतिक सलाहों को अस्वीकार करके इजराइल के प्रधानमंत्री ने इजराइल को दुनिया के पटल पर अलग-थलग करने की बाकायदा शुरूआत कर दी है।

इजराइली सेना द्वारा फिलिस्तीन तंजीम हमास के विरुद्ध प्रारंभ की गई सैन्य कार्रवाई को 7 महीने से अधिक वक्त बीत चुका है। अपनी समस्त सैन्य क्षमता के बावजूद इजराइल की सेना अभी तक हमास की ताकत को पूरी तरह से नेस्तनाबूद नहीं कर पाई है। गाजा पट्टी के बाद इजराइली सेना ने फिलिस्तीन के इलाके रफहा पर अपनी आक्रामक सैन्य कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। रफहा में शुरू की गई इजराइल की सैन्य कार्रवाई का प्रबल विरोध अमेरिका द्वारा किया गया। इजराइल के समर्थक अमेरिका की कूटनीतिक सलाह की उपेक्षा करना इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भविष्य में काफी भारी पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका द्वारा ही इजराइल को आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्र उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। रफहा पर आक्रमण नहीं करने के अतिरिक्त अमेरिका ने इजराइली हुकूमत को लेबनान में सक्रिय हिजबुल्ला तंजीम से भी युद्ध नहीं करने की भी सलाह दी थी। अमेरिका द्वारा दी गई इन दोनों महत्वपूर्ण कूटनीतिक सलाहों को अस्वीकार करके इजराइल के प्रधानमंत्री ने इजराइल को दुनिया के पटल पर अलग-थलग करने की बाकायदा शुरूआत कर दी है। अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल सरकार से कहा है कि अमेरिका द्वारा इजराइली सेना को हथियारों की आपूर्ति तत्काल रोक दी जाएगी। यदि वास्तव में ही अमेरिका द्वारा इजराइल को आधुनिकतम हथियार नहीं प्रदान किए गए तो फिर इजराइल के लिए चौतरफा सैन्य दुश्मनों से अकेले मुकाबला करना बहुत दुश्वार हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इजराइली सेना इन दिनों हमास तंजीम से जूझ रही है। लेबनान की ईरान द्वारा समर्थित हिजबुल्ला तंजीम से सैन्य मुकाबला कर रही है। यमन के हूती आक्रमणकारियों का सामना कर रही है। सीरिया और इराक़ में विद्यमान फिलिस्तीन समर्थक छापामारों के हमलों को भी झेल रही है। भविष्य में इजराइल को तालिबान के दुर्दांत लड़ाकू का भी मुकाबला करना है। हिजबुल्ला तंजीम के विरुद्ध युद्ध नहीं शुरू करने के लिए जो सलाह अमेरिका ने इजराइल को दी थी इसके पीछे सबसे बड़ा कारण था कि अमेरिका की ताकत को बहुत अच्छी तरह से अनुमान लग रहा है। अमेरिका के सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इजराइल का हिजबुल्ला के साथ युद्ध शुरू होने का मतलब यह होगा कि पूरा का पूरा उत्तरी इजराइल तबाह कर दिया जाएगा। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल पर अचानक किए गए आक्रमण से प्रारंभ हुए इस युद्ध की व्यापकता का अंदाज़ा आसानी से लगाया जा सकता है। रूस बनाम यूक्रेन युद्ध में उलझा अमेरिका कदापि नहीं चाहता कि उसके लिए युद्ध का मध्य पूर्व में एक और बड़े युद्ध का मोर्चा खुल जाए। अमेरिकी कूटनीतिज्ञों का सटीक अंदाजा है कि रफहा में इजराइल द्वारा किया गया आक्रमण इस बर्बर युद्ध को वस्तुतः और अधिक विस्तार प्रदान कर देगा, इसीलिए बाइडेन ने इजराइली हुकूमत को यह सलाह दी थी कि उसको रफहा पर आक्रमण नहीं करना चाहिए और ना ही हिजबुल्ला के साथ युद्ध में कदाचित उलझना चाहिए। कहीं ऐसा ना हो जाए कि अमेरिका द्वारा इजराइल



हुकूमत को हथियार उपलब्ध नहीं कराए जाने की कूटनीतिक धमकी को वास्तव में अमेरिका द्वारा कोई अमलीजामा पहना दिया जाए। ऐसी स्थिति में इजराइल चौतरफा आक्रामक हालात में फंस जाएगा। वास्तव में अमेरिका स्वयं भी वियतनाम में और अफगानिस्तान में दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध में परास्त होकर एक कटु अनुभव ले चुका है। अमेरिका नहीं चाहता कि उसका परम मित्र देश इजराइल उसकी तरह किसी दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध में फंस बैठे। इजराइली हुकूमत अमेरिकन सलाह को निरंतर दरकिनार करती रही है। वर्ष 1948 में अपनी स्थापना से लेकर आज तक इजराइल किसी युद्ध पराजित नहीं हुआ है। इजराइल ने सन 1967 के युद्ध में अरब देशों को बुरी तरह पराजित किया था। इसके बाद 1973 में इजिप्ट के तत्कालीन राष्ट्रपति अनवर सादत ने इजराइल द्वारा हथियाई गई अपनी जमीन वापस लेने के लिए एक समझौता किया। जॉर्डन के शाह ने भी अपने घुटने इजराइल के सामने टेक दिए थे। यासर अराफत के नेतृत्व में एक दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध इजराइल के विरुद्ध फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी -पीएलओ द्वारा लड़ा गया। पीएलओ के दीर्घकालीन संघर्ष का परिणाम निकला कि सन 1993 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर के नेतृत्व में इजराइली पीएम इजाकरॉबिन और पीएलओ लीडर यासर अराफत के मध्य ओस्लो समझौता हुआ, जिसके तहत वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में फिलिस्तीन को स्वायत्तता प्रदान कर दी गई थी, किंतु सार्वभौमिक राजसत्ता वाले देश का दर्जा फिलिस्तीन को प्रदान नहीं किया गया है जबकि सन 1948 में ही इजराइल को राष्ट्र घोषित करने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा दो स्वतंत्र राष्ट्रों के तौर पर फिलिस्तीन और इजराइल को क्रमशः 45 और 55 फीसदी भू-भाग दिया गया था। उल्लेखनीय है कि यूरोप में अमेरिका के मित्र नाटो देश एक के बाद एक फिलिस्तीन को राष्ट्र के तौर पर मान्यता दे रहे हैं। नार्वे, स्पेन और आयरलैंड द्वारा कुछ वक्त पहले ही फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी गई है। इसके पहले नाटो सैन्य संगठन का नेतृत्व करने वाला नीदरलैंड भी फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में अपनी मान्यता प्रदान कर चुका है। दुनिया के 139 देश पहले से ही फिलिस्तीन को राष्ट्र का दर्जा दे चुके हैं।


उल्लेखनीय है कि गाजा में इजराइल सेना द्वारा वहशियाना सैन्य कार्यवाही अंजाम दी गई, जिसके तहत हजारों बच्चे, हजारों महिलाएं और हजारों बेगुनाह नागरिक हलाक़ कर दिए। गए। विगत 7 महीने में गाजा पर इजराइल द्वारा बरसाया गया बारूद जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका द्वारा गिराए गए 1500 टन बारूद के मुकाबले कई गुना अधिक है। आधुनिक इतिहास में दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका द्वारा वियतनाम, लाओस और कंबोडिया पर इससे कहीं अधिक बारूद गिराया गया था। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की सैन्य रणनीति के विरुद्ध पहली बार समस्त यूरोप का जनमत इजराइल के विरुद्ध खड़ा हो गया है।

इजराइली हुकूमत का यह दावा एकदम खोखला साबित हो चुका है कि वह गाजा में निर्दोष नागरिकों की हिफाजत कर रही है और केवल हमास के आतंकवादियों का सफाया कर रही है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इजराइल को बोको हरम सरीखे आतंकवादियों की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। इजरायली सेना के प्रवक्ता एडमिरल डेनियलहगरी का कहना है कि हमास को परास्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि हमास केवल एक तंजीम नहीं है बल्कि विचारधारा है जो हर फिलिस्तीनी के दिलों दिमाग में बस गई है। ऐसा प्रतीत होने लगा है कि इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का हमास को नेस्तनाबूद कर देने का सैन्य मिशन नाकाम हो चुका है। नेतन्याहू अपनी सैन्य रणनीति में खुद ही उलझ कर रह गए हैं, यहां तक कि उनके परम मित्र देश अमेरिका भी उनकी सैन्य रणनीति से नाराज होकर उनको भविष्य में हथियार प्रदान नहीं करने की धमकी दे रहा है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल




# वो जो लौट कर घर ना आए...

अठारहवीं लोकसभा अस्तित्व में आ चुकी है। आम चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए कुल दस लाख से अधिक केंद्र व राज्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी इन चुनावों को सम्पन्न कराने के लिए अपने घर परिवार बच्चों को छोड़कर मतदान केंद्रों पर ड्यूटी देने गए 123 कर्मचारी अपने घर जीवित वापस नहीं आए वरन वह अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए ड्यूटी पर ही विभिन्न कारणों से जान गंवा गए। चुनाव आयोग को चुनाव कराने के लिए बड़ी संख्या में कर्मियों की जरूरत होती है और ये कर्मी विभिन्न सरकारी विभागों, सरकारी स्कूल के शिक्षकों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और एलआईसी सहित विभिन्न उद्यमों जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से लिए जाते हैं, जो देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने-अपने जिलों में चुनाव कराने में मदद करते हैं। चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त लोगों के अनुपस्थित रहने की कोई गुंजाइश नहीं है। अनुपस्थिति पर आयोग की ओर से दंड दिया जाता है। चुनाव कार्य में केवल उन्हीं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा सकती है जो केंद्र या राज्य के स्थायी कर्मचारी हैं। इस बार का लोकसभा चुनाव 45 डिग्री वाले गर्म मौसम में सम्पन्न हुआ। यह गर्म मौसम की तपिश चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए बेहद भारी साबित हुई। सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही 54 कर्मचारियों की ड्यूटी करते हुए मौत हो गई। 33 मौतें तो वोटिंग के आखिरी दिन 1 जून को हुईं। मरने वालों में ज्यादातर होमगाड्र्स थे, जिनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। कुछ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें सहारा देने वाला कोई नहीं बचा। उनकी आखिरी उम्मीद 15 लाख रुपये का सरकारी मुआवजा है, जो अब तक नहीं मिला है। उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के दूसरे राज्यों में भी चुनाव ड्यूटी के दौरान कई कर्मचारियों की मौत हुई। चुनाव आयोग से इसकी जानकारी मांगी, लेकिन जवाब नहीं मिला। एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में अधिकारियों से बात की, तो पता चला कि मध्यप्रदेश में 27, असम में 15, राजस्थान-छत्तीसगढ़ में 8-8, पंजाब में 7 और दिल्ली में 4 मौतें हुई हैं। उत्तर प्रदेश में चुनाव के दौरान गर्मी काफी अधिक रही और चुनाव कर्मियों को सुविधाओं का अभाव था यही कारण है कि 54 पोलिंग स्टाफ की मौत हो गई। ड्यूटी पर जान गंवाने वाले इन कर्मचारियों में से अभी तक सिर्फ 27 के आश्रितों को सरकार की ओर से मदद मिली है। इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, जान गंवाने वाले कर्मचारियों में ज्यादातर होमगार्ड, सफाईकर्मी और वोटिंग कराने वाले कर्मचारी थे। इन सभी की 500 रुपये रोज के हिसाब से ड्यूटी लगाई गई थी। सभी को वोटिंग से 3 से 4 दिन पहले तय लोकसभा क्षेत्रों में पहुंचना था। यूपी के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा के हवाले से बताया गया है कि यूपी में रिपोर्ट हुईं सभी मौतें नेचुरल डेथ की कैटेगरी में आती हैं, इसलिए सभी पीड़ित परिवारों को 15 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। इलेक्शन कमीशन की गाइडलाइन के अनुसार, चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग स्टाफ की मौत होने पर दो तरह से मदद दी जाती है। पहला- कर्मचारी की बीमारी से या फिर प्राकृतिक मौत होने पर 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाता है। दूसरा- किसी भी तरह के उपद्रव या आतंकी हमले में पोलिंग स्टाफ की मौत होने पर 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। चीफ इलेक्शन कमिश्नर अभी यह जानकारी नहीं दे रहे हैं कि देश में कितने पोलिंग कर्मचारियों की मौत हुई, कब तक पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिल जाएगा। सवाल सह है कि क्या तपती गर्मी को देखते हुए चुनाव टाला जा सकता था, वरिष्ठ पत्रकारों ने ऐसे 6 सवाल चीफ इलेक्शन कमिश्नर को मेल के जरिये भेजे। 5 दिन बाद भी जवाब नहीं आया। यह शर्मनाक है कि देश का चुनाव आयोग ड्यूटी पर तैनात जान गंवाने वाले कर्मचारियों की सही संख्या तक नहीं बता रहा है। मध्यप्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी अनुपम रंजन के मुताबिक चुनाव ड्यूटी के दौरान 27 कर्मचारियों की मौत हुई है। इनमें से 21 के परिवारों को केंद्र सरकार की तरफ से 15 लाख रुपये की मदद दी गई है। छत्तीसगढ़ में 8 कर्मचारियों की मौत हुई। सभी के परिवारों को मुआवजा मिल गया है। राजस्थान के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता के मुताबिक, प्रदेश में 8 मौतें हुई हैं, जिनमें से 6 परिवारों को मुआवजा मिल गया है। एक ओर वह नेता हैं जो संविधान हाथ में लेकर संविधान में आस्था का प्रदर्शन करते हैं और मौका मिलने पर संविधान का दुरुपयोग करने से भी नहीं चूकते हैं वहीं दूसरी ओर वे हैं जो अपनी जान ड्यूटी देते गंवा गए। हमारे विचार में इन तमाम लोगों को कर्तव्य परायणता के लिए श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए और इनके आश्रितों को यथा शीघ्र आर्थिक मदद दी जानी चाहिए। इसमें देरी या अनावश्यक कागजी बाधाएं दूर करने की जरूरत है, ताकि लोकतंत्र के इन पहरूओं की आत्मा को शान्ति मिल सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए, क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

# किसी की भी सोच बदल सकता है गुरु



संकलित
प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

सटाका




आज की पाती

## बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। - निरंजन विश्वकर्मा, दुर्ग

ट्रेंड

## सुधारों की सिफारिश



22 जून 2024 को इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। सरकारी संगठनों, शिक्षाविदों को शामिल करते हुए, समिति का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में सुधारों की सिफारिश करना, एनटीए की संरचना व संचालन की समीक्षा करना है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

## खाद्य सुरक्षा तेजी से बिगड़ी



सूडान में खाद्य सुरक्षा तेजी से बिगड़ रही है, 755,000 लोग विनाशकारी परिस्थितियों में हैं और 14 क्षेत्रों में अकाल का खतरा है। मानवतावादियों को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए निर्बाध, निरंतर पहुंच की आवश्यकता है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

## छात्रों को सम्मान मिले



विपक्ष नीट परीक्षा और पेपर लीक मुद्दे पर सरकार के साथ रचनात्मक बहस करना चाहता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें आज संसद में ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई। यह एक गंभीर चिंता है। हम प्रधानमंत्री से छात्रों को वह सम्मान देने का आग्रह करते हैं जिसके वे हकदार हैं।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

## कभी जबलपुर, कभी दिल्ली



बड़े ज़ोर शोर के साथ प्रधानमंत्री जी ने टर्मिनल 1 के इसी हिस्से का उद्घाटन किया था आज धड़ाम हो गया 3 लोगों की जान चली गई कई लोग घायल हैं। कभी राम मंदिर, कभी अटल सेतु, कभी जबलपुर टर्मिनल, कभी दिल्ली टर्मिनल

-संजय सिंह, आप नेता

करंट अफेयर

# चीन की धमकी, ताइवान ने नागरिको को किया सतर्क



ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है। मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता और इसके उप प्रमुख लियांग वेन-चेह ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की। ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका अपना क्षेत्र है और यदि आवश्यक हुआ तो वह बलपूर्वक उस पर कब्जा कर सकता है। स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को खोज खोज कर मार डालने की धमकी दी है। चीन ने 2016 में डीपीपी की पूर्व राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के चुनाव जीतने के बाद से ताइवान की सरकार के साथ सभी तरह के संपर्क से इनकार कर दिया है। लियांग ने कहा, चीन की ओर से मिल रही धमकी को देखते हुए नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह नागरिकों को सलाह दे।

ऑफ बीट

# दुनिया का चौथा विशाल मूंगा विरंजन अभी जारी



दुनिया की मूंगा चट्टानें पानी के नीचे के शहरों की तरह हैं, जो सभी प्रकार की मछलियों और समुद्री जानवरों से भरी हुई हैं। मूंगा चट्टानें समुद्र के 1% से भी कम हिस्से को कवर करती हैं, लेकिन वे कई महत्वपूर्ण मछली प्रजातियों सहित सभी समुद्री प्रजातियों के अनुमानित 25% का समर्थन करती हैं। इन जटिल पारिस्थितिक तंत्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का आर्थिक मूल्य केवल अमेरिका में सालाना 3 .4 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। आज, समुद्र के बढ़ते तापमान से कई चट्टानों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।जब समुद्र का पानी बहुत लंबे समय तक गर्म हो जाता है, तो मूंगे अपने ऊतकों में रहने वाले रंगीन सहजीवी शैवाल, जिन्हें ज़ोक्सांथेला कहते हैं, को बाहर निकाल देते हैं – एक प्रक्रिया जिसे मूंगा ब्लीचिंग कहा जाता है। ये शैवाल मूंगों को भोजन प्रदान करते हैं, इसलिए प्रक्षालित मूंगे भुखमरी और बीमारी के प्रति संवेदनशील होते हैं और यदि पानी जल्दी से ठंडा नहीं हुआ तो वे मर सकते हैं। रिकॉर्ड स्तर पर वैश्विक महासागर की गर्मी के साथ, वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि वैश्विक मूंगा ब्लीचिंग चल रही है। 2023 की शुरुआत से, भूमध्य रेखा के उत्तर और दक्षिण, हिन्द, प्रशांत और अटलांटिक महासागरों में मूंगे मर रहे हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक संपन्न अमानगंज

**अमानगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पन्ना की आगामी कार्यक्रम को लेकर के जिले की वृहद बैठक रखी गई जिसमे विभिन्न विषयों को लेकर के योजना बनाई गई। कार्यक्रम 9 जुलाई स्थापना दिवस, सदस्यता अभियान, नगर कार्यकारणी घोषणा, एक गांव एक तिरंगा अभियान एवं अन्य विषयोंपर वृहद चर्चा हुई और योजना बनाई गई। जिला बैठक में मुख्यरूप से जिला संगठन मंत्री ब्रिजेश सिंह, जिला संयोजक विक्रांत सिंह जी एवं प्रांत कार्यकारणी सदस्य प्रदीप शर्मा जी पन्ना भाग संयोजन अभय सिगदार गुनौर भाग संयोजन रोहित सिंह अमानगंज भाग संयोजन अंकित खटीक जी उपस्थित रहे साथ ही पूरे जिले से आए प्रमुख कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### कंकाली माता मंदिर बनौली में संपन्न हुई भारतीय जनता पार्टी की बैठक

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन गुरुवार को पवई विधानसभा अंतर्गत आने वाले मां कंकाली माता मंदिर बनौली प्रांगण में आयोजित हुई,जिसमें आगामी 30 जून को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा की होने वाली आभार यात्रा के संबंध में रूपरेखा बनाई गई एवं सभी को यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा के द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पवई विधायक प्रहलाद लोधी, लोकसभा प्रभारी सतानंद गौतम, जिला महा मंत्री दीपेंद्र सिंह,नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत अरुण चौरसिया सहित सभी मंडलों के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनपद सदस्यों का परिवार कभी नहीं बिखर सकता, ठेकेदारों का षड्यंत्र कभी नहीं होगा कामयाब

पन्ना। बीते दो दिवस पूर्व कुछ जनपद सदस्यों द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जनपद अध्यक्ष व जनपद के अधिकारियों पर मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए आवेदन पत्र सौपा गया था, जिसको लेकर गुरुवार को जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा ने जनपद उपाध्यक्ष सहित पंद्रह जनपद सदस्यों के साथ एकजुटता दिखाई है। सर्वप्रथम जनपद उपाध्यक्ष कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया गया, इसके बाद जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर कहा कि हम सभी जनपद सदस्य एक परिवार की तरह हैं, और कभी बिखर नहीं सकते हैं। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के कार्यों में जो ठेकेदारी प्रथा 25 वर्षों से चली आ रही थी उसे मैंने बंद करवाया है, इसलिए दाल नहीं गल रही है और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्य सुचारू रूप से जमीनी स्तर पर चल रहे हैं उससे बौखला कर ठेकेदारों द्वारा मेरे कुछ जनपद सदस्यों को बहला फुसलाकर झूठा बनाकर आवेदन दिया गया था, अब हमारे जनपद सदस्य सब एक साथ हैं और हमेशा रहेंगे।

गांव-गांव में धड़ल्ले से खुल रहे निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल

# ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी पढ़ाने का जुनून सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय स्कूलों में बेहतर सुविधाएं देकर बच्चों को उनमें अध्ययन करने के लिए पूर्ण व्यवस्था एवं सुविधाएं मुहैया करा रही है परंतु जिन शासकीय शालाओं में शिक्षक नहीं हैं उनमें योग्य शिक्षक, संविदा, अतिथि शिक्षक नियुक्त करती चली आ रही है एवं छात्र छात्राओं को गणवेश से लेकर साइकिलों के साथ-साथ छात्रवृत्ति सहित भोजन व निशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी दी जा रही हैं लेकिन आश्चर्य का विषय यह है कि शहर की तरह अब हटा विकासखंड के अधिकांश ग्रामों के अभिभावकों पर अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने का जुनून छा रहा है उसका नतीजा यह है कि गांव में भी अब अंग्रेजी माध्यम के स्कूल धड़ल्ले से खुलते जा रहे हैं जो शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों को दरकिनार करते हुए मनमर्जी से फीस वसूली कर रहे है। वही देखा जाए कि जब शिक्षा सत्र की शुरुआत होती है तो प्रवेश लेने वाले बच्चों को सीट खाली न होने का भय दिखाते हुए अधिक डोनेशन प्राप्त करने का फंडा इन विद्यालयों में अपनाया जाता है जिसके चलते नए शिक्षा सत्र के शुरुआती दौर में ही इन स्कूलों द्वारा जहां-तहां बैनर पोस्टर लगाते हुए अभिभावकों को लुभाने का काम शुरू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

देखा जाए तो अंग्रेजीयत में डूबी इन निजी शालाओं की फीस महंगी तो होती ही है इसके अलावा इन में पढ़ने वाले बच्चों से डोनेशन की राशि वसूली कर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जाता है।कई निजी शालाएं तो ऐसी भी हैं जो स्थापना के निर्धारित मापदंडों पर खरी नहीं होती। वही पढ़ाने वाले शिक्षकों की स्थिति देखी जाए तो वह खुद अंग्रेजी नहीं जानते हैं मगर बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने की बात करते हैं। दरअसल जिन गांव के अधिकांश निवासी एबीसीडी नहीं जानते मगर गांव-गांव अपना नेटवर्क फैलाकर निजी स्कूल अंग्रेजी शिक्षा का महत्व बताकर अभिभावकों को जाल में फंसा लेते हैं और बच्चों के दाखिले के बाद शुरू हो जाती है अभिभावकों के शोषण की कहानी जिसका पूरे साल अंत नहीं होता। वहीं महंगाई के इस दौर में किताबों कापियों बच्चों को गणवेश तथा अन्य शालेय सामग्री के दामों में इजाफा होने से वैसे ही बच्चों को शिक्षित कराने में अभिभावक परेशान रहते हैं ऊपर से गांव में आई निजी स्कूलों की बाढ़ से शिक्षा व्यवस्था और गड़बड़ होती चली जा रही है। इसमंम सबसे गौर करने वाली बात है कि यह है कि जहां एक और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के संचालकों द्वारा अभिभावकों को अपनी लच्छेदार बातों के माध्यम से फंसाते हुए शासकीय स्कूलों से अभिभावकों का मोहभंग करने में कोई कसर नहीं छोड़ते और अपना प्रचार-प्रसार फैलाते हुए अभिभावकों की जेबों पर डाका डाल रहे हैं और धडल्ले से एक या दो कक्षों में स्कूलों को संचालित कर रहे है।वहीं जिले व विकासखंड के शिक्षा विभाग की तरफ से शासकीय शालाओं की व्यवस्थाओं के संबंध में ऐसा कोई प्रचार अभियान नहीं चलाया जा रहा जो शासकीय शालाओं के प्रति अभिभावकों में अनुराग जगा सके।

## जरारूधाम में हुआ पौधा रोपण आम-जामुन के 64 पौधे रोपित



**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री एवं दमोह के पूर्व सांसद प्रहलाद सिंह पटेल के 64 वें जन्म दिवस के अवसर पर देश भर में उनके समर्थकों के द्वारा विविध प्रकार के आयोजन किए गए। दमोह जिले के अंतर्गत आने वाले बटियागढ़ के जरारूधाम गौ अभ्यारण में 64 पौधे आम और जामुन के रोपित किए गए। नर्मदा सेवा खंड संस्थान गौ अभ्यारण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतकों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। गौ अभ्यारण जरारू धाम में आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वयं देखा और सभी की उन्होंने एक्स पर कार्यक्रम का वीडियो और फोटो शेयर करते हुए लिखा, इस प्रकार के आयोजन सच्ची शुभकामनाएं हैं। ज्ञात हो कि देश भर से शुभचिंतकों के द्वारा मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है। जरारूधाम में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र बजाज ने अपने संदेश में कहा यहां पर जितने भी वृक्ष लगाए गए हैं, वह सभी स्वस्थ हैं। इस वर्ष दस हज़ार पौधे रोपित करने की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। बंजर पड़ी यह भूमि अब वन से आच्छादित हो गई है। बड़ी संख्या में यहां पर गौ वंश को संरक्षण मिला है, आने वाली समय में और विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर कविता बजाज, नरेंद्र व्यास, गोपाल पटेल, सुशील गुप्ता, एल.एन. वैष्णव, मनीष सोनी, सरपंच गंगा, अभ्यारण में नर्सरी का कार्य देख रहे नरेंद्र, विमल असाटी, संतोष आठिया, अनीता खरे साहित बड़ी संख्या में लोगों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की। इस दौरान सभी ने वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लिया।

## पेंशनर्स एसोसियेशन ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज जिला दमोह द्वारा माननीय मुखमंत्री महोदय को संबोधित ज्ञापन 31 दिसंबर एवं 30 जून को सेवा निवृत हो रहे कर्मचारियों के प्रकरण में वित्त विभाग के पत्र दिनांक 15.03.2024 से उत्तपन्न भ्रम के कारण केवल पेंशन के पुनरीक्षण का ही लाभ दिए जाने बाबत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अनुसार काल्पनिक वेतन वृद्धि स्वीकृति उपरांत पेंशन नियम 3 के उपनियम (एन) के अनुसार पेंशन में उपादान शामिल है। साथ ही पेंशन नियम 30 की टिप्पणी 7 के अनुसार काल्पनिक वेतन किसी भी कारण से हो उपलब्धियां मान्य होगा। अतः उपलवधियों के अनुसार पेंशन, उपादान एवम अन्य सभी लाभ पुनरीक्षण योग्य होंगे। तदानुसार ही मान सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय दिए जा रहे हैं। अतः भ्रम की स्थिति समाप्त करने मार्गदर्शन देने एवम प्रशासकीय विभाग की स्वीकृति, न्यायालय जाने की बाध्यता समाप्त करने की मांग की गई। साथ ही जिला के अन्य विधायकों एवम माननीय मंतीगणों के माध्यम से भी माननीय वित्त मंत्री को भी ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। ज्ञापन देने आरके मिश्रा जिला अध्यक्ष, पेंशनर्स समाज, कार्यवाहक अध्यक्ष एमएल सरैया, महामंत्री ललित चौबे, कोषाध्यक्ष पीएन अहिरवार आदि अन्य पेंशनर्स की उपस्थिति रही।

## संपूर्ण अभियान संबंधी बैठक आज

**दमोह।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा ली गई वीडियों कान्फ्रेसिंग में दिये गये निर्देशों के तहत 04 से 06 जुलाई 2024 तक संपूर्ण अभियान मनाया जायेगा तथा 3 माह में 6 संकेतकों को शत-प्रतिशत संतृप्त किया जायेगा। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में बैठक आज 29 जून 2024 को दोपहर 01 बजे से आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्पित वर्मा ने संबंधित विभाग प्रमुखों से कहा है कि बैठक में सर्वप्रथम विभागीय रणनीति तय की जायेगी, तत्पश्चात संबंधित विभाग प्रमुखों के विभाग में कार्य कर रहे नॉलेज पार्टनर, एनजीओ एवं संस्थाओं को अपने स्तर से सूचित करते हुए बैठक में 29 जून 2024 को अपरान्ह 03 बजे से आंमत्रित किया जाये, जिससे कि संपूर्ण अभियान में उनकी भी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।स्वयं सेवी संस्थाओं से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा है स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं आजीविका मिशन के अधिकारी भारत सरकार द्वारा 6 इंडीकेटर्स जिनकों शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना है, उनकी कार्योजना लेकर उपस्थित होगें।

## सहकारी विकास समिति की बैठक संपन्न



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सहकार से समृद्धि की ओर विभिन्न योजनाओ पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कार्य शीघ्र पूर्ण सुनिश्चित किया जाए। बैठक मे सहायक आयुक्त सहकारिता, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशुपालन, सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला खाद्य नियंत्रक, दुग्ध संघ, महाप्रबंधक सहकारी बैंक आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, जिला दमोह द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन के संबंध में जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 एवं CRS एवं Revamped portal-dc.crsorgi.gov.in विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला योजना अधिकारी ए.आर. दास एवं जन्म मृत्यु पंजीयन कार्य करने वाली इकाइयों के रजिस्ट्रार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय मध्य प्रदेश, भोपाल से रतनलाल जैन, संयुक्त निदेशक एवं उनकी सहयोगी सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड मोना चौहान के द्वारा जन्म-मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं CRS Revamped portal पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थानों के रजिस्ट्रार, उनके सहयोगी, समस्त नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी, जनपद पंचायत सीईओ एवं कुछ प्राइवेट चिकिसालयों के सूचनादाता मौजूद रहे। इनके साथ संशोधित अधिनियम 2023 एवं Revamped portal पर विस्तृत चर्चा की गई ।

### प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु

अधिनियम लागू होने वाली तिथि 11 अगस्त 2023 के बाद पैदा हुए बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। जो बच्चे से संबंधित बनाए जाने वाले अन्य दस्तावेजों जैसे- आधार, पैन, स्कूल में प्रवेश, मतदाता सूची का अद्यतन, ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी नौकरियों में ज्वाइनिंग एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राप्त करने का एक मात्र प्रमाण पत्र होगा। चिकित्सा संस्थानों में हुई प्रत्येक मृत्यु का मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणीकरण संबंधित संस्थान के चिकित्सक द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। उसकी एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार एवं दूसरी प्रति निकटतम संबंधी को निशुल्क दिया जाएगा। रिवेम्पड पोर्टल में आम नागरिकों द्वारा मोबाइल ओ.टी.पी. के माध्यम से जन्म-मृत्यु की सूचना घटित घटना के स्थान से संबंधित रजिस्ट्रार को ऑनलाइन प्रेषित की जा सकेगी एवं रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा, जो सूचनादाता द्वारा उल्लेखित ईमेल आईडी पर प्राप्त हो जायेगा एवं कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

## नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में आज नशे के प्रति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ पी एल जैन के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें नशे एवं नशीली दवाओं के प्रयोग से होने वाली गंभीर बीमारियों को रोकने के लिए तथा समाज को जागरूक करने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। जिसमें कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती सुरेखा बडोले एवं समिति सदस्य डॉ. राजेश पौराणिक, डॉ दिनेश पटेल डॉ बृजेश मौर्य समस्त स्टाफ एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

## नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य में वैचारिक संगोष्ठी संपन्न

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य में नवांकुर संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति सेक्टर सदगुवां ब्लॉक पथरिया द्वारा शासकीय हाई स्कूल ग्राम खोजाखेड़ी में वैचारिक संगोष्ठी एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से किया गया । संगोष्ठी के दौरान सभी को नशा मुक्ति का संदेश दिया, वही परिषद के निर्देशन में बनाए जाने वाले सीड वॉल निर्माण हेतु सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित नवांकुर संस्था और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियो से अधिक से अधिक बीज एकत्रित करने आग्रह किया गया। नवांकुर संस्था अध्यक्ष और जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य में आज सभी से आग्रह किया गया है कि हमें अपने जीवन को नशा मुक्त बनाना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।

## जून माह के मासिक टेस्ट का आयोजन



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में मासिक टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें जून माह के दौरान अध्यापन किए गए पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न पूछे गए। मासिक टेस्ट हेतु जिला स्तर से विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न पत्र तैयार किए गए, जो संपूर्ण जिले में एक समान थे। मासिक टेस्ट के लिए विषय वार टेस्ट कॉपी का संधारण किया जाएगा, मासिक टेस्ट के निरीक्षण हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, एडीपीसी, ए.पी.सी. एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने एमएलबी स्कूल दमोह में मासिक टेस्ट का निरीक्षण किया। ऐ.पी.सी. मोहन राय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोरी एवं शासकीय हाई स्कूल हिनौती पुत्रीघाट में मासिक टेस्ट का निरीक्षण किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का जन्मदिवस



**सिंग्रामपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री प्रहलाद पटेल के 64वे जन्मदिन पर संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह रोधी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गुबरा गौशाला में पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान राज्य मंत्री सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजाति के 64 पौधे रोपे गए। साथ ही से पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के दीघार्यु होने की कामना भी की। इस अवसर पर संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा दमोह के पूर्व सांसद केंद्रीय मंत्री वर्तमान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु केक ना काटकर पौधारोपण करने का अभियान चलाया था। उसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए गुबरा गौशाला में उनके 64 वे जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओं के द्वारा एक एक पौधारोपण किया है और भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी को संकल्प दिलाया गया है कि वह अपने व अपने परिजनों प्रिय जनों के जन्मदिन पर केक काटने की अंग्रेजों की परंपरा का परित्याग कर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण जरूर करें क्योंकि पेड़ पौधे की कमी से आक्सीजन की कमी होती चली जाएगी जिससे जीना दूभर हो जाएगा। ऐसे में पौधारोपण पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए बहुत जरूरी है इस अवसर मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई रूपेश सेन, अजय सोनकर, मुलायम चंद जैन, रविशंकर बाजपेई, गोलू साहू, अजय राय, मनदीप यादव,नीरज जायसवाल , मनोज राय, गोकल पटेल , बंटी दुबे, सहारा ठाकुर, हेमराज धुर्वे, सतेंद्र सिंह ठाकुर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## अवैध शराब बंद कराने जनपद उपाध्यक्ष ने एसपी से लगाई गुहार



**बनवार।** जंप जबेरा के गांव गांव अवैध शराब की बिक्री जोरों पर। इस अवैध शराब बिक्री से आम लोग परेशान हो गए हैं, लेकिन आबकारी विभाग और पुलिस अवैध शराब की बिक्री करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दरअसल मामला है जबेरा थाना क्षेत्र के भाट खमरिया और कलेहरा खेड़ा का जगह जगह अवैध शराब की बिक्री हो रही और आसानी से शराब मिलने की वजह से युवा बच्चे शराब के नशे के आदि हो रहे है शराब खोरी की बढ़ती घटनाओं से जहां महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और दिन भर मेहनत मजदूरी करने वाले मजदूर लोग शाम को शराब पीकर घर पहुंचते और उत्पात मचाते है। जिससे घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। कहने का मतलब अवैध शराब की बिक्री से गांव का माहोल खराब हो रहा है जिसकी शिकायत अवैध शराब बेचने वालो नाम दर्ज जबेरा थाने में करने के वाद कोई कार्यवाही नहीं होने पर जबेरा जंप की उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि ठाकुर भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर गांव गांव में अवैध शराब बिक्री बंद कराने की पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर गुहार लगाई है। ज्ञापन मैं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्रीमती रश्मि ठाकुर ने बताया ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम में अवैध शराब बिक्री बंद कराने का प्रस्ताव पारित कर अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ नाम दर्ज शिकायत पूर्व में की जा चुकी है लेकिन गांव में अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके चलते पुलिस अधीक्षक दमोह से जबेरा ब्लाक के गांव गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री बंद कराने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया है।

## सार्थक एप सच्चे अर्थों में सरकार के उद्देश्यों को सार्थक करने वाला ऐप- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है सार्थक ऐप जैसा कि इसका नाम है, यह सच्चे अर्थों में सरकार के उद्देश्यों को सार्थक करने वाला ऐप है। इस ऐप में सबसे बड़ा फीचर जिसे उपयोग किया जा रहा हैं, बहुत पहले इसे स्वास्थ्य विभाग में उपयोग किया जा रहा हैं और अब इसे शिक्षा विभाग में लागू करने का काम किया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा किसी भी शासकीय कर्मचारियों की शासकीय कार्यालय में उपस्थित अनुशासित होती है, जब कोई व्यक्ति अपने ऑफिस पहुंचता है या स्कूल पहुंचता है तो स्कूल पहुंचने का समय और वापस जाने का समय, दोनों समय का उसमें लॉग क्रिएट होते हैं और यदि आप समय पर नहीं पहुंचाते हो तो पता चल जाता है और समय पर पहुंचते हो तो पता चल जाता है, उसमें व्यक्ति के जीपीएस कोऑर्डिनेट्स भी आ जाते हैं, तो यह भी समझ में आ जाता है कि आप कहां से अपनी लोकेशन भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कहने का मतलब यह है कि यह एक बहुत बड़ा सुशासन का टूल है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा राज्य सरकार ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें यह कहा गया है कि मध्य प्रदेश में सभी कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेंगे इसका उद्देश्य यही है कि सभी लोग अपने समय पर कार्यालयों, में स्कूलों में पहुंचे। जब आप समय से अपने कार्यालयों और स्कूलों में पहुंच जाते हो तो उसके दो बड़े लाभ होते हैं, पहले लाभ यह होता है कि आप उस पूरे समय के लिए उस विद्यालय में रहते हो, तो आपका अधिकतम लाभ बच्चों को प्राप्त हो जाता है और दूसरा सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे सरकार के जो उद्देश्य हैं, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग या किसी भी विषय को लेकर उन्हें पूरा कर पाते हैं। जैसे यदि टीचर पूरे समय उपलब्ध है तो वह पाठ्यक्रम समय पर पूरा कर पाएगा, यदि वह उपस्थित नहीं है तो समय सारणी का पूरा पालन नहीं हो पाएगा, इस प्रकार से विद्यार्थियों के लिए, शिक्षकों के लिए सभी के लिए यह बहुत लाभदायक है। स्वास्थ्य विभाग में यह बहुत पहले से चल रहा है। इसे स्कूल शिक्षा विभाग में भी लागू किया है। उन्होंने बताया साल 2023-24 में दमोह जिले में रिजल्ट, अपेक्षित परिणाम अनुसार परीक्षा में नहीं आए हैं, चाहे पांचवी, आठवीं, दसवीं या कक्षा बारहवीं हो, जिला प्रशासन ने ठाना है कि इस बार सत्र 2024-25 में जिले को टॉप 10 जिलों में शामिल होना है और इसके लिए पूरा शिक्षा विभाग कमिटेड है, सभी लोग कमिटेड है। सारे शिक्षक संघो ने भी कहा है कि पूरे कमिटमेंट के साथ काम करेंगे। अभी पहले 3 महीने हम इसकी एक संस्कृति विकसित करने का काम कर रहे हैं। सभी लोग सार्थक ऐप को डाउनलोड करें, इसका उपयोग करें, ऐसे समय में जबकि कल्चर का विकास होता है, उस समय में किसी प्रकार की नेगेटिव या अनुशासनात्मक कार्यवाही लोगों पर की जाए, ऐसा कोई मंत्र नहीं है। लेकिन जो पहली त्रैमासिक परीक्षा होगी, उस त्रैमासिक परीक्षा में रिजल्ट सामने आ जाएंगे की कैसा काम हो रहा है और उसके बाद इसको बहुत एग्रेसिवली लागू करेंगे, फिर उसके बाद यदि कोई व्यक्ति इस तरह से करता है तो हम उसके कुछ पैरामीटर बनाएंगे, मॉनिटरिंग का पूरा सिस्टम लागू किया जाएगा और यदि कोई लगातार अनुशासनहीनता करता है तो फिर उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएंगे।

## शुरू हो रहे विवाह मुर्हुत

# 2 जुलाई से लगातार 15 दिन तक विवाह के मुर्हुत

हरिभूमि, जबलपुर



2 जुलाई से 15 दिन तक एक बार फिर विवाह मुर्हुत शुरू हो रहे है। गुरु व शुक्र ग्रहों के अस्त होने से विवाह समारोहों पर अप्रेल के अंत से लगा विराम 29 जून को समाप्त हो जाएगा। गुरु ग्रह का उदय हो चुका है। अब 29 जून को शुक्रोदय भी होगा। शुक्रोदय होने के 3 दिन बाद ही शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य शादी-विवाह, नामकरण, जनेऊ, मुंडन, गृहप्रवेश, भूमि पूजन, भवन-वाहन, आभूषण की खरीदारी शुरू हो जाएगी। शुक्र ग्रह के उदय होने से विवाह आदि के लिए इंतजार कर रहे लोगों को 2 से 16 जुलाई तक लगातार शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके चलते जिनके विवाह तथ हो चुके हैं। उन्होंने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। इसके बाद फिर 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद चार माह तक विवाह नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया कि शक्र ग्रह का उदय 29 जून की रात 9.34 बजे पश्चिम दिशा में होगा।

इसके बाद जुलाई में 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8,9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 जुलाई 15 दिन तक लगातार विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। मैरिज गार्डन बारातघर के संचालकों के अनुसार जुलाई में विवाहों के आयोजन के लिए नगर के मैरिज गार्डन तैयार हैं। वर्षा के चलते इन मैरिज गार्डन व बारातघरों को बुकिंग मिली हैं। वर्षा को देखते हुए गार्डनों की विद्युत साज-सज्जा व आर्टिफिशियल फूलों से सजावट की जा रही है। इसके साथ ही लोगों ने बरसात के लिहाज से मैरिज गार्डनों की सजावट कराने के ऑर्डर दिए हैं।

ज्योतिषाचार्य पंडित के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी यह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। इस बार गुरु यह 3 मई को अस्त हुए थे। इसके चलते ये शुभ नहीं हो रहे थे। गुरु ग्रह 2 जून को उदय हो चुके हैं। वहीं शुक्र ग्रह 29 अप्रेल को अस्त हुए थे। 29 जून को शुक्रोदय होगा। इसके बाद शुक्र की बाल्यावस्था समाप्त होने पर 2 जुलाई से विवाह आरंभ हो जाएंगे।

# सिविल सेवा की तैयारी बेहतर इंसान बनाती है: अभय वर्मा



**जबलपुर।** कमिश्नर अभय वर्मा ने कहा है कि सिविल सेवा की तैयारी अगर हम ईमानदारी से करते हैं, तो एक अच्छा इंसान बनाती है। वे ज्ञानाश्रय निशुल्क कोचिंग क्लासेस पर न्यू बैंच का शुभारंभ करते हुए छात्र छात्राओं को पंडित लज्जाशंकर झा माडल स्कूल जबलपुर पर, उनका मार्गदर्शन कर रहे थे। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य मुकेश तिवारी सहायक संचालक, निशुल्क कोचिंग क्लासेस विष्णु योगी और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कमिश्नर ने कहा कि यूपीएससी एवं एमपीपीएससी एक तपस्या है। इसके लिए निरंतर उत्साह जरूरी है। इस परीक्षा में परिवार की स्थिति मायने नही रखती है कि आप किस परिवार से आये हो। यह परीक्षा सभी को समान अवसर प्रदान करती है। यह भारत की सबसे बड़ी परीक्षा है। इसलिए इसको पास करने के लिए आत्मविश्वास होना चाहिए और जिद होना चाहिए कि मुझे इस परीक्षा में चयनित होना है।

स्कूल प्राचार्य मुकेश तिवारी ने कहा कि सही उद्देश्य, ईमानदारी से प्रयास, सही कार्य योजना और गुरु के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से जल्दी सफलता प्राप्त होती है। इसके लिए समय प्रबंधन और ग्रूप डिस्कशन नियमित होना चाहिए।

## कृषि विवि में क्षय रोगियों को पौष्टिक पोषण आहार किट वितरित

# पौष्टिक पोषण आहार स्वास्थ्य वर्धक सिद्ध होंगे : कुलपति




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय हितग्राहियों हेतु पौष्टिक पोषण आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की उपस्थिति में करीब 12 से अधिक क्षय हितग्राहियों को पोषण आहार किट वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि क्षय रोगियों के लिये ऐसे कार्यक्रम बहुत की सराहनीय पहल है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से क्षय रोगियों में उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आयेगी और यह पौष्टिक आहार क्षय रोगियों हेतु स्वास्थ्य वर्धक सिद्ध होंगे। डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि क्षय रोगियों के लिए खाद्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष के तकनीकी मार्गदर्शन में मिलेट से पौष्टिक आहार तैयार किये जा रहे है, और उन्हें प्रदान किये जा रहे हें जो कि बहुत ही सराहनीय पहल है। इस कार्यक्रम में खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पौष्टिक आहार से भरपूर फूड बास्केट तैयार की गई। इसमे विभाग मे तैयार हो रहे रागी कुकीज, बाजरा कुकीज, रागी आंटा, गेहू का आंटा, मूंग दाल, मूंग फली, भुना चना, राजगीर के लड्डू, आदि रखे गये। इस अवसर पर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला, सहित प्रध्यापक, वैज्ञानिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सभी संभागों में एक साथ विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की स्वच्छता प्रतियोगिता स्वच्छता अभियान 2024 में जबलपुर शहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि अभियान का शुभारंभ संभाग क्रमांक 7 दीवान आधार सिंह वार्ड में अधारताल तालाब, अधारताल चौपाटी, विभिन्न रहवासी एरिया में मलासुर अभियान चला कर उपस्थित आम नागरिकों को 3 साल में सेप्टिक टैंक खाली कराये जाने, मैनुअल स्कवे जिंग/असुरक्षित स्लजिंग को रोकने, 14420 हेल्प लाईन, हमेशा निकाय या अधिकृत डिस्जजिंग आपरेटर से सेप्टिंग खाली कराये जाने के लिए सभी को बताया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोंटिया, सभी संभागों के संभागीय अधिकारी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक, सुपरवाईजर, आदि उपस्थित रहे।

## सभी 29 सीटों पर प्रत्याशी जीते, निकाला विजय जुलूस

# रेलवे सोसायटी में लाल झंडा यूनियन का कब्जा बरकरार



**जबलपुर।** रेलवे में एम्पलाइज को-ऑपरेटिव सोसायटी के सदस्यों के चुनाव में सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (लाल झंडा) ने एक तरफा जीत हासिल कर सभी 29 सीटों पर कब्जा जमा लिया। प्रतिद्वंदी रेलवे मजदूर संघ सहित एक अन्य का पूरी तरह से सफाया कर दिया। सोसायटी के 29 सदस्यों के लिए गत 26 जून को यहां जबलपुर रेल मंडल के जबलपुर सहित सतना, मैहर, सागर, दमोह, कटनी में बनाए गए मतदान केंद्रो में उत्साहपूर्वक मतदान हुआ था। बुधवार की सुबह से ही डाले गए वोटों की गिनती रेलवे के उमंग सामुदायिक भवन में प्रारंभ हुई। गुरुवार की देर रात तक 4 सीटों के परिणाम आए थे। देर रात चली मतगणना के बाद शुक्रवार को सभी नतीजे घोषित किए गए। जिसमें वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) को विजयी घोषित किया गया। सभी 29 की 29 सीटों पर लैम्प चुनाव चिन्ह के प्रत्याशी मैदान में थे। नतीजे आते ही यूनियन समर्थकों, कार्यकर्ताओं व रेल कर्मचारियों को लग रही थी, उनमें उत्साह देखा जा रहा था. मतगणना स्थल रेलवे सामुदायिक भवन के बाहर बड़ी संख्या में लाल झंडा लेकर कर्मचारियों का जश्न मनाना शुरू हो गया था. यूनियन के पदाधिकारियों और समर्थकों ने जश्न मनाया और विजय जुलूस निकाला। पिछली बार यूनियन ने 26 सीटें जीती थी इस बार 29 की 29 सीटें जीती है और प्रतिद्वंदी का सूपड़ा साफ कर दिया। इस संबंध में यूनियन के मंडल सचिव कामरेड रोमेश मिश्रा ने कहा कि 29 सीटों के परिणाम घोषित हुए है। जिसमें यूनियन का लाल झंडा लहराया। विजयी जुलूस रेलवे परिसर में भ्रमण करने के बाद मिष्ठान्न वितरण व एक दूसरे को बधाई देने के बाद समाप्त हुआ।




# कृषि छात्रों के लिए आयोजित की गई विकसित भारत पर कार्यशाला

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार, कृषि महाविद्यालय,जबलपुर में भारतीय शिक्षण मण्डल के युवा आयाम द्वारा विजन का विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन प्रभारी अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय डॉ एस.बी.दास के मुख्यआतिथ्य में आयोजित की गई। मुख्यअतिथि की आसंदी से डॉ. एस.बी.दास ने कहा कि यह प्रतियोगिता शोधार्थी छात्र-छात्राओं के लिये मील का पत्थर साबित होगी। आपने शोध पत्र को कृषक समस्या निदानकारक बनाने हेतु बल दिया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा ने कहा कि भारतीय शिक्षण मण्डल कृषि छात्र-छात्राओं को कृषि शिक्षा विज्ञान एवं शोध लेखन प्रस्तुत करने अवसर प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मण्डल के डॉ बाय.एम. दुबे ने भारतीय शिक्षण मण्डल का परिचय एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में जानकारी प्रदान की है। इसके साथ ही डा.बी.एन. त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली विजन का विकसित भारत शोध प्रतियोगिता की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

## सत्र प्रारम्भ होने के पश्चात भी विद्यार्थी गणवेश से वंचित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि सत्र प्रारंभ हुए लगभग एक माह बीत रहा है, परंतु शासकीय शालाओं में मिलने वाली गणवेश का अभी तक अता-पता नहीं है, पिछले सत्र की गणवेश भी अभी तक नहीं मिल पाई है, जिस वजह से पालकों में रोष व्याप्त है। शिक्षकों से पालक शिकायत कर रहे हैं कि हमारे बच्चों को गणवेश क्यों नहीं दी जा रही जबकि शासन की योजना के अनुसार गणवेश प्रतिवर्ष मिलना चाहिए। अतः संगठन आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र से मांग करता है कि अतिशीघ्र शालाओं में गणवेश उपलब्ध कराई जाए, जिसमें कक्षा 3, 4 व 5 के छात्रों को हाफ पैन्ट ना देकर फुल पैंट दिए जाएं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्ररहीम, डॉ. रश्मि यादव, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, विनोद सिंह, खान, संजना सोनी, सोनल शुक्ला, गज़ाला परवीन आदि शिक्षकों ने जल्द से जल्द गणवेश उपलब्ध कराने की मांग की है।

# अभ्यर्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जबलपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 में जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों को चुनावी प्रचार-प्रसार पर खर्च हुई राशि का अंतिम लेखा दाखिल करने की प्रक्रिया की जानकारी देने जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल द्वारा गत दिवस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुये इस प्रशिक्षण में नियंत्रक अधिकारी एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सेल रोहित सिंह कौशल, एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सेल के नोडल अधिकारी अजय सामदेकर एवं उपसंचालक साकेत जैन ने अभ्यर्थियों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरुप विभिन्न प्रपत्रों में लेखा दाखिल करने की प्रक्रिया समझाई। एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के इन अधिकारियों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन में प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये अधिकतम चुनाव खर्च की सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा इस सीमा से अधिक का व्यय नहीं किया गया है प्रशिक्षण में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अभ्यर्थियों को परिणामों की घोषणा के 30 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा जमा करना होगा। इस लिहाज से लोकसभा चुनाव-2024 के अभ्यर्थियों के लिये निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 3 जुलाई निर्धारित की गई है। इस तिथि में समस्त अभ्यथियों को अपना निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि कोई अभ्यर्थी इस समय सीमा के भीतर व्यय लेखा दाखिल करने में असफल होता है तो निर्वाचन नियमों के मुताबिक उसे तीन वर्ष की कालावधि के लिये चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित किया जायेगा। इसके साथ ही ऐसे अभ्यर्थी को भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा-171 झ के अनुसार 500 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित करने का भी प्रावधान है।

## पूर्वी अंतर जिला पुलिस हॉकी टूर्नामेंट

# फाइनल में जबलपुर ने नरसिंहपुर को 3-0 से किया पराजित

## अशरफ के गोल से जबलपुर पुलिस टीम विजेता बनी



**जबलपुर।** पूर्वी अंतर जिला पुलिस हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान जबलपुर जिला टीम ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए पूर्वी क्षेत्र अंतर जिला पुलिस हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में तीन के मुकाबले जीरो से नरसिंहपुर टीम को पराजित किया। सूबेदार रोशनी केसरवानी और हॉकी मध्य प्रदेश के महासचिव लोक बहादुर ने मैच के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों से इंट्रोडक्शन किया और फाइनल मैच का शुभारंभ किया। मैच के शुरुआती दौर में ही जबलपुर पुलिस के सेंटर फॉरवर्ड अशरफ अली ने और दूसरे हाफ में सलिल तिवारी ने पेनाल्टी कॉर्नर से बहुत ही अच्छा गोल किया, तीसरा और निर्णायक गोल मयंक ने करके अपनी टीम जबलपुर पुलिस को विजेता बना दिया। इस मैच को सुचारू रूप से संपन्न कराने में टूर्नामेंट डायरेक्टर गणेश रजक का सहयोग रहा। निर्णायक की भूमिका शकील अकबर खान, जाकिर अली, सुनील यादव ने निभाई।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज शाम मानस भवन में

**जबलपुर।** जबलपुर की पावन भूमि पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन शनिवार को समय शाम 07:00 बजे से मानस भवन के प्रेक्षागृह में मध्यप्रदेश शासन, लोकनिर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, सांसद जबलपुर आशीष दुबे की अध्यक्षता, तथा सांसद राज्यसभा जबलपुर श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, विवेक कृष्ण तन्खा, विधायक पाटन विधानसभा क्षेत्र अजय विश्नोई, विधायक केन्ट विधानसभा क्षेत्र अशोक ईश्वरदास रोहाणी, विधायक पनागर विधानसभा क्षेत्र सुशील तिवारी इन्दू, विधायक पूर्व विधानसभा क्षेत्र लखन घनघोरिया, विधायक बरगी विधानसभा क्षेत्र नीरज सिंह लोधी, विधायक उत्तर विधानसभा क्षेत्र डॉ. अभिलाष पाण्डेय, विधायक सिहोरा विधानसभा क्षेत्र संतोष बरकड़े, के विशिष्ट आतिथ्य एवं सदस्य मेयर इन काउंसिल दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती कैलाश साहू एवं समस्त पार्षदगणों की गरीमामय उपस्थिति में किया गया है। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के दिग्गज कवि रूचि चतुर्वेदी आगरा, राम भदावर इटावा, सतीष मधुप मैनपुरी, पंकज अंगार ललितपुर, दिनेश देशी घी शाजापुर, पंकज प्रसून मांडवा एवं सूरज राय "सूरज" जबलपुर के जाने-माने कवि शामिल होकर अपनी कविताओं से सभी श्रोताओं व दर्शकों को गुदगुदाएंगे। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने शहर के सभी गणमान्यजनों से कवि सम्मेलन में पधारने और आनंद उठाने की अपील की है।




**श्री विश्वजीत परमानिक-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री विश्वजीत परमानिक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई चौरसिया-** आईटीआई के सामने माढ़ोताल निवासी श्री कोमलचंद चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई चौरसिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण कुमार शर्मा-** श्रीराम नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री कृष्ण कुमार शर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रविशंकर यादव-** एलआईसी कॉलोनी गंगासागर निवासी श्री रविशंकर यादव (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रामू सोंधिया-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 के पास रानीताल निवासी श्री रामू सोंधिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मंजुला पद्मशी नागडा-** जहांगीराबाद राइट टाउन निवासी श्री पद्मशी नागडा की धर्मपत्नी श्रीमती मंजुला पद्मशी नागडा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अमित डे-** महानद्दा रोड मदनमहल निवासी श्री अमित डे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. गिरीश बुधोलिया-** पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी डॉ. गिरीश बुधोलिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव-** दुर्गा कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री लखन लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनुरंजन शरण-** महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री अनुरंजन शरण (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रमोद कुमार ध्यानी-** सागर निवासी श्री प्रमोद कुमार ध्यानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बर्मन-** होम साइंस कॉलेज रोड निवासी श्री इमरत बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बर्मन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बाई-** गोहलपुर निवासी श्री राम चंद्र की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## विजन डॉक्यूमेंट 2028 के अंतर्गत होंगे विकास कार्य

# नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य कराने विधायक को नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे ने सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पांच सालों में विधानसभा नगर पालिका क्षेत्रों में कराये जाने वाले विकास कार्यों की सूची विधायकों एंव प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से तैयार करवाई गई है। जिसके अंतर्गत सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र में अनेक बड़े विकास कार्य कराये जाने है जो राशी एंव स्वीकृति न मिलने के कारण अटके हैं। ऐसे सभी कराये जाने वाले विकास कार्यों की सूची ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम विधायक संतोष बरकडे को नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे ने गत दिवस नगर पालिका कार्यालय में सौंपी। जिसमें कहा गया है की सिहोरा अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट प्रारंभ करने,वार्ड क्र.16 में मुक्तिधाम विकास कार्य जिसमें पेवर ब्लाक आदि लगाकर सौन्दर्यकरण,रेल्वे द्वारा ब्रिज निर्माण के चौड़ीकरण में जो निर्माण कार्य में बाधक बने मकान है उनकी भूमि अधिग्रहण कर रोड चौड़ीकरण हेतु राज्य / केन्द्र सरकार को पत्राचार कर भूमि अधिग्रहण करने,नगर में 05 प्रवेश द्वारों का निर्माण कराने,सिहोरा में आर.टी.ओं ऑफिस का कैम्प कम से कम 15 दिन में 1 बार कराने,सिहोरा में रोजगार कार्यालय खोलने,नया नगरपालिका कार्यालय के नवीन भवन का निर्माण कराने राशी स्वीकृत करने,सिहोरा में आई.टी.आई.भवन निर्माण के लिए जो कुर्रे रोड में जमीन निर्धारित है वहीं पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराने के साथ नगर के अंतर्गत मठा तालाब का जीर्णोधार,हिरण नदी पर स्टॉफ डेम,मैरिज गार्डन कम पार्क निर्माण कार्य, गौशाला निर्माण कार्य, 6 नग छोटे कचड़ा वाहन की राशी प्रदान करने, साप्ताहिक बाजार हेतु होकर्स जोन निर्माण कार्य के लिए राशि, रोड डिवाइडर आदि कार्य हेतु शेष राशि, विद्युत पोल सिफ्टिंग हेतु राशि 2 करोड़ की मांग ओर प्रस्ताव, साथ मे बरजा रोड निर्माण,मनसकरा तक रोड डिवाइडर एवं सेंटर लाईट,सिहोरा स्टेडियम के पीछे का विस्थापन एवं रोड नाली निर्माण कार्य करने की स्वीकृति एवं राशी का आवंटन करने सहित अनेक मांग की गई है। इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

## घर में किया 2500 बौने पौधों का कलेक्शन

# जीवनभर की कमाई पेड़-पौधे के लिए लगा दी 'बोनसाई मैन' ने

एजेंसी ▶▶| जबलपुर

अभी तक आपने सुना होगा कि लोग एक दो या फिर दर्जन भर पेड़-पौधे अपने घरों में लगाते हैं। लेकिन, आज हम बात कर रहे हैं जबलपुर के उस 76 वर्षीय शख्स की, जिन्होंने अपने जीवन भर की जमा पूंजी से 2,500 बोनसाई मतलब पौधों का कलेक्शन घर में किया है। अपने घर का नाम भी बोनसाई बसेरा दे दिया है। अब बुजुर्ग इन्हीं ढाई हजार बोनसाई के पौधे को अपने बच्चों की तरह पालन पोषण करते हैं। जबलपुर के बिजली विभाग से रिटायर्ड 74 वर्षीय सोहनलाल द्विवेदी पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब उन्हें पूरे जबलपुर में 'बोनसाई मैन' के नाम से जाना जाने लगा है। खास बात यह है कि इन्होंने 40 वर्ष की अपने जीवनभर की जमा पूंजी से बोनसाई पौधे का कलेक्शन तैयार किया है। जिसमें 40 से अधिक प्रजातियां हैं। जिसमें मोसंबी, नारंगी, संतरा बरगद, पीपल, कैक्टस, अशोक जैसे सजावटी पौधे भी हैं।



### लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने का दावा

उन्होंने दावा किया है कि देशभर में सबसे ज्यादा बोनसाई पौधे का कलेक्शन उनके पास है। यह जल्द ही रिकॉर्ड लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज होगा। लिहाजा, सोहनलाल पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। प्रकृति प्रेमी सोहनलाल ने बोनसाई के बारे में जानकारी दिल्ली, कोलकाता, मुंबई जैसे बड़े-बड़े महानगरों में जाकर ली है। साथ ही इसकी ट्रेनिंग भी ली है, जिसके बाद घर में ही बोनसाई का कलेक्शन तैयार हो गया।

### अखबार में छपी एक खबर से मिली प्रेरणा

उन्होंने बताया कि बिजली विभाग में पदस्थापना के दौरान जब वह अखबार पढ़ रहे थे, तब बोनसाई लगाने की प्रेरणा मिली थी। जिसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी नीलिमा द्विवेदी से भी चर्चा की थी। लेकिन, पत्नी ने साथ नहीं दिया है। क्योंकि, इससे अर्निंग नहीं होनी थी। बावजूद इसके लगन और शौक होने के चलते घर की छत में धीरे-धीरे बोनसाई का कलेक्शन करने लगे। बोनसाई को देखकर उन्हें भोपाल भी बुलाया गया। यहां कलेक्शन देख कर सब दंग हो गए थे। लोग मिलने के लिए लाइन लगाए थे। इस दृश्य को देखकर पत्नी का मूड बदल गया और पत्नी भी इस काम में हाथ बंटाने लगी। लिहाजा अब पति-पत्नी दोनों ही मिलकर ढाई हजार बोनसाई पौधे को अपने बच्चों की तरह पालन-पोषण करते हैं।

### घर में रखी है सैकड़ों खाद की बोरी

प्रकृति प्रेमी सोहन लाल बताते हैं कि उनके घर में भले ही राशन की बोरियां कम आए, लेकिन, खाद जरूर आती है। यह बानगी उनके घर में रखी हुई सैकड़ों खाद की बोरी देखकर समझ आती है। यहां उन्होंने अपने घरों के रैक में साथ ही घर के बाहर भी सैकड़ों बोरी खाद की रखी हुई है। इतने पौधे और खाद की बोरी देखकर घर में मानो लगता है, जैसे किसी प्रकार की नर्सरी खुली हुई हो। यह काम इतना सरल नहीं जितना दिखाई देता है। यह उन लोगों के लिए भी मैसेज है, जो अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को काट देते हैं। जबकि, दूसरी तरफ एक बुजुर्ग अपनी जमा पूंजी से प्रकृति को उसका कर्ज लौट रहे हैं।

# लाइफस्टाइल ने की सीज़न की सबसे बड़ी सेल की घोषणा

**मुंबई।** भारत के प्रमुख फैशन संगमों में से एक लाइफस्टाइल बहुप्रतीक्षित बिक्री लाइफस्टाइल सेल की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इस बहुप्रतीक्षित बिक्री लाइफस्टाइल सेल में खरीदार नवीनतम स्टाइल पर 50 प्रतिशत की छूट पा सकते हैं जिसमें शीर्ष फैशन ब्रांड अग्रणी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड से नवीनतम रुझानों और फैशन विकल्पों के व्यापक चयन के साथ लाइफस्टाइल सेल फैशन के प्रति उत्साही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। वार्डरोब लाइफस्टाइल कलेक्शन वसंत-ग्रीष्मकालीन अनुभूति का सबसे अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसमें पुष्प प्रिंट और हल्के रंग, स्टाइलिश वर्गीकरण में ट्रेंडिंग शिफ़ली और क्रॉशिया ड्रेस, विंटेज ब्लूम्स प्रमुखता से शामिल है। कोर्ड-सेट, महिलाओं के लिए स्टाइलिश डेनिम ट्रेंड, और मुद्रित शर्ट की एक विस्तृत श्रृंखला, बिल्कुल नई ढीली पुरुषों के लिए फिट पैंट और अनोखी टीज़ रोमांचक छूट पर उपलब्ध हैं। इस मौसम में गर्मी बढ़ाते हुए कूल दिखने के लिए फ़ैशन प्रेमी निश्चिंत हो सकते हैं।

लाइफस्टाइल की बिक्री ट्रेंड सेटर्स के लिए नवीनतम रुझानों की खरीदारी करने का एक शानदार अवसर प्रस्तुत करती है। मेलेंज, जिंजर, फोर्का, कोड, एएनडी, बीबा, ग्लोबल सहित 100 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड घरेलू, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, पार्क एवेन्यू, पेपे जींस, प्यूमा, एडिडास, फॉसिल, अरमानी एक्सचेंज, मेबेलिन, लोरियल और कई अन्य परिधान, सौंदर्य प्रसाधन, घड़ियाँ, सुगंध आदि आकर्षक कीमतों पर जूते, हैंडबैग और सहायक उपकरण मौसमी आवश्यक वस्तुओं में से अपनी पसंद का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एसबीआई क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एक विशेष ऑफर है, जिन पर न्यूनतम खरीदारी रु.7000 पर तत्काल 5 प्रतिशत की छूट मिलती है, जिस पर नियम एवं शर्तें लागू है। लाइफस्टाइल सेल सभी लाइफस्टाइल स्टोर्स, एंड्रॉयड और आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए लाइफस्टाइल ऐप ऑनलाइन www.lifestylestores.com पर उपलब्ध है।

lifestyle YOUR STYLE. YOUR STORE.

ज्ञातव्य है कि लाइफस्टाइल अपने नवीनतम रुझानों के लिए भारत का अग्रणी फैशन कंपनी नाम से जानी जाती है। दुबई स्थित खुदरा बिक्री एवं आतिथ्य समूह - द लैंडमार्क ग्रुप, लाइफस्टाइल कई श्रेणियां लाता है जिसमें एक ही जगह पर सुविधा के साथ पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के परिधान, जूते, हैंडबैग, फैशन सहायक उपकरण एवं सौंदर्य शामिल हैं। जीवनशैली सहज और परेशानी मुक्त खरीदारी प्रदान करती है।

# नवोदय विद्यालय के व्याख्याता यू-ट्यूब से पढ़ा रहे गणित

**जबलपुर/रायपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय ढोंगरगढ़, राजनंदगाँव के व्याख्याता अशोक कुमार बिसेन ने नवाचार कर नई शिक्षा नीति के तहत गणित को सरलता से समझाने के लिए मॉडल विकसित कए हैं। उनके इन मॉडलों से जहाँ बच्चे आसनी से गणित समझ रहे हैं, वहीं उनके इन मॉडलों की देशभर में सराहना हो रही है। श्री बिसेन बताते हैं कि गणित एक सरल विषय है, इसके बाद भी बहुत से बच्चों को गणित समझ नहीं आती है। ऐसे बच्चे आसानी से गणित समझें, इसके लिए मॉडल के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्री बिसेन यू ट्यूब के माध्यम से देश भर के बच्चों को गणित पढ़ा रहे हैं। उनके निर्देशन में तैयार किए गए मॉडल देख बच्चों को भी आसानी से गणित समझ आ रही है।





### दो तरह के किए जा रहे दावे

# खत्म नहीं हुआ है एलियन ममी का विवाद

**न्यूयार्क।** पेरू में मिले दो एलियन के शवों का विवाद अभी थमा नहीं है। एक मैक्सिकन पत्रकार जो एलियन शवों के कब्जे का दावा कर रहा है, वह उनकी प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए अमेरिकी और यूरोपीय वैज्ञानिकों से पुष्टि करवाने का प्रयास कर रहा है और इस मामले अब कानूनी लड़ाई लड़ने की तैयारी है। वहीं, बहुत से पुरातत्वविद, इतिहासकार और विशेषज्ञ अब भी इन तथाकथित शवों के एलियन होने पर संदेह जता रहे हैं।

पिछले मार्च में शवों पर एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड डेटा सामने आने के बाद से पेरू से दो नई खोजी गई 'एलियन' ममियों ने विवाद की लहरें पैदा कर दी हैं, पुरातत्वविदों को डर है कि वे कब्रों पर हमला करने वालों द्वारा खोदे गए प्राचीन मानव हो सकते हैं।

पत्रकार और यूएफओ शोधकर्ता जैमे मौसन ने डेलीमेल डॉट कॉम से पुष्टि की कि अधिक गहन 'विश्लेषण किए जा रहे हैं' और वह पेरू की सरकार पर शवों को अमेरिका में अधिक उन्नत प्रयोगशालाओं में भेजने के अधिकार के लिए मुकदमा कर रहे हैं।

मौसन, जिनके शोध ने लगभग एक दशक तक विवाद खड़ा किया है, ने यह विचार पेश किया है कि ममियां एलियन-मानव 'हाइब्रिड' हो सकती हैं, उनके वैज्ञानिक सहयोगियों ने घोषणा की है कि नए नमूनों में '30 प्रतिशत अज्ञात' डीएनए है। लेकिन, आलोचक उनके दावों पर संदेह जताते रहते हैं। लैटिन अमेरिकी इतिहासकार क्रिस्टोफर हेनी ने डेलीमेल डॉट कॉम से कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि वे मानव जैसे हैं। उन्हें लगता है कि वे मानव हैं।' वहीं, मौसन और उनके सहयोगियों ने स्पष्ट रूप से विदेश में व्यापक वैज्ञानिक रुचि के लिए जोर दिया है। वे मेक्सिको की कांग्रेस के समक्ष एक विवादास्पद प्रस्तुति कर चुके है और उनका पेरू के संस्कृति मंत्रालय के साथ टकराव भी हो चुका है।

मौसन का अपने आलोचकों के साथ टकराव पिछले अप्रैल में अपने सबसे गर्म क्षण पर पहुंच गया जब पेरू में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस ने प्रदर्शन पर रखे गए नए ममीकृत शवों में से एक को जब्त करने के इरादे से छापा मारा, जिसे 'मोंटसेराट' कहा जाता है।

# 16 लाख की इनामी दो महिला माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



माओवादियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत महाराष्ट्र गढ़चिरौली पुलिस बल के समक्ष दो महिला माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादियों पर 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। माओवादियों के खिलाफ पुलिस द्वारा प्रभावी रूप से अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत महाराष्ट्र के जिला गढ़चिरौली में पुलिस के समक्ष दो इनामी महिला माओवादी बाली ऊर्फ रामबत्ती ऊर्फ झरीना नरोटे (28), प्लाटून पार्टी कमिटी सदस्य, एरिया कमिटी सदस्य कंपनी क्र. 10, झारेवाडा जिला गढ़चिरौली व शशीकला ऊर्फ चंद्रकला ऊर्फ सुनंदा ऊर्फ मनिषा ऊईके (29), प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य एरिया कमेटी सदस्य कंपनी क्र. 10 कटेझरी जि. गढ़चिरौली ने गढ़चिरौली पुलिस बल के सामने आत्मसमर्पण किया है। उक्त माओवादियों पर महाराष्ट्र सरकार ने 16 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

दर्ज हैं कई अपराध

# श्रीत्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति ने 1072 को कराया माता वैष्णो देवी का दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

आस्थावान भक्तों, वयो वृद्धों को श्रवण कुमार की भांति सेवाभावना के साथ सफल सुरक्षित, शानदार एवं यादगार यात्रा कराते आ रही श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति ने पहली बार मां वैष्णो देवी की अविस्मरणीय यात्रा कराकर कीर्तिमान रच दिया है। 8 से 14 जून तक चली इस यात्रा में 1072 श्रद्धालुओं ने स्पेशल ट्रेन से यात्रा के सुखद अनुभवों के साथ अपना जीवन धन्य बनाया। जम्मू के कटरा स्थित माता वैष्णो देवी का मंदिर हर कष्टों का निवारण करने वाली सुखद एवं भयमुक्त जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। जिनको माता का बुलावा आता है, वही मां वैष्णो देवी के दरबार पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गर्मियों की छुट्टियों के बीच माता के भक्तों की इसी दर्शन लालसा को बेहद किफायती दर में पूरा कराने के संकल्प के साथ श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति ने 8 से 14 जून तक 1072 श्रद्धालुओं के जत्थे को पहली बार माता वैष्णो देवी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से पावन यात्रा कराई। जिसमें न केवल माता वैष्णो देवी का पावन एवं रमणीय त्रिकुटा पर्वत का दर्शन एवं दीदार कराया, वरन देश की पावन धार्मिक स्थलों मथुरा, वृंदावन एवं हरिद्वार में भी उनका दर्शन कराया। माता वैष्णोदेवी साप्ताहिक पावन यात्रा की शुरुआत रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से 8 जून को शुरू हुई।

■ स्पेशल ट्रेन से पहुंचे मथुरा-वृंदावन व हरिद्वार

जो रायपुर, उसलापुर, शहडोल, कटनी होते हुए माता वैष्णो देवी मंदिर दर्शन के लिए रवाना हुई। सर्वप्रथम श्रद्धालुओं को 9 जून को मथुरा वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली द्वापरयुग का कारागार, वृंदावन में प्रेम मंदिर, कीर्ति मंदिर बांके बिहारी मंदिर, बरसाना मंदिर आदि दर्शनीय एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का दीदार हुआ। 10 जून को हरिद्वार में श्रद्धालुओं के जत्थे को मनसा देवी मंदिर, चंडी देवी, माया देवी, श्री गंगा माता मंदिर में दर्शन लाभ एवं हरकी पोंडी में गंगा आरती में शामिल होने का सौभाग्य मिला। 11 जून को जम्मू कश्मीर के कटरा में श्रद्धालुओं को परमानंद की अनुभूति हुई।

### 35 वर्षों में पढ़ चुके हैं 35 हजार पुस्तकें अमन झा

**नई दिल्ली।** मधुबनी में एक ऐसे शख्स हैं, जो किताब पढ़ने के लिए सारी हदें पार कर दी। पिछले चार वर्षो से इतनी पुस्तकों की पढ़ाई कर ली कि इनको इस कार्य के लिए लगातार सम्मानित किया जा रहा है। जी हां, जिस शख्स की बात कर रहे हैं उनका नाम अमन कुमार झा है। दरअसल, अमल रोजाना किताब के लिए लाइब्रेरी जाते हैं और पुस्तक इश्यू कराकर पढ़ते हैं। वहीं, साल के अंत में परीक्षा ली जाती है। इसमें पिछले चार वर्ष से अमल प्रथम स्थान हासिल कर रहे हैं और लगातार सम्मानित होते आ रहे हैं।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16/ जुलाई)

**फायनेंस**

फाइनेंस- लोन ही लोन Bajaaja finance द्वारा पर्सनल लोन, प्रॉपर्टी लोन, आधार लोन, घर बैठे आसान किस्तों में प्राप्त करें 2% ब्याज 30% छूट धोखेबाजों से सावधान किसानों को विशेष छूट हेल्पलाइन नंबर:- 09821683601, 09319112391 (रायपुर /30 / जून/24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5556



**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

**शब्द पहेली -5555 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5567

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5566 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |



# मुंबई के पॉश इलाके में खरीदा नया अपार्टमेंट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई हिट फिल्मों में योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने अब मुंबई के पाली हिल के आलीशान इलाके में एक नया अपार्टमेंट खरीदा है। स्क्वायर याड्र्स द्वारा पोस्ट किए गए संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, उन्होंने 9.75 करोड़ रुपए में यह संपत्ति खरीदी है। उनका नया घर लगभग 1,027 स्क्वायर फीट का है और अभिनेता इसमें रहने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 25 जून को, इसकी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके लिए आमिर ने 30 हजार रुपए की रजिस्ट्रेशन फीस और 58.5 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी का पंजीकरण शुल्क दिया है।



लाइफ Style

# सुहाना खान

## रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ पार्टी करती दिखीं

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपनी ड्रेस और लुक्स की वजह से तो कभी अपने रिलेशनशिप की चर्चाओं की वजह से। सुहाना ने 'द आर्चीज' से अभिनय के क्षेत्र में डेब्यू किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब सुहाना खान शाहरुख खान के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी। इस बीच सुहाना को लंदन में अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया है। दरअसल, सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के डेटिंग की अफवाहें तब से चल रही हैं जब से उन्होंने 'द आर्चीज' की शूटिंग की है, तब से इन्हें कई बार एक साथ देखा गया है। सुहाना और अगस्त्य नंदा की डेटिंग की अफवाहों को तब हवा मिल गई जब दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें दावा किया गया कि दोनों स्टार किड्स को एक साथ लंदन के एक क्लब में पार्टी करते हुए देखा गया।

दोनों एक-दूसरे के साथ पार्टी का आनंद उठाते हुए नजर आएं। इससे प्रशंसकों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि वे दोस्त से कुछ ज्यादा हैं। एक फैन पेज ने ट्विटर पर सुहाना की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा कीं। वीडियो को साझा करते हुए दावा किया गया कि इसमें शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान एक नाइट क्लब में दिख रही हैं। उनके सामने अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा काले रंग की शर्ट में खड़े हैं और उनके चेहरे पर एक लंबी मुस्कान दिख रही है।

हॉलीवुड मसाला




# मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे। वहीं लॉस एंजिल्स की अदालत ने एक दस्तावेज जारी करते हुए बताया कि अपने मृत्यु के समय गायक भयंकर रूप से कर्ज में डूबे हुए थे। उनपर 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा का बकाया था। गायक 25 जून 2009 को इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे। माइकल जैक्सन की मौत 50 वर्ष की आयु में लंदन के विस्तारित 'दिस इज इट' रेजीडेंसी की तैयारी के दौरान हो गई थी। जो जुलाई 2009 से मार्च 2010 तक चलने वाली थी।




# अब नहीं टूटेगा मर्लिन मुनरो का घर

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल मर्लिन मुनरो के लॉस एंजिल्स स्थित घर को लॉस एंजिल्स सिटी काउंसिल द्वारा बुधवार को ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक नामांकन में मंजूरी दी गई है। इस पदनाम का उद्देश्य इस ऐतिहासिक स्थल को टूटने से बचाने में मदद करना है। दरअसल, मुनरो ने जिस घर में आखिरी सांस ली थी, उसे ब्रिना मिलस्टीन और उनके पति, रियलिटी टीवी निर्माता रॉय बैंक ने पिछले साल खरीद लिया था, जिसे वह तोड़ना चाहते थे, लेकिन अब इसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक का नाम दे दिया गया है। एल.ए. कंजर्वेंसी ने एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेंटवुड में मर्लिन मुनरो का घर अब एक ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्मारक है! एल.ए. सिटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से मर्लिन मुनरो के अंतिम घर के लिए नामांकन को मंजूरी दे दी।



# कश्मीरी होने पर लोगों ने मारे ताने


**नई दिल्ली।** हिना खान बीते 15 सालों से एक्टिंग की दुनिया में काम कर रही हैं। वह टीवी की दुनिया की महंगी एक्ट्रेस में गिनी जाती हैं। लेकिन एक्ट्रेस बनना हिना का पहला सपना नहीं था। एक्ट्रेस बनने से पहले वह कुछ और ही बनना चाहती हैं, लेकिन किस्मत ने उन्हें एक्ट्रेस बना दिया। उसे लोगों ने कश्मीरी होने पर ताने भी मारे। हिना खान ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में पॉपुलर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से की थी। इसी सीरियल की वजह से उन्हें घर-घर में पहचान मिली थी। उन्होंने बताया था कि एक प्रोजेक्ट के हाथ से इसलिए निकल गईं, क्योंकि उनका रंग कश्मीरी लड़की लड़की जैसा नहीं था। उस प्रोजेक्ट में उन्हें कश्मीरी लड़की का रोल प्ले करना था। हालांकि उन्हें ये कहकर मना कर दिया गया था कि वो कश्मीरी नहीं दिखती हैं।



# आयुष्मान ने ताहिरा पर जताया गर्व

**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित फिल्म 'शर्मा जी की बेटी' के लिए उन पर गर्व जताया है। आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा अक्सर एक दूसरे को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करते हुए दिखाई देते हैं। ताहिरा की निर्देशन में बनी उनकी डेब्यू फिल्म 'शर्माजी की बेटी' की 28 जून को प्रीमियर हुई और अभिनेता ने अपनी पत्नी की उपलब्धि पर गर्व जताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पत्नी ताहिरा कश्यप की प्रशंसा करते हुए तस्वीरें पोस्ट कीं। जिसमें की बचपन की तस्वीर भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य तस्वीरें इस पोस्ट में साझा की हैं। ताहिरा के निर्देशन में बनी फिल्म के बारे में बात करते हुए लिखा, 'आपकी आत्मा हर उस चीज में झलकती है जिसे आप छूती हैं, यही वजह है कि 'शर्माजी की बेटी' इतनी खास फिल्म है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस के इन प्रतियोगियों पर लगा फेक शादी रचाने का आरोप

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कोई शक नहीं है कि यह सबसे विवादित शो में से एक है। सीजन 3 में भी एक से बढ़कर एक प्रतिभागी आए हैं। शो की शुरुआत से ही बीबी हाउस में बवाल मचा हुआ है। वहीं, इस शो के कुछ पूर्व प्रतियोगी ऐसे भी रहे हैं, जिन पर टीआरपी के लिए नकली शादी रचाने का आरोप लग चुका है। इन चर्चित चेहरों ने टीआरपी के लिए नकली शादी रचाई और आगे जाकर मुकर गईं। इस तरह ये हीरोइनें नेशनल टेलीविजन पर शादी का मजाक उड़ा चुकी हैं। इस लिस्ट में शहनाज गिल से लेकर राखी सावंत तक शामिल हैं। शहनाज गिल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। शो के होस्ट सलमान खान, शहनाज को पंजाब की कटरीना कैफ कहते हैं। वहीं, 'बिग बॉस 13' शो के खत्म होते ही शहनाज गिल ने अपना स्वयंवर रचाया था। शो में सना ने प्रतियोगियों से खूब मेहनत कराई। हालांकि, फिनाले में शहनाज ने किसी को भी चुनने से इनकार कर दिया, और शादी से मुकर गईं। ऐसा करने के बाद शहनाज पर आरोप लगा कि उन्होंने महज फेम के लिए यह ढोंग रचा था। जसलीन मथारू और अनूप जलोटा ने बतौर गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड 'बिग बॉस' शो में एंट्री ली थी।

# कलाकारों का नहीं मिला बकाया निर्माताओं को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'लाल बनारसी' के कलाकार सावी ठाकुर, गौरी चित्रांशी और कुलदीप सिंह ने अपने पूरे पैसे का भुगतान न होने के चलते निर्माता संतोष कुमार और रोशेल सिंह को नोटिस भेज दिया है। इस शो का प्रसारण मई 2023 में शुरू हुआ था और इस साल मई के दूसरे हफ्ते में खत्म हो गया था। शो के एक और अभिनेता कुलदीप सिंह के मुताबिक उन्होंने दिसंबर से मार्च तक शूटिंग की थी और उन्हें इसके लिए 4,70,000 रुपए मिलने थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टीवी इंडस्ट्री में आमतौर पर शो शुरू होने के 90 दिन बाद पैसा मिलना शुरू होता है, लेकिन लाल बनारसी के निर्माताओं ने इसे 120 तक खींच दिया और उसके बाद भी समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा था। कुलदीप ने कहा कि उन्हें घर का लोन भरने के साथ-साथ बाकी की जिम्मेदारियों के लिए भी पैसे की जरूरत है और कोई दूसरा रास्ता नहीं होने के कारण उन्होंने निर्माता को कानूनी नोटिस भेज दिया है।



# छात्रों का किया मार्गदर्शन नशे से दूर रहने की दी सीख

**मुंबई।** थलपति विजय दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार हैं। वह मुख्य रूप से तमिल फिल्मों में काम करते हैं। हाल में ही वह इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रों को जीवन से संबंधित कुछ कठोर सबक दिए, जो बच्चों को गंभीरता से समझनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई भी कारण हो,मगर किसी भी कीमत पर अपनी पहचान न खोएं। मैं अभी यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे राज्य में नशीले पदार्थों का काफी ज्यादा उपयोग होता है, खासकर युवाओं में इसका बहुत अधिक उपयोग होता है।' एक अभिभावक और एक राजनीतिक संगठन के नेता के रूप में उन्हें इस पर शर्म आती है। मेरा कहना है कि कभी-कभी हमें इन परिस्थितियों से खुद ही खुद को बचाना पड़ता है। हमेशा उन्हें खुद पर नियंत्रण और अनुशासन रखना चाहिए। क्षणिक खुशियां देने वाली चीजों और नशीली दवाओं का सेवन न करें।



# करण ने सोनाक्षी को दिया 'कूल दुल्हन' का टैग



**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने सात साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 23 जून को अपनी शादी की शुरुआत की। उनकी शादी के फंक्शन की तस्वीरों और वीडियो ने जोड़े की खुशी को खूबसूरती से कैद किया। सोनाक्षी और जहीर को उनकी नई शुरुआत के लिए फिल्म इंडस्ट्री से शुभकामनाएं मिलीं। अब, फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया है कि उन्हें उनकी शादी में क्या पसंद आया। उन्होंने सोनाक्षी को 'सबसे कूल दुल्हन' भी कहा। उन्होंने सोनाक्षी के ब्राइडल लुक की तारीफ की और उनकी शादी की सादगी को देखकर हैरान रह गए। करण ने कहा, 'आप जानते हैं कि सोनाक्षी के बारे में मुझे जो सबसे अच्छा लगा, वह यह था कि वह सबसे अच्छी दुल्हन थी। वह मस्त थी। जहीर और सोनाक्षी प्यारे लग रहे थे। वे खुश दिख रहे थे, वे बहुत खूबसूरत लग रहे थे। और कोई तामझाम या दिखावा नहीं था। यह सिर्फ शुद्ध प्रेम और मस्ती थी और यही बात मुझे उनकी शादी में पसंद आई।

# रक्तबीज में एक्शन करते दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर जल्द ही राज और डीके की अगली वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेब सीरीज का नाम 'रक्तबीज' रखा गया है। इसके लिए आदित्य को ऑफर मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एक्शन सीरीज में आदित्य के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में होंगी। 'द नाइट मैनेजर' के बाद आदित्य रॉय कपूर का ओटीटी के लिए दूसरा प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी थी। इसके तुरंत बाद निर्माताओं ने सामंथा को भी इस सीरीज में शामिल कर लिया था। दोनों कलाकारों ने सीरीज के लिए अपनी-अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों इस एक्शन सीरीज के लिए साथ में भी ट्रेनिंग लेगें। खबर के मुताबिक, राज और डीके की जोड़ी फिलहाल फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद ये निर्देशक जोड़ी इस साल अगस्त तक 'रक्तबीज' को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। राज और डीके की फैमिली मैन में भी सामंथा रूथ प्रभु नजर आई थीं। सामंथा रूथ प्रभु ने इस सीरीज को लेकर एक इवेंट में कहा था, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्शन करूंगी। ये मेरे लिए बड़ी जीत है। मुझे नहीं लगा कि मैं सिटाडेल का हिस्सा बनूंगी। मैं राज, डीके, सीता और अमेजन की बहुत आभारी हूं।'

## मांगी चंद दिनों की मोहलत और 2 हफ्तों में रच दिया इतिहास

# डायरेक्टर ने किया रिजेक्ट, रो पड़े पंचम दा

**नई दिल्ली।** म्यूजिक के जादूगर आरडी बर्मन भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन वह आज भी अपने टैलेंट की वजह से पूरी दुनिया पर राज करते हैं। पंचम दा के नाम से मशहूर आरडी बर्मन ने 1960 से 1980 के दशक तक एक्टिव थे। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों सुपरहिट गाने दिए। आरडी बर्मन की चमक ऐसी थी कि उनके जैसा न कोई हुआ और ना कोई होगा। संगीत की दुनिया में दशकों तक राज करने वाले पंचम दा का जन्म 27 जून,1939 को कोलकाता में हुआ था। आरडी बर्मन ने साल 1994 में 4 जनवरी को दुनिया को अलविदा कहा था. आर डी बर्मन को गए हुए 30 साल बीत चुके हैं। हालांकि उनकी यादें और नग्मे आज भी सुर्खियों में रहती हैं। उनकी लाइफ से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात दर्शकों और म्यूजिक प्रेमियों के दिलों में जिंदा है। संगीतकार आरडी बर्मन ने 300 से ज्यादा फिल्मों में म्यूजिक कंपोज किया था। उनके गाने 21वीं सदी के युवाओं की पहली पसंद है। आज भी उनके गाने को फैंस यूट्यूब पर सर्च करके सुनते हैं और खूब एन्जॉय करते हैं।



### पंचम दा ने रिजेक्शन को किया इग्नोर

आईएमडीबी की रिपोर्ट्स के अनुसार, सुपरहिट परिंदा के बाद जब विधु अपनी दूसरी फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' लेकर आए तो उन्हें इस फिल्म के गाने के लिए पंचम दा को अप्रोच किया था। पंचम दा ने बिना देरी किए विधु से वादा किया कि वे उनकी फिल्म में म्यूजिक देंगे। विधु जब अपने गाने के लिए पंचम दा के घर पहुंचे तो उन्होंने अपना पहला गाना 'कुछ न कहो ,कुछ भी न कहो' गीत सुनाया लेकिन विधू इस गाने से खुश नहीं हुए। उन्होंने इस गाने को रिजेक्ट कर दिया। पंचम दा ने इस रिजेक्शन को इग्नोर किया और कुछ नहीं कहा। लेकिन विधु जाते-जाते पंचम दा से कहा- आपके पीछे जो तस्वीर लगी हुई है मुझे उनके जैसे संगीत की तलाश है और मुझे पता है कि वो सिर्फ आप ही दे सकते हैं। पंचम दा पीछे पलटे और अपने पिता सचिन देव बर्मन की तस्वीर की तरफ देखा। वह यह देखकर बहुत भावुक हो गए।

### किसी के पास नहीं जाते थे काम मांगने

1960 से 1980 तक पंचम दा के गानों कहा बॉक्स ऑफिस पर चार्टबस्टर साबित होते थे। वो कुछ लिख देते थे वह हिट हो जाता है। हालांकि 80 का दशक खत्म होते और 90 का दशक आते ही पंचम दा का स्टारडम और जलवा दोनों ही कमजोर पड़ गया था। 90 का दशक आते ही म्यूजिक इंडस्ट्री में एक से एक नए कंपोजर अपनी धाक जमा चुके थे। नदीम -श्रवण ,आनन्द मिलिंद ,शिव हरी ,जतिन-ललित जैसे म्यूजिक कंपोजर को फिल्मों में काफी महत्तव मिलने लगा था। ऐसे में पंचम दा को कम ऑफर मिलने लगे थे। यह समय पंचम दा के लिए काफी कष्टकारी और निराश करने वाला था। हालांकि उनकी एक खूबी थी। वह कभी भी किसी के पास काम मांगने के लिए नहीं जाते थे. लेकिन वह काम की तलाश में बैठे रहते थे. ऐसे में एक दिन अचानक से उन्हें एक बड़ा ऑफर मिला। एक यंग डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म के अप्रोच किया। यह ऐसा मौका था जिस पर पंचम दा को यकीन नहीं हो रहा था कि उनके गानों की आज भी डिमांड होगी। ऐसे में पंचम दा भावुक हो गए। वह खुद को डायरेक्टर के सामने रोक नहीं पाए और रोने लगे थे।

# आशा भोसले की बायोग्राफी लॉन्च पर सोनू निगम ने धोए गायिका के चरण, हुए भावुक

**मुंबई।** शुक्रवार को मशहूर गायिका आशा भोसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' लॉन्च की गई। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उपस्थित रहे। उनके अलावा सोनू निगम, आशाताई की पोती जनाई भोसले भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर गायक सोनू निगम ने आशा भोसले की चरण धोए। आशा भोसले की बायोग्राफी की लॉन्चिंग पर अभिनेता जॉकी श्रॉफ भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आशा भोसले के पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिनेता ने खास अवसर पर गायिका को गमला भेट किया। बुक लॉन्च के अवसर पर सोनू निगम ने कहा, 'देवी मां प्रणाम, मैं बिल्कुल कुछ नहीं कहना चाहता था। लेकिन, मुझे कहा गया है तो मैं यही कहूंगा कि आज सीखने के लिए बहुत से साधन हैं। लेकिन, जब सीखने के लिए कुछ नहीं था तो लताजी और आशाजी थीं। इन्होंने पूरी दुनिया को गाना सिखाया है। जो आपसे सीख सके उनके लिए धन्यवाद। जो सीख रहे हैं, उनके लिए धन्यवाद।



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा मुकाबला

मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर रात 8 बजे

# टी20 वर्ल्ड कप का महासंग्राम आज, 17 साल में पहली बार अजेय रही टीम बनेगी चैंपियन

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन

बारबाडोस। टी20 विश्व कप 2024 की दो फाइनलिस्ट टीमें मिल चुकी हैं। शनिवार को खिताबी मुकाबले में 2007 की चैंपियन भारत का सामना पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम से होगा। यह मुकाबला बारबाडोस में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें इस मैच के लिए तैयार हैं। टी20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी और भारतीय टीम पहले ही संस्करण में चैंपियन बनी थी। तब से लेकर अब तक 17 साल में पहली बार ऐसा होगा कि पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही टीम चैंपियन बनेगी। यह नौवां संस्करण है और पिछले आठ संस्करण में कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई टीम एक भी मैच न गंवाते हुए चैंपियन बनी हो। 2007 से लेकर 2022 टी20 विश्व कप तक चैंपियन बनने वाली टीम ने अभियान के दौरान कोई न कोई मैच जरूर गंवाया है। हालांकि, इस बार न तो दक्षिण अफ्रीका और न ही भारत ने अब तक अपने फाइनल तक के अभियान में कोई मैच गंवाया है।






## 17 वर्षों में पहली बार होगा ऐसा

*अब फाइनल में अजेय टीमों की भिड़ंत होगी। इससे पहले 17 वर्षों में किसी टी20 विश्व कप में कभी ऐसा नहीं हुआ था। वहीं, पिछली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए चैंपियन बनने वाली टीम भी भारत ही है। 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया अजेय रही थी और उसने पूरे संस्करण में कोई मैच नहीं गंवाया था। तब भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को ही शिकस्त दी थी। अब भारत के पास 11 साल बाद इतिहास दोहराने का मौका है।*

## बारिश की संभावना

क्रिकेटप्रेमियों की निगाहें अब बारबाडोस पर टिक गई हैं, जहां आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी लड़ाई होनी है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को बारबाडोस में बारिश की संभावना है। यह संभावना 78% तक जताई गई है, जबकि बादल पूरे दिन छाए रहेंगे।

## दोनों दिन बारिश हुई तो कौन बनेगा चैंपियन ?



अगर शनिवार और रविवार दोनों ही दिन ज्यादा बारिश होती है और मैच रद्द हो जाता है तो फिर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ट्रॉफी शेयर की जाएगी। यानी दोनों टीमें जॉइंट विनर घोषित होंगे।

## रिजर्व डे का प्रावधान

हां, फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है। अगर शनिवार को बारिश के कारण मैच नहीं खेला जाता है तब यह रविवार को खेला जाएगा। आईसीसी ने इस मैच के लिए 3 घंटे 10 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम रखा है।

## भारत का सफर

| तारीख | जगह | खिलाफ | नतीजा |
|---|---|---|---|
| 5 जून | न्यूयॉर्क | आयरलैंड | 8 विकेट से जीता |
| 9 जून | न्यूयॉर्क | पाकिस्तान | 6 रन से जीता |
| 12 जून | न्यूयॉर्क | अमेरिका | 7 विकेट से जीता |
| 15 जून | फ्लोरिडा | कनाडा | मैच रद्द |
| 20 जून | बारबाडोस | अफगानिस्तान | 47 रन से जीता |
| 22 जून | एंटीगुआ | बांग्लादेश | 50 रन से जीता |
| 24 जून | सेंट लूसिया | ऑस्ट्रेलिया | 24 रन से जीता |
| 27 जून | गयाना | इंग्लैंड | 68 रन से जीता |

## दक्षिण अफ्रीका का सफर

| तारीख | जगह | खिलाफ | नतीजा |
|---|---|---|---|
| 3 जून | न्यूयॉर्क | श्रीलंका | 6 विकेट से जीता |
| 8 जून | न्यूयॉर्क | नीदरलैंड | 4 विकेट से जीता |
| 10 जून | न्यूयॉर्क | बांग्लादेश | 4 रन से जीता |
| 15 जून | सेंट विन्सेंट | नेपाल | 1 रन से जीता |
| 19 जून | एंटीगुआ | अमेरिका | 18 रन से जीता |
| 21 जून | सेंट लूसिया | इंग्लैंड | 7 रन से जीता |
| 24 जून | एंटीगुआ | वेस्टइंडीज | 3 विकेट से जीता |
| 27 जून | त्रिनिदाद | अफगानिस्तान | 9 विकेट से जीता |

## भारत ने गंवाए 10 टूर्नामेंट

| वर्ष | टूर्नामेंट और रिजल्ट |
|---|---|
| 2014 | टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में हार |
| 2015 | क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार |
| 2016 | टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार गया |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली हार |
| 2019 | क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार |
| 2021 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारे |
| 2021 | टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से बाहर |
| 2022 | टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में मिली हार |
| 2023 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारे |
| 2023 | क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में हुई हार |

## भारत की टी20 लगातार जीत

| लगातार मैच जीते | कब से कब तक |
|---|---|
| 12 | नवंबर 2021 से फरवरी 2022 |
| 11* | दिसंबर 2023 से जून 2024 |
| 9 | जनवरी 2020 से दिसंबर 2020 |

## खबर संक्षेप



### गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने ड्रॉ खेली बाजियां

**बुखारेस्ट।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे। अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया।

### डब्लूटीएल का तीसरा सत्र दिसंबर में होगा

**अबू धाबी।** विश्व टेनिस लीग (डब्लूटीएल) का तीसरा सत्र 19 से 22 दिसंबर तक यहां एतिहाद एरेना में आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यक्रम में अपने पिछले सत्र में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रे रुबलेव, आर्यना सबलेंका, इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। पिछले सत्र को मेदवेदेव, रुबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली टीम पीबीजी ईगल्स ने जीता था।

# डार्विन का लगातार 7वें मैच में गोल उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

कोपा अमेरिका



डार्विन नुनेज़ ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया, जिससे उरुग्वे ने गुरुवार रात को बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

फ़ैकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज़ ने 21वें मिनट में अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों में 10वें और कुल 25 मैचों में 13वें गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया तथा फेडेरिको वाल्वरडे (81वें मिनट) और रोड्रिगो बेंटानकुर (89वें मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई। उरुग्वे के इस जीत से 6 अंक हो गए हैं और वह सोमवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मैच को ड्रा कराने पर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा।

## पनामा ने अमेरिका को 2-1 से हराया

अटलांटा। टिम वीह को मैच के शुरू में ही रेड कार्ड मिलने के कारण 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे अमेरिका को पनामा से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। जोस फजार्डो ने 83वें मिनट में बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से विजयी गोल किया। इससे पहले फोलारिन बालोगुन ने 22वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। अमेरिका को वीह की कमी खली जिन्हें मैच के 18वें मिनट में साल्वाडोर के रेफरी इवान बार्टन ने रॉड्रिक मिलर के सिर पर मुक्का मारने के कारण रेड कार्ड देकर मैदान से बाहर भेज दिया था।

# शेफाली ने रचा इतिहास, 194 गेंदों पर ठोका सबसे तेज दोहरा शतक

**महिला टेस्ट क्रिकेट : भारतीय टीम ने पहले दिन बनाए रिकॉर्ड 525 रन**

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्डतोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। शेफाली ने सिर्फ 194 गेंद में 205 रन बनाए और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए।

शेफाली ने आस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फरवरी में 248 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। बीस बरस की शेफाली पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक जमाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गई। मिताली ने अगस्त 2002 में टांटन में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 407 गेंद में 214 रन बनाए थे। भारत ने एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का 89 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। इंग्लैंड की महिला टीम ने 1935 में क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट पर 431 रन बनाए थे।







## पहले दिन 500 रन बनानी वाली पहली टीम

शेफाली को इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के लगाए। स्मृति मंधाना का भी टेस्ट क्रिकेट में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 127 रन था। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए यह भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए यह दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। दोनों ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में रिकॉर्ड 292 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

# राजावत और मालविका ने क्वार्टर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| फोर्ट वर्थ




भारत के प्रियांशु राजावत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर यहां चल रहे अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑरलियन्स मास्टर्स 2023 के विजेता और यहां आठवें वरीय राजावत ने हुआंग पर 21-18, 21-16 से जीत दर्ज की।

महिला एकल में सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 15-21, 21-19, 21-14 से हराया। महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इस भारतीय जोड़ी ने दूसरे दौर में चीनी ताइपे की हसीह पेई शान और हंग एन त्जु को 16-21, 21-11, 21-19 से पराजित किया। इस दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाइ मिली थी।

# द्रविड़, रोहित ने किया कोहली का समर्थन

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन



भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि यह स्टाइलिश बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में बड़ी पारी खेलेगा। कोहली ने टी20 विश्व कप के सात पारियों में केवल 75 रन बना पाए हैं। द्रविड़ ने कहा, 'आपने देखा होगा कि जब भी विराट थोड़ा जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं तो हो सकता है कि कुछ अवसरों पर उन्हें सफलता न मिले। मैं इसमें किसी तरह का मिथक नहीं जोड़ना चाहता हूं लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। मुझे उनका रवैया और समर्पण पसंद है।'कप्तान रोहित ने कहा, 'वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोई भी खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजर सकता है। हम समझते हैं कि वह कितना कुशल खिलाड़ी है और हम बड़े मैचों में उनके महत्व को समझते हैं।'

**नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा**

# ओलंपिक के दावेदार मनु डोपिंग मामले में निलंबित

एजेंसी ▶▶| पंचकुला



ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दावेदार माने जा रहे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने प्रतिबंधित स्टेरॉयड के सेवन के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि मनु का पॉजीटिव टेस्ट इस साल अप्रैल में इंडियन ग्रां प्री के दौरान लिया गया था। इससे पहले उन्हें नाडा के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने प्रतिस्पर्धाओं से परे रहने के लिए कहा था।

एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है। वह यहां गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे। लेकिन बाद में जारी की गई सूची से उनका नाम हटा दिया गया। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा, 'ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है।

## मनु का शानदार प्रदर्शन

*मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। मनु विश्व एथलेटिक्स 'रोड टू पेरिस' सूची में 15वें स्थान पर थे और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह पर थे क्योंकि 32 एथलीट पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे। क्वालिफिकेशन की अंतिम तिथि 30 जून है। चोपड़ा और किशोर जेना ने 85.50 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल कर पहले ही ओलंपिक के लिए स्वतः योग्यता हासिल कर चुके है।*

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. अशोक कुमार पुत्र जयपाल** निवासी गॉव साहनी गेट, जाटव महोल्ला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश **2. किशोर उर्फ सेठी उर्फ पंडित पुत्र भारत प्रसाद** निवासी नन्द ग्राम, साहनी गेट जाटव महोल्ला, अशोक का मकान, **थाना साहनी गेट गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** दूसरा पता रानीलाल महोल्ला, गेट न 1, **थाना – महोलपुर जबलपुर सिटी, मध्य प्रदेश FIR. No. 16/19 u/s 25/54/59 Arms Act** के अंतर्गत **थाना : जाफरबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अशोक कुमार 2. किशोर उर्फ सेठी उर्फ पंडित** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अशोक कुमार 2. किशोर उर्फ सेठी उर्फ पंडित** फरार हो गये है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 16/19 u/s 25/54/59 Arms Act थानाः जाफरबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. अशोक कुमार 2. किशोर उर्फ सेठी उर्फ पंडित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**आयुषी सक्सेना Ld. MM**
**कमरा न 07 कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

DP/6884/NE/2024(court matter)

## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र. 05 (E.T.) / निर्माण/न.पा.नि./2022-23 — *निविदा सूचना (द्वितीय काल)* — सतना, दिनांक 26/06/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | निविदा क्रं. व. जारी दि. | टे. क्रं. | कार्य का नाम | वार्ड क्रं. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 05/01 26.06.24 | 2024_UAD _353650_1 | पेवार्स कार्य हेमू कलाणी पार्क | 21 | 9,25,626/- | 18,600/- | 2,000/- | 02 माह |
| 02. | 05/02 26.06.24 | 2024_UAD _353659_1 | पेवर रोड विभिन्न स्थानो में | 40 | 9,66,725/- | 19,400/- | 2,000/- | 02 माह |
| 03. | 05/03 26.06.24 | 2024_UAD _353661_1 | नाली व पुलिया महुआ बस्ती मुख्यमार्ग | 09 | 7,87,189/- | 15,800/- | 2,000/- | 02 माह |
| 04. | 05/04 26.06.24 | 2024_UAD _353663_1 | डबल्यू.बी.एम. रोड अरूण शर्मा के घर के समीप से मणिराज विश्वकर्मा के घर तक | 34 | 6,19,865/- | 12,400/- | 2,000/- | 02 माह |
| 05. | 05/05 26.06.24 | 2024_UAD _353665_1 | नाली/पुलिया एवं समस्त कार्य विभिन्न स्थानों में | 31 | 4,53,740/- | 9,100/- | 2,000/- | 02 माह |

शर्ते- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 27/06/2024 समय 15:30 से दिनांक 13/07/2024 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से सबंधित किसी भी प्रकार का संसोधन का प्रकाशन वेबसाईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)**




## हाई कोर्ट ने नगर पालिका निगम से मांगा जवाब

# एम्युजमेंट पार्क के लिए बिना टेंडर कैसे आवंटित कर दी जमीन

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी व न्यायमूर्ति एके पालीवाल की युगलपीठ ने एम्युजमेंट पार्क के लिए बिना टेंडर जमीन आवंटित किए जाने के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में शहरी प्रशासन विभाग के सचिव व नगर पालिका निगम, सीधी के आयुक्त सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब पेश करने चार सप्ताह का समय दिया गया है।



याचिकाकर्ता सीधी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सत्यम शर्मा की ओर से अधिवक्ता हिमांशु मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नगर पालिका, सीधी ने एम्युजमेंट पार्क के लिए किराए पर जमीन का मनमाना आवंटन कर दिया है। नियमानुसार जमीन आवंटन से पूर्व टेंडर आमंत्रित किए जाने थे। लेकिन नगर पालिका निगम ने यह नियत प्रक्रिया पूर्ण किए बिना सस्ती दर पर जमीन आवंटित कर दी। इस वजह से शासन को आर्थिक क्षति हुई है। हाई कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया।

## होमगार्ड सैनिकों की सेवानिवृत्ति आयु के नियमों को हाईकोर्ट में चुनौती

**जबलपुर।** प्रदेश के होमगार्ड सैनिकों की सेवानिवृत्ति आयु के लिए बने नियमों को अपील के जरिए हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। दरअसल, एकलपीठ ने 25 अक्टूबर को 62 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु करने की मांग करने वाली होमगार्ड सैनिकों की याचिकाएं निरस्त कर दी थीं। दमोह की बसंती बाई शर्मा, श्रीलाल शर्मा, बलराम प्रसाद, ओमप्रकाश चौबे व अन्य होमगार्ड सैनिकों ने अपील प्रस्तुत कर मांग की है कि उन्हें भी अन्य विभागों की तरह 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त किया जाए। अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने बताया कि वर्तमान नियम के अनुसार होमगार्ड सैनिकों को 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ती दी जा रही है। अपीलार्थियों ने इस संबंध में संबंधित जिला कमांडेंट होमगार्ड को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। दरअसल, वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य अनुतोष की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए।

## हत्या के प्रयास पर सात वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** प्रधान सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपित रांझी, जबलपुर निवासी दीपक कुमार लोधी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ सात वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। यह राशि प्रतिकर के रूप में पीड़ित दिनेश लोधी को प्रदान किए जाने की राहतकारी व्यवस्था दी गई है। अभियोजन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने 16 फरवरी, 2019 को लक्ष्मी डेयरी, रांझी के समीप रात्रि साढ़े 12 बजे दिनेश लोधी के ऊपर चाकू से प्राणघातक हमला किया था। गंभीर रूप से घायल दिनेश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने काफी प्रयास के बाद उसकी जान बचाई। इधर रांझी पुलिस ने आरोपित दीपक कुमार लोधी के विरुद्ध हत्या के प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर लिया। अदालत ने गवाहों के बयानों के आधार पर दोष साबित पाया। इसी के साथ सजा सुना दी।

## मारपीट पर दो को पांच-पांच साल के कारावास की सजा

### *पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया*

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश एमडी रजक की अदालत ने शराब पीने के लिए 500 रुपये न देने पर मारपीट करने के आरोपित रांझी, जबलपुर निवासी मोहम्मद इस्माइल और मोहम्मद युसूफ खान उर्फ छोटू भाईजान का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोनों को पांच-पांच साल के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से एजीपी सुशील सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रार्थी रामानुज सिंह, गांधी व्यायाम शाला, दुर्गा मंदिर के पीछे निवास करता है। नौ अप्रैल, 2022 को रात साढ़े 10 बजे आरोपित उसके घर के सामने आए। वे उससे शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग करने लगे। इन्कार करने पर आगबबूला हो गए। दोनों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। यही नहीं डंडे से सिर पर प्रहार भी कर दिया। इसके बाद दनादन डंडा बरसाने लगे। इससे रामानुज बुरी तरह घायल हो गया। पिता को पिटता देख पुत्र सनी सिंह परिहार बीच-बचाव करने पहुंच। इस पर दोनों आरोपितों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया गया। इससे उसे भी चोटें आईं। पत्नी माधुरी सिंह भी बीच-बचाव करने आई। अंततः आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से रफूचक्कर हो गए। घटना की शिकायत रांझी थाने में की गई। जिसके बाद अपराध कायम कर आरोपितों की गिरफ्तारी की गई। अदालत ने गवाहों के बयानों पर गौर करने के बाद दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुना दी।

## डुमना हादसे को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर हलचल

# मुंबई से जांच करने आएंगे तकनीकी एक्सपर्ट

**जबलपुर।** गुरुवार को जबलपुर एयरपोर्ट में हुआ हादसा राष्ट्रीय सुर्खियो मे नजर आया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जहां इस मामले मे ट्वीट कर सवाल उठाया तो वही एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया ने मामले मे खेद जताया। अब इस मामले मे जांच के लिये आज मुम्बई से तकनीकी एक्पर्ट का जांच दल आएगा, जो इस पूरे मामले की तकनीकी पहलुओ से जांच करेगा और फिर इसमे जिम्मेदारी तय होगी। गौरतलब है कि डुमना एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर लगी कैनोपी (एक तरह की लोहे की कृत्रिम छत) गुरुवार की सुबह फट गई थी। भरा पानी तेज रफ्तार से नीचे खड़ी कार की छत पर गिरा था। 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री ने नरेन्द्र मोदी के हाथों वर्चुअली डुमना एयरपोर्ट का लोकार्पण हुआ था। करीब 450 करोड़ रुपये की लागत से इस एयरपोर्ट का विस्तारीकरण का कार्य हुआ है। टर्मिनल भवन बनाने में करीब 100 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इस भवन के बाहर लगी कैनोपी के लिए एक करोड़ रुपये की राशि दिल्ली की केजीएन कंपनी के द्वारा करवाया गया था।




### 5 साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी

केजीएन कंपनी के पास डुमना विमानतल मे कैनोपी लगाने के बाद इसके रखरखाव का जिम्मा है। निर्माण के बाद पांच साल तक कैनोपी में होने वाली समस्या के लिए कंपनी प्रबंधन की तरफ से काम करना होगा। एयरपोर्ट प्रबंधन ने कैनोपी बनाने वाली कंपनी से ड्राइन डिजाइन से लेकर तकनीकी पहलुओं को लेकर जांच करने के लिए बुलाया है। इसके लिए विशेषज्ञों का दल बुलाया गया है जो यह जांच करेगा कि आखिर किस वजह से पानी की निकासी पर्याप्त नहीं हुई और यह हादसा हुआ। जांच दल आज जबलपुर एयरपोट पहुंचेगा।

## बंद रहा कटंगी नगर, कलेक्टर, एसपी के आश्वासन के बाद खुला मार्केट

# पहाडी में जानवरों के जो अवशेष मिले हैं वो सभी गौवंश के हैं : हिंदूवादी संगठन

**जबलपुर।** हिन्दूवादी संगठनो के आव्हान पर कटंगी शुक्रवार को बंद रहा। हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि तुल्लाबाबा पहाडी में जानवरों के जो अवशेष मिले है, वो सभी गौवंश के है, प्रशासनिक जांच मे लापरवाही की गई और दोषियो को बचाया जा रहा है। जिसके विरोध में शुक्रवार को कटंगी बंद का आव्हान किया गया। व्यापारियों ने भी इस मामले में समर्थन देते हुए बाजार बंद रखा। सुबह से दुकानों के शटर नहीं खुले। जानकारी मिलते ही कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी आदित्य प्रताप सिंह के साथ कटंगी नगर परिषद कार्यालय में पहुंचे और हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत की।



कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि इस मामले की दोबारा जांच करवाई जाएगी और इस बार जांच स्वयं पुलिस अधीक्षक करेगे। जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। कलेक्टर के आश्वासन के बाद बंद वापस हुआ। दोपहर बाद व्यापारियों ने बाजार खोल दिया। ज्ञापन देते समय बजरंग दल के सुमित सिंह ठाकुर, रघुराज यादव बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय व्यापारी आमजन उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि कटंगी के मोहला गांव के टुल्ला बाबा की पहाड़ी में 57 अवशेष जानवरों के मिले थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्रशासन ने इसकी जांच करवाई और 24 घंटे में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट मे कहा गया सिर्फ पांच गोवंश है बाकी दूसरे जानवर है। वही रिपोर्ट मे यह भी कहा गया कि पहाड़ी पर लम्बे समय मरे हुये जानवरो को फेका जाता रहा है, इसलिये संभावना है इनमे भी बहुत से जानवरो के अवशेष वही है। जिससे बजरंग दल सहित अन्य हिन्दूवादी संगठन भड़क उठे और प्रशासन पर मामले मे लीपापोती का आरोप लगाते हुये शुकवार को कटंगी बंद का आव्हान किया। हालांकी कलेक्टर के आश्वासन के बाद बंद शाम होने से पहले पूरी तरह समाप्त हो गया।

## हारवेस्टर का सौदा कर की धोखाधड़ी

# *पटियाला की कंपनी ने किसान के 16 लाख हड़पे*

**जबलपुर।** पंजाब पटियाला के एक कंपनी ने जबलपुर के शहपुरा क्षेत्र के एक किसान को हारवेस्टर बेचने के नाम पर 16 लाख रुपए लिए और हड़प लिए। न हावेस्टर मिला और न ही रुपए वापस किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टिकरी शहपुरा निवासी 38 वर्षीय सोबरन सिंह लोधी ने 17 सितंबर 2022 को अमर इंजीनियरिंग वर्पस पटियाला रोड नाभा जिला पटियाला पंजाब के संचालक अमर इंजीनियरिंग कंपनी से 930 कंबाईन हारवेस्टर खरीदने का सौदा मोबाईल के माध्यम से किया था। इंजीनियरिंग कंपनी ने 16 लाख रुपए के सौदा तय किया और 6 लाख रुपए पहले जमा कराए, सौदे में यह बात भी शामिल थी कि हारवेस्टर घर पहुंचाकर जबलपुर आरटीओ जबलपुर से रजिस्ट्रेशन कराकर देना होगा। सारी बातें तय होने के बाद सोबरन सिंह ने 20 सितंबर 2022 को अमर इंजीनियरिंग कंपनी पटियाला जाकर 6 लाख रुपए जमा कर रसीद भी प्राप्त की। इसके बाद उसने 10 लाख रुपए का लोन सेंट्रल बैंक में स्वीकृत कराकर शहपुरा बैंक के माध्यम से आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड नाभा पंजाब के खाता में जमा किये है लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी उसे हावेस्टर नहीं मिला और न ही मोबाइल पर संपर्प हो पा रहा है। इसके बाद वह खुद पटियाला गया तो वहा आफिस में संचालक नहीं मिला। इस तरह अमर इंजीनियरिंग के संचालक ने उसके 16 लाख रुपए हड़प लिए। सोबरन सिंह लोधी की लिखित शिकायत पर जांच करने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# आकांक्षा योजना से कराई जायेगी जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी

## *टैबलेट पर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करेंगे जनजातीय विद्यार्थी*

**जबलपुर।** जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों की उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से फ्री कोचिंग प्रदान करेगा। विभाग ने जनजातीय विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं लॉ की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी करवाने के लिये आकांक्षा योजना बनाई है। जनजातीय विद्यार्थी इन प्रतियोगी परिक्षाओं में अपने शासकीय शिक्षकों की मदद लेकर स्वयं तैयारी कर विशेष स्थान प्राप्त कर रहे हैं। आकांक्षा योजना में 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जाते हैं। आवेदक विद्यार्थियों का कोचिंग संस्था द्वारा ली गई प्रवेश परीक्षा में मिले प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट पर वांछित कोचिंग के लिए चयन किया जाता है।

### प्रदेश के 800 जनजातीय विद्यार्थी पाएंगे निशुल्क कोचिंग

आकांक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा से 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा। जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर में एवं क्लैट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना गया है, इनमें 200-200 विद्यार्थियों को चुना जाएगा।

### टैबलेट से पढ़ेंगे जनजातीय विद्यार्थी, मिलेगी आवासीय सुविधा

आकांक्षा योजना में कोचिंग के लिए चयनित विद्यार्थियों को कोचिंग सेंटर पर भी आवासीय सुविधा दी जाएगी। साथ ही उन्हें इसकी तैयारी से संबंधित पुस्तकें और स्टेशनरी सहित मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। इन विद्यार्थियों को टेबलैट भी दिया जाएगा, जिसके लिए इंटरनेट एवं डाटा प्लान की सुविधा भी निशुल्क प्रदान की जायेगी।

# वकीलों की मूलभूत समस्याएं शीघ्र होंगी दूर : सैनी

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन अधिवक्ता आरके सिंह सैनी ने शुक्रवार को सिवनी के वकीलों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही भरोसा दिलाया कि सभी मूलभूत समस्याएं शीघ्र ही दूर कर दी जाएंगी। इस दौरान जिला बार सिवनी के पूर्व सचिव अधिवक्ता राज गोस्वामी ने एक-एक कर सिवनी के वकीलों को प्रत्येक समस्या रेखांकित की। सैनी ने जिन समस्याओं का त्वरित निराकरण संभव था, उन्हें वरीयता क्रम में रखकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए। जिला बार सिवनी के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता रुद्रदेव रहंगडाले ने इस तत्परता की भूरि-भूरि सराहनी की। दूसरे चरण में सैनी ने सिवनी बार के कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र ठाकुर के निवास पर जाकर उनके स्वर्गीय पिता झाम सिंह ठाकुर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। एक स्वागत समारोह में सिवनी के अधिवक्ता वीरेंद्र सोनकेसरिया, प्रदीप वैस, निर्मल यादव, एसपी डहरवाल, युवराज रहंगडाले, पूर्व सचिव पंकज जैन, पूर्व सचिव दादू निखलेन्द्रनाथ सिंह, रवि राय, जयपाल सिंह बघेल, विशाल तिवारी, अवि यादव, अमित राजा यादव, मुकेश सूर्यवंशी, शुभम बघेल, उत्तम कुर्वे, महेंद्र हरिनखेड़े, अजय दुबे, पंकज राय, महेश लारोकर, शशि शंकर विश्वकर्मा, राजेश नामदेव, योगेंद्र अवस्थी, अनिल बघेल, श्रीकांत यादव, अमोल चौरसिया, पंकज राय, कपिल शर्मा , अभिषेक भगत, रोहित सिह व अभिषेक भारती ने पुष्प मालाओं से अभिनंदित किया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240